


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 153 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.5 2079 **मंगलवार, 16 अगस्त 2022**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## कर्नाटक में हर घर तिरंगा विज्ञापन पर विवाद

बेंगलुरु, 15 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर कर्नाटक में एक नया विवाद पैदा हो गया है। ये विवाद कर्नाटक सरकार द्वारा अखबार में दिए गए विज्ञापन को लेकर है। दरअसल, राज्य सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता सेनानियों की याद में उनकी तस्वीर अखबार के एक विज्ञापन में छपवाई है। जिसमें आजादी दिलाने वाले कई नायकों को जगह दी गई है, लेकिन खास बात ये है कि इस इस विज्ञापन से देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू गायब हैं, जबकि इनकी जगह विनायक सावरकर को जगह दी गई है। कर्नाटक सरकार ने यह विज्ञापन 14 अगस्त को छपवाया था। >12

## पीएम मोदी का लालकिले पर 83 मिनट भाषण

# 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान'



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देश सोमवार को आजादी का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से नौवीं बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी गई। 83 मिनट के अपने भाषण में उन्होंने देश के सामने 5 संकल्प रखे। भ्रष्टाचार, परिवारवाद, भाषा और लोकतंत्र का जिक्र किया। गांधी, नेहरू, सावरकर को यादकर नमन किया।

नारी शक्ति के सम्मान और उनके गौरव की बात करते हुए भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा, मैं एक पीड़ा जाहिर करना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि शायद ये लाल किले का विषय नहीं हो सकता। मेरे भीतर का दर्द कहां कहूं। वो है किसी न किसी कारण से हमारे अंदर एक ऐसी विकृति आई है, हमारी बोल चाल, हमारे शब्दों में.. हम नारी का अपमान करते हैं। क्या हम नारी को अपमानित करने वाली हर बात से मुक्ति का संकल्प ले सकते हैं।

### हमें पंच प्रण लेना होगा, तभी आजादी के दीवानों के सपने साकार होंगे

पीएम ने कहा कि अगर हम अपनी ही पीठ थपथपाते रहेंगे तो हमारे सपने कहीं दूर चले जाएंगे। इसलिए हमने कितना भी संघर्ष किया हो उसके बावजूद भी जब आज हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, तो अगले 25 साल हमारे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज मैं लाल किले से 130 करोड़ लोगों को आह्वान करता हूं। साथियों मुझे लगता है कि आने वाले 25 साल के लिए भी हमें उन पांच प्रण पर अपने संकल्पों को केंद्रित करना होगा। हमें पंच प्रण को लेकर, 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे, आजादी के दीवानों के सारे सपने पूरे करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा।

**पहला प्रण :** अब देश बड़े संकल्प लेकर ही चले। बहुत बड़े संकल्प लेकर चलना होगा। बड़ा संकल्प है, विकसित भारत।

**दूसरा प्रण :** किसी भी कोने में हमारे मन के भीतर गुलामी का एक भी अंश अगर अभी भी है तो उसको किसी भी हालत में बचने नहीं देना है। हमें उससे मुक्ति पानी ही होगी।

**तीसरा प्रण :** हमें हमारी विरासत पर गर्व होना चाहिए। यही विरासत जिसने कभी भारत का स्वर्णिम काल दिया था। इस विरासत के प्रति हमें गर्व होना चाहिए।

**चौथा प्रण :** एकता और एकजुटता। 130 करोड़ देशवासियों मे एकता। न कोई अपना न कोई पराया।

**पांचवां प्रण :** नागरिकों का कर्तव्य। जिसमें पीएम भी बाहर नहीं होता, सीएम भी बाहर नहीं होता है। वो भी नागरिक हैं। आने वाली 25 साल के सपनों को पूरा करने के लिए एक बहुत बड़ी प्राणशक्ति है। जब सपने बड़े होते हैं। जब संकल्प बड़े होते हैं तो पुरुषार्थ भी बहुत बड़ा होता है।

### मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें

**भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म करना होगा**

मोदी ने कहा, आज हम दो बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार और 'परिवारवाद' या भाई-भतीजावाद। हमें अपनी संस्थाओं की ताकत का एहसास करने के लिए, योग्यता के आधार पर देश को आगे ले जाने के लिए 'परिवारवाद' के खिलाफ जागरूकता बढ़ानी होगी।

भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है, हमें इससे लड़ना है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश को लूटा, उन्हें लौटाना होगा। बैंक लूटनेवालों की संपत्ति जब्त हो रही है।

**हमारी प्रतिभा भाषा के बंधनों में बंध जाती है**

मोदी ने कहा कि हमने देखा है कि कभी कभी हमारी प्रतिभा भाषा के बंधनों में बंध जाती है। ये गुलामी की मानसिकता का परिणाम है। हमें हमारे देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए। >12

## वीरता पुरस्कारों की घोषणा

*** नायक देवेंद्र प्रताप सिंह को कीर्ति चक्र, 8 जवानों को शौर्य चक्र**

*** सेना के डॉग को मरणोपरांत सम्मान**

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कारों की घोषणा की। इस स्वतंत्रता दिवस पर नायक देवेंद्र प्रताप सिंह को देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। नायक देवेंद्र प्रताप सिंह इस साल 29 जनवरी को पुलवामा में एक ऑपरेशन का हिस्सा थे, जहां उन्होंने असाधारण बहादुरी दिखाते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

इसके अलावा सेना के 8 जवानों को शौर्य चक्र प्रदान किए गए हैं। इनमें सिपाही कर्ण वीर सिंह, गनर जसबीर सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। इनके अलावा शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में मेजर नितिन धानिया, अमित दहिया, संदीप कुमार, अभिषेक सिंह, हवलदार घनश्याम और लांस नायक राघवेंद्र सिंह शामिल हैं। भारतीय सेना के हमलावर बेल्जियन मेलिनोइस डॉग एक्सेल को मरणोपरांत वीरता अवॉर्ड 'मेंशन इन डिस्पेचेस' से नवाजा गया। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान में डॉग की भूमिका के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। 31 जुलाई को बारामुला के वानीगाम में जब भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों ने एक मकान में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया, तो इसमें डॉग स्क्वॉड को भी शामिल किया गया। डॉग एक्सेल की पीठ पर एक कैमरा लगाया गया, ताकि उसके द्वारा की जाने वाली




रूम इंटरवेंशन के दौरान आतंकवादियों की सही जानकारी सेना तक पहुंच सके और वह आसानी से ऑपरेशन को अंजाम दे सकें। जैसे ही एक्सेल मुठभेड़ स्थल पर मकान में दाखिल हुआ तो आतंकियों ने इस पर फायरिंग कर दी। तीन गोलियां लगने से उसकी जान चली गई। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि असाल्ट डॉग को विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वह संदिग्ध को दबोच सके।

## महान बलिदानों को तुच्छ साबित कर रही आत्ममुग्ध सरकार : सोनिया




नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उनकी ओर से जारी किए गए बयान में कहा किया कि पिछले 75 साल में भारत ने अपने प्रतिभाशाली भारतवासियों की कड़ी मेहनत के बल पर विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सूचना प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ी है।

सोनिया गांधी ने इस दौरान सरकार पर भी हमला बोला उन्होंने कहा, हमने बीते 75 वर्षों में अनेक उपलब्धियां हासिल की, लेकिन आज की आत्ममुग्ध सरकार हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और देश के गौरवशाली उपलब्धियों को तुच्छ साबित करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा, राजनैतिक लाभ के लिए ऐतिहासिक तथ्यों पर कोई भी गलतबयानी तथा गांधी-नेहरू-पटेल-आजाद जी जैसे महान राष्ट्रीय नेताओं को असत्यता के आधार पर कटघरे में खड़े करने के हर प्रयास का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। सोनिया गांधी ने कहा, भारत ने अपने दूरदर्शी नेताओं के नेतृत्व में एक ओर जहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था स्थापित की, वहीं प्रजातंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत बनाया। इसके साथ ही साथ भारत ने भाषा-धर्म-संप्रदाय की कसौटी पर सदैव खरा उतरने वाले अग्रणी देश के रूप में गौरवपूर्ण पहचान बनाई है।

### कांग्रेसियों ने बिना परमिशन निकाला मार्च

*** प्रियंका बोलीं-आज राजनीति की बात नहीं करेंगे**

*** गांधी को शहादत स्थल पर राहुल ने दी श्रद्धांजलि**

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस पार्टी महंगाई-भ्रष्टाचार के विरोध में मार्च शुरू हो गया है। पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस मुख्यालय से नारेबाजी करते हुए निकले हैं। मार्च कांग्रेस मुख्यालय से 30 जनवरी मार्ग पर पहुंचा, जहां महात्मा गांधी शहीद हुए थे। वहां राहुल गांधी समेत सभी कांग्रेस नेताओं ने बापू को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद मार्च समाप्त किया गया। कांग्रेस पार्टी ने यह मार्च निकालने के लिए पुलिस की परमिशन मांगी थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें मार्च निकालने की इजाजत नहीं दी थी। कांग्रेसियों ने बिना परमिशन के ही मार्च निकाला। पदयात्रा में प्रियंका गांधी हाथ में तिरंगा लेकर चल रही हैं। पद यात्रा में जी 23 के नेता गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा भी मौजूद हैं। काफी समय बाद गुलाम नबी को किसी आंदोलन में राहुल के साथ देखा गया है। प्रियंका ने कहा-पीएम मोदी के परिवारवाद वाले भाषण पर टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा-आज आजादी की सालगिरह है। आज हम राजनीति की बात नहीं करेंगे। आज सिर्फ देश की बात होगी। महात्मा गांधी को उनके शहादत स्थल पर श्रद्धांजलि देने के बाद वहां एकत्र सभी कांग्रेसियों को देश की अखंडता और विकास के लिए काम करने का संकल्प दिलाया।

## सिर की नस दबी होने की वजह से सुधार में हो रही देरी, सामने आई एमआरआई रिपोर्ट

मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव बीते कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती में हैं। दिल का दौरा पड़ने के बाद से ही राजू होश में नहीं आए हैं। हालांकि, अब उनकी हालत में सुधार होता दिख रहा है। बीते 120 घंटे से अस्पताल में भर्ती कॉमेडियन के फैंस और शुभचिंतक उनके जल्द ही ठीक होने की कामना कर रहे हैं। इसी क्रम में अब राजू श्रीवास्तव की सेहत से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। राजू के परिवार वालों के मुताबिक उनकी हालत में अब सुधार हो रहा है। साथ ही वह अब रिस्पॉन्ड कर रहे हैं। इसके अलावा हाल ही में उनकी एमआरआई रिपोर्ट भी सामने आ गई है। सामने आई रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर्स ने राजू श्रीवास्तव का एमआरआई किया है। इस बारे में राजू के भाई दीपू मे बताया कि डॉक्टर का कहना है कि राजू के सिर की कोई नस दबी हुई है।

## अफजल बनकर विष्णु ने दी थी अंबानी को धमकी

**पेशे से ज्वेलर है 56 साल का विष्णु भौमिक, सवा घंटे में किए थे 8 कॉल**

मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के परिवार को फिर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स की पहचान हो गई है। दरअसल, 56 साल के विष्णु विभु भौमिक ने ही अंबानी परिवार को जान से मारने की धमकी भरी कॉल की थी।

डीसीपी निलोत्पल के मुताबिक, पुलिस गिरफ्त में पहुंचा यह शख्स पेशे से ज्वेलर है और दक्षिण मुंबई में उसकी दुकान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसने रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में फोन करने के दौरान अपना नाम अफजल बताया था। वह दहिसर का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल के पब्लिक डिस्प्ले नंबर पर धमकी भरे आठ फोन कॉल किए गए। कॉलर ने उनके पूरे परिवार को तीन घंटे में खत्म करने की धमकी दी थी। इस मामले में दहिसर इलाके से एक व्यक्ति को



हिरासत में लिया गया है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। मुंबई पुलिस ने तीन टीमें बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। शुरुआती जांच में पता चला था कि कॉलर एक ही है और उसी ने लगातार आठ कॉल की हैं। इसके बाद कॉलर की लोकेशन ट्रेस कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। अभी उससे पूछताछ जारी है। एचएन रिलायंस हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. तरंग ज्ञानचंदानी ने कहा, 'हम हॉस्पिटल में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहरा रहे थे, तभी अनजान नंबर से एक कॉल आया। फोन करने वाला हमारे चेयरमैन का नाम लेकर धमकी दे रहा था। इसके बाद सुबह 10.45 से दोपहर 12 बजे के बीच आठ से नौ बार अस्पताल के पब्लिक नंबर पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल मिलने के बाद हमने मुंबई पुलिस को सूचना दी।

### मुकेश अंबानी को Z+ और नीता अंबानी को Y+सिक्योरिटी

मुकेश अंबानी को साल 2013 में हिजबुल मुजाहिद्दीन से धमकी मिलने के बाद तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार ने Z+ सिक्योरिटी मुहैया कराई थी। उनकी पत्नी नीता अंबानी को 2016 में केंद्र सरकार ने Y+ सिक्योरिटी प्रदान की थी। उनके बच्चों को भी महाराष्ट्र सरकार की ओर से ग्रेडेड सुरक्षा दी जाती है।

## पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर धमकी

*अल कायदा ने मुसलमानों को नूपुर शर्मा से बदला के लिए उकसाया*

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। आतंकी संगठन अल कायदा ने अपनी प्रोपेगैंडा मैगजीन 'नवाई गजवा-ए-हिंद' में भारतीय मुसलमानों को एक बार फिर उकसाया है। इसमें बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नुपूर शर्मा के बारे में जहरीले बयान दिए गए हैं। वहीं, पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के मामले में नूपुर शर्मा से बदला लेने के लिए कहा गया है। अल कायदा का कहना है कि नूपुर शर्मा ने ईशनिंदा की है, उसे सजा जरूर देनी चाहिए। साथ ही मुसलमानों को हथियार उठाने के लिए प्रेरित किया है। अलकायदा ने मुसलमानों से कहा है कि वे जिहाद की रक्षा के लिए खुद को हथियारों से लैस करें। कश्मीर में जिहाद छेड़ने की बात भी दोहराई। इससे पहले, अल कायदा दिल्ली, मुंबई, यूपी और गुजरात में आत्मघाती हमले की धमकी दे चुका है। यह धमकी नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद 6 जून 2022 को दी गई थी।

खुफिया एजेंसियों की चिंता बढ़ी




अल कायदा के बयान के बाद नूपुर शर्मा की सुरक्षा को लेकर खुफिया एजेंसियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। शर्मा एक सीक्रेट प्लेस पर पुलिस सुरक्षा में रह रही हैं। अधिकारियों ने हाल की धमकियों को देखते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। इससे पहले नूपुर ने जान का खतरा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की थी। एससी ने 10 अगस्त को जांच पूरी होने तक नूपुर की गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी। इसके साथ ही नूपुर के खिलाफ सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने का आदेश दे दिया।

अल कायदा ने जून में कहा था कि कुछ दिन पहले हिंदुत्व के प्रचारक ने टीबी डिबेट के दौरान इस्लाम धर्म का अपमान किया था। उनके बयानों से दुनिया भर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंची। अल कायदा ने आगे कहा कि हम पैगंबर के अपमान का बदला लेंगे। हम अपने और अपने बच्चों के शरीर में विस्फोटक बांधेंगे, ताकि ऐसे लोगों को उड़ाया जा सके। दिल्ली, मुंबई, यूपी और गुजरात में भगवाधारियों का अंत करेंगे। वह न अपने घर में छुप पाएंगे और न ही सेना उन्हें बचा पाएगी। उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से जैश-ए-मोहम्मद और तहरीक-ए-तालिबान, पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध आतंकी मोहम्मद नदीम को गिरफ्तार किया गया।

## श्रीनगर मुठभेड़ में एक जवान शहीद, रामबन के बटोत के रहने वाले थे सरफराज

जम्मू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नौहट्टा इलाके के रेडपोरा पार्क के पास आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान घायल हुए जवान सरफराज सोमवार को शहीद हो गया। कश्मीर जोन पुलिस ने सरफराज के शहीद होने की पुष्टि की है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजोरी व श्रीनगर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें रामबन के बटोत निवासी जवान सरफराज अहमद घायल हो गए थे। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार आतंकियों ने नौहट्टा इलाके के रेडपोरा पार्क के पास सुरक्षा बलों की पार्टी को निशाना बनाकर फायरिंग की। इस दौरान सतर्क जवानों की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकी घनी बस्ती में भाग निकले। पुलिस ने बताया कि मौके से एक मोटरसाइकिल और एक एके 47 बरामद हुई थी।

## 38 साल बाद जवान चंद्रशेखर का शव मिला

*1984 में पाक के खिलाफ लड़ते समय तूफान की चपेट में आए थे*

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। सियाचिन में अपनी जान गंवाने वाले शहीद लांस नायक चंद्रशेखर हरबोला का पार्थिव शरीर 38 साल बाद मंगलवार को उनके घर पहुंचेगा। वे 19 कुमाऊं रेजिमेंट से जुड़े थे। 29 मई 1984 को सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत के दौरान वे बर्फीले तूफान का शिकार हो गए थे। तब उनका शव नहीं मिल पाया था। तभी से उनकी तलाश की जा रही थी।

**शहादत के वक्त एक बेटी 8 तो दूसरी 4 साल की थी**

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में द्वाराहाट के हाथीगुर बिंटा निवासी चंद्रशेखर उस वक्त 28 साल के थे। वे 15 दिसंबर 1971 को कुमांऊ रेजिमेंट केंद्र रानीखेत से भर्ती हुए थे। हरबोला की शहादत के समय उनकी बड़ी बेटी 8 साल की और छोटी बेटी करीब 4 साल की थी। उनकी पत्नी की उम्र 65 साल हो गई है। हालांकि, उनकी पत्नी का मानना था कि वे घर जरूर आएंगे।

16 हजार फीट की ऊंचाई पर चलाया गया था ऑपरेशन मेघदूत




1984 में सियाचिन के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई हुई। भारतीय सेना ने 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर में आपरेशन मेघदूत लॉन्च किया था। चंद्रशेखर उस टीम का हिस्सा थे, जिसे प्वाइंट 5965 पर कब्जा करने भेजा गया था। हिमस्खलन की चपेट में आने पर 19 सदस्यीय गश्ती दल लापता हो गया था। बाद में 14 के शव मिले, लेकिन 5 का पता नहीं चला।

### सेना के दिए डिस्क नंबर से हुई पहचान

हाल ही में जब सियाचिन ग्लेशियर की बर्फ पिघलनी शुरू हुई, तो एक बार फिर खोए हुए सैनिकों की तलाश शुरू की गई। इसी कोशिश के दौरान 13 अगस्त को एक और सैनिक लान्स नायक चंद्रशेखर हरबोला का शव ग्लेशियर पर बने एक पुराने बंकर में मिला। हरबोला की पहचान में उनके डिस्क नंबर से हुई। यह वही नंबर है जो उन्हें सेना ने दिया था। हरबोला की डिस्क पर नंबर (4164584) लिखा हुआ था।

## अब बंगाल में 2,000 करोड़ रुपये के पोंजी रैकेट का भंडाफोड़

कोलकाता, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल वित्त विभाग की जांच शाखा, आर्थिक अपराध निदेशालय (डीईओ) ने राज्य में लगभग 2,000 करोड़ रुपये के वित्तीय गबन से जुड़े एक पोंजी रैकेट का पता लगाने का दावा किया है। राज्य के एक वित्तीय अधिकारी ने कहा कि रविवार दोपहर से देर रात तक, डीईओ के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के हरीश मुखर्जी रोड पर कोलकाता के एक व्यवसायी अमरनाथ श्रॉफ के आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा, "कोलकाता के एक अन्य व्यवसायी शांति सुराणा को हाल ही में दक्षिण कोलकाता के बालीगंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभ में, यह माना जाता था कि पोंजी रैकेट के पीछे सुराणा एकमात्र दिमाग था। हालांकि पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि व्यापार में उसका एक साथी था, जिसका नाम अमरनाथ श्रॉफ था। तदनुसार, उनके आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया।"

# टीएमसी के सांसद और आप का संदेश

## बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा ने क्यों कही केजरीवाल वाली बात



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने देश को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। खास बात यह है कि ममता बनर्जी की पार्टी से हाल ही में लोकसभा पहुंचे शत्रुघ्न सिन्हा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संदेश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने केजरीवाल की बातों को दोहराते हुए उन्हें टैग भी किया है। बिहारी बाबू के इस ट्वीट को केजरीवाल ने भी टैग किया है और इसके साथ ही इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई है। शत्रुघ्न सिन्हा ने ट्वीट किया, "आजादी के 75 साल का हम गर्व से जश्न मना रहे हैं, सभी को बधाई।

हमारे दिलों में प्रेम, भाईचारे में एकता, सभी में विश्वास हमेशा हमारे नारों और अजेंडा में रहे।" उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा, "हर शख्स का मुफ्त इलाज, हर बच्चे को मुफ्त शिक्षा और हर बेरोजगार को भत्ता।" उन्होंने ट्वीट के साथ कांग्रेस सांसद शशि थरूर, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और सांसद संजय सिंह को भी टैग किया। गौरतलब है कि इन दिनों देश में 'रेवड़ी कल्चर' पर घमासान छिड़ा हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावों में मुफ्त रेवड़ी के जरिए वोट पाने की संस्कृति को देश के लिए खतरनाक बताया है तो आम आदमी पार्टी कह रहा है कि मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं देना रेवड़ी बांटना नहीं है। केजरीवाल की पार्टी देश में सभी बेरोजगारों को भत्ता देने की भी मांग कर रही है। 'आप' का आरोप है कि केंद्र सरकार मुफ्त शिक्षा और इलाज जैसी सुविधाओं को बंद करने की कोशिश कर रही है जो आजादी के बाद से ही देश में जारी है।

# 'देखिए भैया मैं कमेंट नहीं करूंगा इन चीजों पर'

## प्रधानमंत्री की 'भाई-भतीजावाद' टिप्पणी पर बोले राहुल गांधी



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए भाषण पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पीएम ने अपने भाषण में कहा था कि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद दो बड़ी चुनौतियां हैं जिनका देश आज सामना कर रहा है। इस पर जब राहुल गांधी के पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आजादी के 75 साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश ने इन 75 वर्षों में अनेक उपलब्धियां हासिल की, लेकिन आज की 'आत्ममुग्ध सरकार' स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और देश की गौरवशाली उपलब्धियों को तुच्छ साबित करने पर तुली हुई है। हालांकि राहुल गांधी पीएम के भाषण पर टिप्पणी करने से बचते नजर आए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, देखिए भैया मैं कमेंट नहीं करूंगा इन चीजों पर। आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत बधाई।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को कहा कि आज जब देश ''अमृत काल'' में प्रवेश कर रहा है तो भ्रष्टाचार और परिवारवाद दो ऐसी प्रमुख चुनौतियां हैं जो राजनीति तक ही सीमित नहीं हैं। उन्होंने देशवासियों से इन विकृतियों से नफरत करने और अगले 25 सालों में ''विकसित भारत'' सुनिश्चित करने के लिए ''पंच प्रण'' लेने का आह्वान किया। भाई-भतीजावाद और परिवारवाद के खिलाफ हल्ला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से राजनीति के क्षेत्र की इस बुराई ने हिंदुस्तान की हर संस्था में परिवारवाद को पोषित कर दिया है।

मोदी ने हिंदुस्तान की ''राजनीति के शुद्धिकरण'' के लिए परिवारवादी मानसिकता से मुक्ति को अनिवार्य बताया। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए इसे चयन में पारदर्शिता लाने और भाई-भतीजावाद खत्म होने का असर बताया। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि दुनिया के खेल के मैदानों में तिरंगा लहरा रहा है और राष्ट्रगान गाया जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोमवार को पार्टी मुख्यालय से 'गांधी स्मृति' तक 'आजादी गौरव यात्री' निकाली। कांग्रेस नेताओं ने 30 जनवरी मार्ग स्थित 'गांधी स्मृति' पहुंचकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह वही स्थान हैं जहां 30 जनवरी, 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या की गई थी। कांग्रेस नेताओं ने देश की एकता के लिए काम करने का संकल्प भी लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण, सोमवार को पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में ध्वजारोहण किया।

# महाराष्ट्र के लोनंद में 1000 बच्चों ने तिरंगे से बनाया भारत का नक्शा



मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। 15 अगस्त 2022 को पूरा भारत आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है. जहां पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर में तिरंगा लहराता दिख रहा है. वहीं, कई सरकारी इमारतें और कई घर तिरंगे के लाइटिंग से सजी हुई हैं. इस बीच कई संस्थाएं अलग-अलग तरीके से स्वतंत्रता दिवस मनाते दिख रहे हैं. 321 फीट के तिरंगे की मदद से 1000 छात्रों ने भारत का बनाया नक्शा कुछ इसी तरह से महाराष्ट्र के सतारा जिले के लोनंद शहर के पड़ेगांव इलाके में समता आश्रम स्कूल के परिसर में 321 फीट के तिरंगे की मदद से 1000 छात्रों ने भारत का नक्शा बनाया. 1000 छात्र के साथ, शिक्षक और कई वॉलिंटियर भी भारत के नक्शे के आकार में तिरंगे को पकड़ कर सुबह से इस दिवस की खुशी मनाते दिखे. इस कार्य को मुमकिन करने के लिए एवरेस्टवीर प्रजीत परदेशी मित्र समूह के साथ आशितोष घोडके, आदित्य गवली, कंचन घोडके, बाल लोनंदकर, मेहुल धवले, ओम घोडके, आदित्य गवली, प्रथमेश माली, विश्वास मिसाल, आयुष मिसाल, अजीत माने, संतोष खरात मंगल्या, शिक्षा प्रसारण संगठन की अध्यक्षा चैत्रली सूर्यवंशी, सचिव पवन सूर्यवंशी, समता माध्यमिक आश्रम विद्यालय के प्राचार्य उत्तम माने व समस्त शिक्षण स्टाफ ने अथक परिश्रम किया.

बता दें, उत्तरी कश्मीर में 108 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया है. सीआईएफ (के) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल एसएस सलारिया ने रविवार को 108 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया. बताया गया कि इस झंडे को भारतीय सेना समेत फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से बनाया गया.

# नागालैंड में मुठभेड़: असम राइफल्स के 2 जवान घायल

## कुछ आतंकियों के हताहत होने की आशंका



गुवाहाटी, 15 अगस्त (एजेंसियां)। नागालैंड के मोन जिले में आज तड़के एनएससीएन-केबॉयए के संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में असम राइफल्स के 2 जवान घायल हो गए. घायल जवानों को इलाज के लिए जोरहाट वायुसेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है. असम राइफल्स ने एक बयान में कहा कि इस मुठभेड़ में कुछ आतंकवादियों के हताहत होने की आशंका है. तलाशी अभियान जारी है. इससे पहले 9 अगस्त को एनएससीएन-केबॉयए और यूएलएफए-आई के संदिग्ध उग्रवादियों ने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में असम राइफल्स के जवानों पर लगभग एक साथ अटैक किया था. भारत-म्यांमार सीमा पर नागालैंड के नोकलाक जिले के दान पांग्शा इलाके में असम राइफल्स के जवानों पर आतंकवादियों ने हमला किया था. इसके बाद, क्षेत्र में असम राइफल्स के जवानों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलाबारी हुई. इस मुठभेड़ में दोनों पक्षों की ओर से कोई हताहत नहीं हुआ था.

इसी दिन अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में भारत-म्यांमार सीमा पर पंगसाऊ दर्रे पर असम राइफल्स के जवानों पर आतंकवादियों ने हमला किया. उग्रवादियों ने असम राइफल्स के गश्ती दल पर फायरिंग की. तेजपुर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल ए.एस. वालिया ने बताया, 'भारत-म्यांमार सीमा के पार से उग्रवादी समूहों द्वारा असम राइफल्स के जवानों पर गोलीबारी की घटना तिरप और चांगलांग जिले के सामान्य इलाके में हुई.' रक्षा वक्ता ने कहा, 'एक जूनियर कमीशंड अधिकारी के हाथ में चोट आई है.' चांगलांग के एसपी मिहिन गैम्बो ने कहा, 'यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि हमले में कौन से विद्रोही समूह शामिल थे.'

# बीजेपी नेता की याचिका के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं कांग्रेस

### मुफ्त चुनावी घोषणाओं के समर्थन में दाखिल की अर्जी

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव में लोगों को बिजली-पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सेवाएं दी जानी चाहिए कि नहीं, इसे लेकर काफी दिन से बहस छिड़ी हुई है. दरअसल पीएम मोदी का 'मुफ्त की रेवड़ी' वाला बयान चर्चा में आने के बाद ये सियासत का मुद्दा बन गया है. चुनाव के दौरान मुफ्त चुनावी घोषणों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंची है. मध्यप्रदेश कांग्रेस की नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की. इस याचिका में कहा गया है कि सत्तारूढ़ दल का कर्तव्य सब्सिडी प्रदान करने के लिए बाध्य है. याचिका में कहा कि कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए योजनाओं को फ्रीबीज़ नहीं कहा जा सकता है असल में जया ठाकुर ने बीजेपी नेता और वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय की याचिका का विरोध किया. जया ठाकुर ने खुद को मामले में पक्षकार बनाने की मांग की. याचिका में कहा सरकार चलाने वाले सत्तारूढ़ दलों का कर्तव्य है कि वह समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान करे और योजनाएं बनाएं और इसके लिए सब्सिडी प्रदान करें. याचिका में कहा कि नागरिकों को दी जाने वाली सब्सिडी और रियायतें संवैधानिक दायित्व और लोकतंत्र के लिए आवश्यक हैं. 'मुफ्त की रेवड़ी' वाले बयान की अरविंद केजरीवाल समेत कई नेता आलोचना कर चुके हैं. आपको बता दें कि हाल ही में रेवड़ी कल्चर पर जारी बहस के बीच तेलंगाना कैबिनेट के मंत्री केटी रामा राव ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने गरीबों के कल्याण को पहले ही नजरअंदाज कर रखा है।

# सीएम एकनाथ शिंदे पर बीस साबित हुए डिप्टी देवेंद्र फडणवीस?

## सरकार के कैबिनेट विस्तार में किसकी चली

मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार के कैबिनेट विस्तार के बाद मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। अब सवाल यह उठता है कि मंत्रालयों के बंटवारे में किसकी चली है। जिस तरह से विभाग बांटे गए हैं, उससे स्पष्ट है कि इसमें देवेंद्र फडणवीस ही बीस साबित हुए हैं। इसके साथ ही यह भी साफ हो चुका है कि भले ही भाजपा ने उन्हें शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम पद दिया है, लेकिन बाकी मामलों में फ्री हैंड दिया गया है।

### ऐसा है फडणवीस का मास्टरस्ट्रोक

आज घोषित शिंदे सरकार के विभागों के बंटवारे पर नजर डालें तो फडणवीस का मास्टरस्ट्रोक साफ दिखेगा। असल में एनसीपी ने महाविकास अघाड़ी सरकार में शिवसेना को सीएम पद देकर



अहम विभाग अपने पास रखे थे। अब भाजपा के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी यही फॉर्मूला यूज किया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि फडणवीस ने उन चार विभागों को अपने पास रखा है, जो एनसीपी के चार बड़े नेताओं के पास थे। इसमें अजित पवार का वित्त, दिलीप वलसे पाटिल का होम, जयंत पाटिल का जल संसाधन और जितेंद्र आव्हाड का आवास विभाग अपने पास रखा है। इस तरह से देखा जाए तो शिंदे-फडणवीस सरकार की कैबिनेट में भाजपा ने ज्यादातर मलाईदार हिसाब अपने ही नेताओं के पास रखा है।

### यह है भाजपा बड़ा खेल

बता दें कि यह सभी विभाग ऐसे हैं, जिनका आम जनता से सीधा ताल्लुक है। इन विभागों को अपने पास रखने के साथ ही भाजपा ने अपनी मंशा साफ कर दी है। भाजपा के पास यह विभाग होने से महाराष्ट्र में आम लोगों से उसका संपर्क बढ़ेगा। इसके साथ ही जनहित के फैसलों को लागू करते हुए भाजपा यहां पर पार्टी विस्तार की अपनी पॉलिसी पर भी काम कर सकेगी। महाविकास अघाड़ी सरकार में यह खेल एनसीपी खेल रही थी। अब फडणवीस ने भी बड़े ही सधे अंदाज में यह चाल चली है।

# नवाब मलिक के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

## एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर ने लगाए गंभीर आरोप



मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है. एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने नवाब मलिक के खिलाफ आईपीसी की धारा 500, 501 तहत मामला दर्ज किया है. साथ एससीएसटी एक्ट के तहक सेक्शन - 3(1)(यू) की धारा भी लगाई गई है. समीर वानखेड़े वर्तमान में चेन्नई में अतिरिक्त आयुक्त डीजीपीएफ हैं. गोरेगांव पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक समीर वानखेड़े ने नवाब मलिक पर उनकी और उनके परिवार की बदनामी करने और वो महार (अनुसूचित) जाति के हैं, इसलिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है. एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि नवाब मलिक के दामाद समीर खान को ड्रग्स के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े के खिलाफ झूठा अभियान छेड़ दिया और उनके महार जाति से होने पर सवाल उठाया. नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े पर धर्म परिवर्तन का झूठा आरोप भी लगाया. उनकी सरकारी नौकरी पर सवाल उठाया, भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. एफआईआर में कहा गया है कि पूर्व मंत्री ने सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी कर समीर वानखेड़े, उनके पिता और परिवार पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम और प्रताड़ित किया है.

# 'शायद उनका मतलब...', पीएम मोदी के भाई-भतीजेवाद वाली टिप्पणी पर कांग्रेस का पलटवार



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र द्वारा भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का आह्वान किए जाने के बाद उन पर निशाना साधा. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि मोदी ने अपने ही मंत्रियों और उनके बेटों पर हमला किया, जो स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शोभा नहीं देता. पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री से लोग आज आठ साल का रिपोर्ट कार्ड दिए जाने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उनके संबोधन से केवल निराशा ही हाथ लगी. आज का दिन राजनीतिक बातें करने के लिए नहीं है. हालांकि, कुछ परंपराएं बदली जा रही हैं और यह करने वाले प्रधानमंत्री खुद हैं. पिछले आठ सालों से पीएम अपने ही शब्दों के शिकार होते चले जा रहे हैं और वह बहुत थके हुए दिखाई दे रहे थे. उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री की बातें और शब्द थके हुए थे. उनमें कोई भाव नहीं था, कोई दिल में जज्बा और जुनून नहीं था क्योंकि उन्होंने जो वादे किए थे वो उन्हें खुद सताते होंगे. आगे खेड़ा ने सवाल किया कि कहां गया किसानों की आय दोगुनी करने का वादा? कहां गया सबको घर देने का वादा? कहां गया कालाधन वापस लाने का वादा ? रोजगार और 15 लाख रुपये देने के वादे का क्या हुआ?

### बीजेपी की आंतरिक समस्या गिना रहे थे पीएम मोदी - खेड़ा

उन्होंने दावा किया कि ये तमाम वादे प्रधानमंत्री को न ठीक से बोलने देते हैं और न ही सोने देते हैं. खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बीजेपी की आंतरिक समस्या की बात कर रहे थे. एक व्यक्ति ने शायद लॉड्र्स में शतक लगाया होगा, इसलिए वह क्रिकेट में बड़े पद पर पहुंच गए. एक व्यक्ति का बेटा बहुत बड़े थिंकटैंक में है. अब पीएम का हमला क्या अपने ही मंत्रियों पर और अपने ही मंत्रियों के बेटों पर है यह वह खुद ही बताएंगे. उन्होंने कहा कि इससे पहले लाल किले की प्राचीर से ऐतिहासिक भाषण दिए गए हैं. वहां से निकले एक-एक शब्द ने देश की तकदीर लिखी. उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री परिपक्व भाषण देंगे लेकिन, अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि उन्होंने आज के दिन भी ऐसी बात की है. उन्होंने कहा कि आप महात्मा गांधी, पटेल, नेहरू और मौलाना आजाद का कद तो नहीं घटा पाएंगे.

# रेवाड़ी में फोटो खिंचवाने की होड़ में भिड़े बीजेपी नेता

रेवाड़ी, 15 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के रेवाड़ी जिले में आयोजित भाजपा की तिरंगा यात्रा में फोटो फ्रेम के चक्कर में बीजेपी के दो नेता आपस में उलझते दिखे। दोनों ने एक-दूसरे को धकेला और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को कोसली से भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की तरफ से पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ भी यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। विधायक के कैंप ऑफिस से चलकर यह पैदल यात्रा तमाम बाजार से होते हुए शहीदी स्मारक पर पहुंची। यात्रा में कोसली के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री विक्रम ठेकेदार भी मौजूद थे। यात्रा जैसे ही शहीद स्मारक पर पहुंची तो भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए खड़े हुए। इसके बाद फोटो खिंचवाने का सिलसिला शुरू हुआ। उसी वक्त पूर्व मंत्री विक्रम ठेकेदार की कोहनी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के सामने आ गई। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने झुंझलाकर एक बार तो अपने हाथ से कोहनी नीचे की और फिर पूर्व मंत्री को धकेलते हुए उनके सामने आकर खड़े हो गए। इस बीच पूर्व मंत्री विकम ठेकेदार भी विधायक को धकलते हुए नजर आ रहे है।

# ममता बनर्जी बोलीं- मेरा ऐसे राष्ट्र निर्माण का सपना है

## जहां कोई भूखा न रहे

कोलकाता, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहती हैं जहां कोई भूखा न रहे, जहां कोई महिला असुरक्षित महसूस न करे और जहां कोई दमनकारी ताकतें लोगों को न बांटे। स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट्स की श्रृंखला में बनर्जी ने कहा कि भारतीयों को देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

### ममता बनर्जी ने भारत के लिए बताया अपना सपना

उन्होंने ट्वीट कर कहा, मेरा भारत के लिए एक सपना है। मैं लोगों के लिए एक ऐशे राष्ट्र का निर्माण करना चाहती हूं जहां कोई भूखा न रहे, जहां कोई महिला असुरक्षित महसूस न करे, जहां हर बच्चा शिक्षा की रोशनी देखे,



जहां सभी के साथ समान व्यवहार किया जाए, जहां कोई दमनकारी ताकतें विभाजित न करें।

### अपने सपनों के भारत के लिए हर दिन प्रयास करूंगी : मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा, इस महान राष्ट्र के लोगों से मेरा वादा है कि मैं अपने सपनों के भारत के लिए हर दिन प्रयास करूंगी। उन्होंने लोगों से से भी देश के लिए उनके सपनों के बारे में पूछा। बनर्जी ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने पर भारत को आजादी के असली सार के प्रति जागना चाहिए। उन्होंने कहा, हम भारत के लोगों को अपनी पवित्र विरासत को संरक्षित करना चाहिए और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के अधिकारों की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

### रेड रोड पर आयोजित समारोह में फहराया तिरंगा

मुख्यमंत्री बनर्जी ने कोलकाता के रेड रोड में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा फहराया। करीब दो घंटे तक चले रंगारंग समारोह में पश्चिम बंगाल पुलिस और कोलकाता पुलिस के विभिन्न विभागों ने स्वतंत्रता दिवस परेड में हिस्सा लिया।

### राज्य सरकार की योजनाओं की झांकियां दिखीं

समारोह में कोलकाता के छह स्कूलों और सुंदरबन के एक स्कूल के छात्रों ने 'बांग्लार माटी बांग्लार जोल', 'वंदे मातरम' और 'छोले छोले सब भारत संतान' जैसे गीतों की संगत में प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने बारिश का भी सामना किया। बनर्जी ने 12 पुलिस अधिकारियों को उनकी सेवा के लिए मेडल प्रदान किए। उन्होंने मणिपुर में भूस्खलन में जान गंवाने वाले पश्चिम बंगाल के 21 लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि दी। उन्हें राज्य सरकार में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र भी मिले। परेड में सरकार की लक्ष्मी भंडार, दुआरे राशन, स्वास्थ्य साथी, कन्याश्री, कृषक बंधु और सबुज साथी जैसी योजनाओं की झांकियां भी शामिल हुईं।

# देश की पहली नेजल वैक्सीन का परीक्षण पूर्ण, कसौटियों पर खरा उतरा टीका

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत बायोटेक ने देश की पहली नेजल (नाक से दी जाने वाली) कोविड वैक्सीन बीबीवी-154 के तीसरे चरण का सफल परीक्षण कर लिया है। यह कोरोना से बचाव की बूस्टर खुराक के तौर पर दी जाएगी। बीबीवी154 वैक्सीन परीक्षणों में सुरक्षित, बर्दाश्त किए जाने योग्य और प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने वाली साबित हुई है। नाक से दी जाने वाली इस वैक्सीन को भारत बॉयोटेक इंटरनेशनल लि. ने तैयार किया है। खबरों के मुताबिक बीबीवी-154 नैसल वैक्सीन के पहले और दूसरे क्लीनिकल ट्रायल में यह कामयाब पाई गई है। जिन लोगों ने पूर्व में पहले व दूसरे टीके लगा लिए थे, उप पर तीसरे या बूस्टर डोज के रूप में इसका परीक्षण किया गया था।

# पैसेंजर की चैटिंग से 6 घंटे लेट हुई फ्लाइट




नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रविवार को मंगलुरु से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट ने 6 घंटे देरी से उड़ान भरी। दरअसल, फ्लाइट में बैठी एक महिला ने साइड में बैठे एक व्यक्ति के फोन में मैसेज में 'बॉम्बर' लिखा देख लिया था। मैसेज देखने के बाद महिला ने शोर मचा दिया। पुलिस के मुताबिक, महिला से जानकारी मिलने के बाद सभी यात्रियों के सामान की जांच की गई, जिसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। जब उस व्यक्ति से पूछताछ की गई तो मालूम हुआ कि वह अपनी गर्लफ्रेंड से चैटिंग कर रहा था। महिला ने जैसे ही व्यक्ति के फोन पर मैसेज देखा तो केबिन क्रू को जाकर इस बात की सूचना दी। उसे लगा की वह व्यक्ति संदिग्ध है। इसके बाद चालक दल ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सतर्क किया। व्यक्ति से काफी देर पूछताछ की गई, जिसमें मालूम हुआ की वह अपनी गर्लफ्रेंड से चैटिंग कर रहा था। उसकी गर्लफ्रेंड को उसी एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, इसके बाद व्यक्ति को फ्लाइट में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। जांच के बाद 185 यात्रियों को शाम करीब 5 बजे दोबारा फ्लाइट में बैठाया गया। वहीं शहर के पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने बताया कि व्यक्ति के पास कुछ भी नहीं मिलने से उसके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। वह केवल चैटिंग ही कर रहा था।

25 दिन पहले 22 जुलाई को ही रात करीब 8:20 बजे पटना से दिल्ली के लिए इंडिगो की फ्लाइट 6E- 2126 उड़ान भरने वाली थी। पैसेंजर्स की बोर्डिंग हो चुकी थी। फ्लाइट का गेट बंद होने वाला था। ठीक उसी टाइम पर एक फ्लाइट के अंदर अपने मां-बाप के साथ मौजूद 24 साल के युवक ने कहा उतारिए मुझे, मेरे पास बम है। जैसे ही युवक की यह बात पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स के कानों में पड़ी, फ्लाइट के अंदर हडकंप मच गया। एयरपोर्ट का माहौल भी अफरा-तफरी वाला हो गया। दिल्ली जाने के लिए कुल 134 पैसेंजर्स फ्लाइट के अंदर मौजूद थे। एयरपोर्ट पर जांच के लिए कई टीमों को बुलाया गया। जांच के दौरान युवक के पास से कुछ नहीं मिला था।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

मंगलवार, 16 अगस्त, 2022 

**सुविचार**

जो मनुष्य भय वश असत्य बोलता और झूठा आचारण करता है, वह पशु से भी बदतर है।

# नगरद्वय में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां स्वतंत्रता दिवस

## अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा भव्यता से मना स्वतंत्रता दिवस







हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। समाज द्वारा तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। सोमवार 15 अगस्त के दिन समाज की सिकन्दराबाद उत्तरांचल शाखा के संयोजन में राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया है। बांके बिहारी अग्रवाल (सेवानिवृत मुख्य आयुक्त सीजीए और कस्म्य विभाग, तेलंगाना) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक पुरुषोत्तम अग्रवाल, सहसंयोजक अशोक डाणी, संदीप गोयनका, मुकुल जैन और अजय जैन का विशेष सहयोग रहा। इनके अलावा स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में आयोजित कार्यक्रमों में मोहन गुप्ता, महेन्द्र अग्रवाल, आशीष दोचानिया, सुर्यकमल गुप्ता, धीरज गुप्ता, महेश कानोडिया, अनिल गर्ग, पकज संघी, अचल गुप्ता, पकज मित्तल, मुकेश केडिया एवं अन्य का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समाज के पदाधिकारियों अध्यक्ष ए.के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिलीप पसारी, मानद मंत्री कपुरचन्द गुप्ता, संयुक्त मंत्री सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश जालान ने समाज के सभी सदस्यों परिवारों को अमृतोत्सव की बधाई दी।

## दो सेवानिवृत्त वयोवृद्ध आरटीसी कर्मचारियों ने लिया स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग

दोनों ने निजाम स्टेट रेल एंड रोड ट्रांसपोर्ट डिवीजन में काम किया था काम





हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 98 और 92 वर्ष की आयु के दो आरटीसी वयोवृद्ध कर्मचारी, शायद भारत के सबसे पुराने जीवित लोगों में से कुछ नरसिम्हा और सतैय्या ने अध्यक्ष टीएसआरटीसी बाजीरेड्डी गोवर्धन और एमडी वीसी सज्जनर के साथ बस भवन, आरटीसी क्रॉस रोड, मुशीराबाद में झंडा फहराया। दोनों लोगों ने निज़ाम स्टेट रेल एंड रोड ट्रांसपोर्ट डिवीजन (एनएसआर-आरटीडी में काम किया था, जो अब टीएसआरटीसी है। 98 वर्ष की आयु के नरसिम्हा ने कहा कि वर्ष 1944 में एनएसआरआरटीडी (अब टीएसआरटीसी) में एक अस्थायी क्लर्क के रूप में शामिल हुए और 38 साल तक काम करने के बाद वर्ष 1983 में सेवानिवृत्ति के समय लेखा अधिकारी के पद पर पहुंचे थे। अभी भी अपने दिनों को याद करते हैं और जोश से वर्णन करते हैं। वे वर्ष 1983 में टीएसआरटीसी से सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार ग्रहण करने के समय उनका वेतन उस्मानिया सिक्का 47 प्रति माह था जो कि 21 रुपये के बराबर है। सेवानिवृत्ति के समय उनका वेतन 1740 रुपये प्रति माह था। इसी तरह सतैय्या की आयु 92 वर्ष है। वे वर्ष 1946 में एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में एनएसआरआरटीडी (अब टीएसआरटीसी) में शामिल हुए और निगम में 41 साल तक काम करने के बाद वर्ष 1988 में सहायक स्टोर कीपर के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उनका वेतन उस्मानिया सिका 8 रुपये प्रति माह था, जो कि 3.57 पैसे के बराबर है। सेवानिवृत्ति के समय उनका वेतन 855 रुपये था।



**महेश बैंक के बंजाराहिल्स स्थित प्रधान कर्यालय में 76वं स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते हुए बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए सीनियर वाइस चेयरमैन पुरुषोत्तमदास मानधना, वाइस चेयरमैन लक्ष्मीनारायण राठी, निदेशक रामप्रकाश भंडारी, श्रीमती पुष्पा बूब, एडवोकेट रमाकांत इन्नाणी। साथ में हैं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी व विभागीय प्रबंधक।**

## जीएचएमसी मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी मुख्यालय में 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने सबसे पहले पुलिस सलामी ली और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में डिप्टी मेयर मोटे शोभन रेड्डी, आयुक्त डीएस लोकेश कुमार, ईवीडीएम निदेशक विश्वजीत कंपाती, ईएनसी जियाउद्दीन, अतिरिक्त आयुक्त श्रुति ओझा, सरोजा, जयराज कैनेडी, विजयलक्ष्मी, यादगिरि राव, सीई देवानंद, सीसीपी देवेंद्र रेड्डी, ओएसडी सुरेश मौजूद रहे। समारोह में मुख्य कीट विज्ञान डॉ. रामबाबू, सीएमएचओ पद्मजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अबुल वकील, अतिरिक्त सीसीपी श्रीनिवास, संपदा अधिकारी भाषा, सचिव लक्ष्मी, मुख्य परीक्षक वेंकटेश्वरलू, संयुक्त आयुक्त संध्या, जयंत और अन्य ने भाग लिया। इस मौके पर महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम लंबे समय तक जारी रहा। ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर देश में प्रवेश किया और अपना साम्राज्य स्थापित किया। इस समय देश में विभिन्न सांस्कृतिक आंदोलन हुए, जिसने लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की ओर अग्रसर किया। गांधीजी ने अहिंसा के पथ पर एक नए तरीके से आंदोलनों को अपनाया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास हमारे महापुरूषों से कम नहीं है। इस अवसर पर इस संघर्ष में भाग लेने वाले योद्धाओं को याद करना आवश्यक है।



**श्री आईजी गौशाला में ध्वजा रोहणकर कार्यक्रम मे उपस्थित अध्यक्ष जेसी चोलाराम हाम्बड़, सचिव मंगलाराम पंवार, मोतीलाल काग, एन.आर.पटेल, शंकरलाल बर्फा, भोलाराम गेहलोत व अन्य।**

## पावरग्रिड (द.क्षे.-I) में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड दक्षिण क्षेत्र ट्रांसमिशन सिस्टम-Iके अंतर्गत तेलंगाना,आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के हिस्से में फैले अपने सभी प्रतिष्ठानों में 76वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण क्षेत्र ट्रांसमिशन सिस्टम-I मुख्यालय सिकंदराबाद में राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर एनवीपी राजू,मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) ने भी सभी कर्मचारियों के साथ वर्तमान परिदृश्य में पावरग्रिड के अभूतपूर्व योगदान के बारे में साझा किया। इस स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पावरग्रिड कर्मचारी कल्याण संघ (पेवा) और दीप शिखा महिला समिति (डीएसएमएस) द्वारा विभिन्न संगीत एवं खेलकूद संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

**स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के तहत दि अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में झंडारोहण करते हुए बैंक के चेयरमैन प्रमोद कुमार केडिया, सिनियर वाइस चेयरमैन राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सीए नवीन कुमार अग्रवाल, निदेशक सुरेश कुमार अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, सीईओ पी.वी. शर्मा व अन्य।**









**श्री गुजराती प्रगति समाज एवं प्रगति महाविद्यालय परिसर में आयोजित 75वें स्वतंत्रता दिवस में ध्वजारोहण करते हुए समाज के अध्यक्ष महेश पटेल, महासचिव जिग्नेश दोशी, अंबालाल पटेल, गोपाल पटेल, हेमेंद्र भाई शाह, भारतीबेन पटेल, समाज के कमेटी सदस्य, प्राचार्यगण।**



**उप्पल काचवानी सिंगारम कुमावत समाज द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सरंक्षक अमरचन्द अडाणीया, अध्यक्ष श्रवणकुमार मालीवाड़, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

## राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम में आज हिस्सा लेगी मेट्रो रेल

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 75 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर तेलंगाना सरकार के अस्थायी यातायात ठहराव और सामूहिक राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, हैदराबाद मेट्रो ट्रेनों को मंगलवार को सुबह 11.30 बजे एक मिनट के लिए जहां है आधार पर रोक दिया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रगान ट्रेनों और मेट्रो स्टेशनों पर होगा। सोमवार को हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएमआरएल) के एमडी, एनवीएस रेड्डी ने कहा कि यात्रियों से खड़े होकर सामूहिक राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया जाएगा।



**पारसीगुट्टा स्थित श्री आईमाता बडेर में सीरवी समाज द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष जे.सी.चोलाराम हाम्बड़, परसराम बर्फा, सचिव किशनसिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष जसवंत देवड़ा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**



**स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर अभिनव भारत (एनजीओ) द्वारा भाग्यनगर में तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें हज़ारों नागरिकों ने भाग लिया।**



**स्वतंत्रता दिवस पर जामबाग संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते हुए पार्षद राकेश जायसवाल व अन्य भजपा नेता।**



**करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता बडेर में ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हीरालाल सैंणचा, कोषाध्यक्ष दीपाराम काग, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**



**जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मांगीलाल काग, अर्जुनलाल बर्फा, नारायणलाल बर्फा, भंवरलाल काग, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

**अग्रणी महिला मंच द्वारा स्वत्रंतता दिवस मनाया गया। इसमें भाग लेते हुए मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, रितु गर्ग, श्वेता खंडेलवाल, टीना खंडेलवाल, वंदना पचरिया, सुनैना नारसरिया, रितु गोयल, रीता अग्रवाल, अन्नू अग्रवाल, संगीता, मीनाक्षी अग्रवाल, प्रीती गोयल, मधू, चंचल अग्रवाल, सुमन पांडेय व अन्य।**





**चंगीचेरला स्थित कुमावत सेवा समिति समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मोटावत, सचिव जितेन्द्र पिपाड़ा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

## एबिड्स में राष्ट्रगान के सामूहिक प्रस्तुतिकरण में शामिल होंगे केसीआर

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जैसा कि तेलंगाना सरकार ने 16 अगस्त को राज्य भर में 'तेलंगाना राष्ट्र सामूहिक जतेय गीता अलापना' (राष्ट्रगान का सामूहिक गायन) का आह्वान किया है, मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव मंगलवार को यहां जीपीओ सर्कल, एबिड्स में राष्ट्रगान कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने सोमवार को यहां एबिड्स और नेकलेस रोड पर राष्ट्रगान के सामूहिक गायन की व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कुछ सुझाव दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि राष्ट्रगान के सामूहिक गायन का आयोजन मंगलवार सुबह 11.30 बजे सभी ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों के वार्डों, महत्वपूर्ण यातायात जंक्शनों और स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, जेलों, कार्यालयों और बाजार स्थलों में किया जाएगा।



**कुतबुलापुर स्थित तेलंगाना आर्शीवाद पाईप डिस्ट्रीब्यटर श्री जय भवानी मार्केटिंग मे 15 अगस्त आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम मे उपस्थित प्रबंधक महेन्द्र देवड़ा, सुशील भायल, ओमप्रकाश देवड़ा, कैलाश परिहार, वोराराम आगलेचा व अन्य।**

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, PRAVEEN KUMAR S/o.PRAKASH MAL R/o.4-4-899 to 901, Shetrunjay Residency, Sultan Bazaar, Nampally, Hyd-95. Changed My Name as PRAVEEN KUMAR KOTHARI S/o.PRAKASH MAL KOTHARI.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।



**केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र में 76वाँ स्वतंत्रता दिवस केअवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गंगाधर वानोडे ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित थे।**



**स्वतंत्रता दिवस पर बोइनपल्ली मार्केट यार्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए सचिव श्रीनिवास, व्यापारी संघ के अध्यक्ष ए. गौतम जैन, सोमा देवेंदर रेड्डी, कोषाध्यक्ष मधुबाबू, राजाराम चौधरी, शंकर यादव व अन्य।**

**इंडियनऑयल** IndianOil

CIN : L23201MH1959GOI011388

दक्षिण पूर्वी क्षेत्र पाइपलाइन्स

निविदाएं आमंत्रण सूचना

एनआईटी सं. एसईआरपीएल/सीजीडी/जीएनटी/जीईएन/2022-23/01- ''गुंटूर में ''नगर गैस वितरण कार्यालय'' की स्थापना के लिए व्यावसायिक भवन किराए पर लेना''

डाउनलोड और बोली प्रस्तुति करने की अवधि: 16.08.2022 से 29.08.2022, संपर्क व्यक्ति: वरिष्ठ प्रबंधक (सीजीडी), मोबा: 9630414889, ई-मेल: anilj@indianoil.in

अधिक विवरण के लिए पधारें: https://iocletenders.nic.in/

## फैजुल्लागंज में बुखार का कहर

### दर्जन भर नए मरीज, सबसे ज्यादा बच्चे चपेट में

लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ के फैजुल्लागंज में दर्जन भर नए बुखार के मरीज मिले हैं। इनमें बच्चे से अधिक हैं। यहां बीते तीन दिन में करीब 50 लोग बुखार की चपेट में आ चुके हैं। यहां जल भराव की वजह से मच्छरों की भरमार है। लोग बुखार की जद में आ रहे हैं। बच्चे और बड़े बुखार व सर्दी से पीड़ित हैं। बीमार लोग निजी डॉक्टरों के यहां इलाज करा रहे हैं। फैजुल्लागंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी का कहना है कि केशव नगर में कई लोग बीमार हैं। इलाके में एंटीलार्वा का छिड़काव और फागिंग नहीं करायी जा रही है। ममता ने बताया कि मलेरिया निरीक्षक ने कहा कि एंटी लार्वा छिड़काव करने वाले कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। कर्मचारी मिलने पर छिड़काव कराया जाएगा। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि संवेदनशील इलाको में एंटीलार्वा का छिड़काव करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार व अन्य मरीजों को दवाएं एवं जांच कर रही हैं।

## बिहार दौरे पर कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक

### नयी सरकार को लेकर कही ये बात



पटना, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर महागठबंधन के घटक दलों के बीच विचार मंथन चल रहा है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद आज पटना आ रहे हैं। इधर कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्तचरण दास लगातार घटक दलों के नेताओं के संपर्क में हैं। इसबीच कांग्रेस के एक और महासचिव मुकुल वासनिक भी पटना पहुंचे गये हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना कार्यक्रम है, लेकिन माना जा रहा है कि वो कैबिनेट विस्तार तक पटना में ही रहेंगे।

**नयी सरकार से लोग खुश हैं**

मुकुल वासनिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना कार्यक्रम है। इसको लेकर हम पटना पहुंचे हैं। कांग्रेस पूरे बिहार में पदयात्रा निकाल रही है। सभी जिलों में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने 75 किलोमीटर यात्रा की है। कुल चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा कांग्रेस ने बिहार में किया है। इसका आज समापन भी है। कल आजादी के अमृत महोत्सव पर कांग्रेस तिरंगा यात्रा निकालेगा। उसको लेकर ही हम पटना पहुंचे हैं।

**कोई जानकारी नहीं**

उन्होंने कहा कि जहां तक मंत्रिमंडल विस्तार की बात है, तो जो बिहार प्रभारी हैं या जो बिहार के कांग्रेस के नेता हैं, वहीं इसके बारे में बताएंगे। इसके बारे में हमें जानकारी नहीं है। कांग्रेस में कौन-कौन लोग मंत्री होंगे, इसका निर्णय भी आलाकमान करेंगे। हमें जो कार्य सौंपा गया है मैं उस कार्य को संपादित करने के लिए बिहार आया हूं। कांग्रेस के आगामी कार्यक्रम बेहतर तरीके से हो, हम इसकी व्यवस्था करने आये हैं।

## घर की दीवार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत



कांकेर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण एक घर की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र के इरपानार गांव में हुआ। पुलिस को जानकारी मिली है कि परिवार सोमवार तड़के जब अपने मिट्टी के घर में सो रहा था, तभी उसकी दीवार ढह गई, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई।

अधिकारी के मुताबिक, पुलिस को जब हादसे की जानकारी मिली, तब नाव के जरिये जिला प्रशासन और पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि कांकेर में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं और कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया है। अधिकारियों के अनुसार, हादसे के संबंध में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

## आशियाना के बंगला बाजार क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के दौरान बवाल

### पथराव-हंगामे के बाद भारी फोर्स तैनात

लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। आशियाना के बंगला बाजार इलाके में स्थित चंद्रिका देवी मंदिर के सामने सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत हो गई।

सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने दोनों पक्षो को शांत करवाया। घटना के बाद से पुलिस बल मौके पर तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह के समय दो गुटों में बवाल हुआ था, जिसके बाद कुछ लोगों ने बाजार में आकर पत्थरबाजी कर दी। दोनों गुटों के लोगों के हाथों में पत्थर थे। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि कुछ लोगों ने अचानक यहां पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। अभी भी माहौल तनावपूर्ण है। भारी पुलिस बल तैनात है।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया ध्वजारोहण



लखनऊ,15 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में इस बार 15 अगस्त की सुबह बेहद खास दिखी। सुहाने मौसम के बीच वाहनों पर तिरंगा लगाये युवाओ की टोली संग बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग भारत मां का जयकारा लगाते दिखाई दिए। विधानसभा का नजारा भी बेहद खास रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन पहुंचने के साथ पहले गाड़ी में बैठे बैठे यहां पहुंचे लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद मंच की ओर प्रस्थान किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने उनका स्वागत किया।

मंच पर पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों व अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन किया। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी उपस्थित रहे। ठीक 8 बजकर 55 मिनट पर सायरन बजने के साथ ही ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। ठीक 9 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

पीएसी व आईटीबीपी बैंड की धुन पर राष्ट्रगान हुआ। इसी के साथ लखनऊवासियों ने इस पल को यादगार बना दिया। सभी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हुई।

ड्रोन कैमरे से इस ऐतिहासिक पल को हमेशा के लिए कैद कर लिया गया। इसके बाद विधानसभा में मंच के सामने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हो गईं।

## लखनऊ में बढ़ रहा कोरोना

### 157 पॉजिटिव केस, आलमबाग में सबसे ज्यादा संक्रमण




लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को 157 लोगों में वायरस मिले हैं। लगातार संक्रमितों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है।

कोरोना ने सबसे ज्यादा कहर आलमबाग में बरपाया है। 41 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। कैसरबाग में 17 लोग संक्रमित मिले हैं। चिनहट में 28, अलीगंज में 24 लोग संक्रमित मिले हैं। सरोजनीनगर में सात लोग पॉजिटिव मिले हैं। एनके रोड में 15 व सिलवर जुबली में 10 लोगों में वायरस पाए गए हैं। गोसाईंगंज और इंदिरानगर में चार-चार लोग संक्रमित मिले हैं।

**102 मरीज ठीक हुए**

कोरोना वायरस को 102 मरीजों ने हराने में कामयाबी हासिल की है। ये सभी सभी मरीज होम आईसोलेशन में थे। डॉक्टरों ने बताया कि तीन से पांच दिन में होम आईसोलेशन में मरीज ठीक हो रहे हैं।

**मरीजों की हो रही निगरानी**

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि रोजाना चार से पांच हजार लोगों की जांच कराई जा रही है। होम आईसोलेशन में संक्रमितों की सेहत की लगातार निगरानी की जा रही है। मुफ्त दवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। भीड़-भाड़ में जाने से बचें।

सर्दी-जुकाम व बुखार जैसे लक्षण नजर आने पर तुरंत जांच कराएं। सरकारी अस्पतालों में कोरोना की मुफ्त जांच हो रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मास्क लगाने की आदत लोग छोड़ रहे हैं। इसकी वजह से संक्रमण बढ़ा है।

## नीतीश कुमार व तेजस्वी की नई दोस्ती के बीच अलग सियासी जमीन तैयार कर रहे हैं पीके



पटना, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में जदयू और भाजपा की राहें अलग होने के बाद नीतीश कुमार नई सराकर बना चुके हैं। बिहार में महागठबंधन की सरकार की नई कमेटी का गठन आज होना है। इन सब के बीच बिहार की राजनीति पर पैनी नजर बनाए रखने वाले चुनावी रणनीतिकार और कभी नीतीश कुमार के साथ काम कर चुके प्रशांत किशोर भी सक्रिय राजनीति में उतरने के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। और उनका अगला लक्ष्य 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव है। पीके इन दिनों अपनी पार्टी खड़ी करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

**2024 के मध्य तक अस्तित्व में आ सकती है पार्टी**

सूत्रों के अनुसार, प्रशांत किशोर की राजनीतिक पार्टी 2024 के मध्य तक अस्तित्व में आ सकती है। माना जा रहा है कि इसके बाद वह 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में भी उतर सकते हैं। पीके और उनकी टीम इस साल मई में शुरू किए गए 'जन सुराज' यात्रा के जरिए पीके ने अपनी पार्टी को आकार देना शुरू कर दिया है। जिसको लेकर उन्होंने दावा किया है कि बिहार को एक ऐसा राजनीतिक विकल्प देने का प्रयास है जो जाति की राजनीति से ऊपर बिहार के पिछड़ेपन के पीछे के कुछ मूल मुद्दों तक पहुंच सके।

**150-200 जनसभाएं कर चुके हैं पीके**

पार्टी खड़ी करने की कवायद के बीच प्रशांत किशोर बिहार के विभिन्न जिलों में लगभग 150-200 जनसभाएं कर चुके हैं। अब पीके की टीम आगामी 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली पदयात्रा के दौरान पूरे राज्य का दौरा करेंगे और लोगों से मिलने के लिए हर पंचायत और ब्लॉक तक पहुंचेंगे। प्रशांत किशोर के अनुसार, पदयात्रा के डेढ़ साल में पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद पार्टी का ऐलान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सूत्रों ने पीके की यात्रा का उद्देश्य न केवल लोगों की समस्याओं को समझना है। बल्कि राज्य भर से सही लोगों की पहचान करना भी है, जिन्हें राजनीति में लाया सके।

**सियासी सर्वे कर रही है पीके की टीम**

जानकारी के मुताबिक प्रशांत किशोर और उनकी टीम ने पूरे राज्य में एक सर्वे किया है। जहां उन्होंने पाया कि बिहार में 67 प्रतिशत लोग मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था का विकल्प चाहते हैं और वे 30 सालों की पिछली सरकारों से संतुष्ट नहीं हैं। विकल्प की तलाश करने वालों में से 30 प्रतिशत 20 से 35 वर्ष की उम्र के युवा थे। इसके बाद, पीके ने उनके साथ आने के इच्छुक लोगों के लिए एक फोन नंबर जारी किया। प्रशांत किशोर की टीम के मुताबिक बीते 2 मई को जब यह अभियान शुरू हुआ तो 17000 लोगों ने इस नंबर पर कॉल किया और वर्तमान में यह संख्या 75000 पहुंच गई है।

## मायावती ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

### कहा- देश की सुख-शांति व समृद्धि के लिए संघर्ष जारी रखें



लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले समस्त भारतीयों को आजादी की 75वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी की सुख-शान्ति, समृद्धि व सुरक्षा के लिए अपनी संवैधानिक चिन्ता, संघर्ष व योगदान को जरूर जारी रखें। इसी में ही देश व देशवासियों की इज्जत, शोहरत व बुलंदी निहित है।

उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आकलन का भी मौका है कि इस दौरान देश ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि बुनियादी जरूरतों के क्षेत्र में कितनी अच्छी व सार्थक उन्नति की व साथ ही आगे निजी स्वार्थ व राजनीतिक संकीर्णता आदि से मुक्त होकर काम करने का प्रण करें।

## रसमलाई खाने से एक की मौत

### 8 अस्पताल में भर्ती, 2 की हालत गंभीर, एफएसडीए टीम ने दुकान से उठाया सैंपल

लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में मिलावटी मिठाई खाने से एक की मौत हो गई। एक ही परिवार के 8 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिसमें 2 की हालत नाजुक है। आलमबाग में एक दुकान से खरीदी गई मिठाई उस समय काल बन गई जब अयोध्या में ब्याही बेटी रक्षाबंधन में राखी बांधने लखनऊ अपने मायके पहुंची। यहां भाई-भतीजे को राखी बांधने के बाद रसमलाई खाने से परिवार के सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई।



जहरीली मिठाई खाने से मौत होने की खबर मिलने के बाद खाद्य विभाग की टीम आलमबाग में उस मिठाई की दुकान पर पहुंची। दुकान पर जाकर खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई और खाद्य पदार्थ के सैंपल कलेक्ट किए। मृतक (56) साल के राकेश कुमार गौड़ की मौत बलरामपुर अस्पताल में हुई। इसके अलावा 8 अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इस बीच रविवार देर रात मृतक की पत्नी राजरानी की हालत भी बिगड़ी और उन्हें भी आलमबाग के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अयोध्या की रहने वाली रीता गौड़ रक्षाबंधन के मौके पर अपने मायके पारा थाना के चंद्रोदय नगर निवासी 50 वर्षीय चाचा राकेश कुमार गौड़ के घर आई थी। रीता ने रक्षाबंधन के लिए आलमबाग चौराहे के संजय द मिठाई शॉप से रसमलाई खरीदी। इसके बाद वह राखी बांधने के लिए चाचा के घर गई। वहां चाचा राकेश, चाचा राजरानी, चचेरे भाई अमित और सुमित को राखी बांधकर व रसमलाई देकर कृष्णानगर अपने पिता राजकुमार गौड़ के घर गई। वहां भाई और पिता को राखी बांधकर लालकुंआ में मामा छोटेलाल के घर रसमलाई लेकर गई। वही, दूसरी तरफ मिठाई खाने के बाद पिता राजकुमार गौड़, मां ज्ञानवती और मामा छोटेलाल की हालत भी बिगड़ी। सभी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रसमलाई खाते ही चाचा, चाची और भाइयों की तबियत बिगड़ गई। हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से तीनों को लेकर तड़के ही निजी अस्पताल पहुंचे। जहां पर एक को अस्पताल में इमरजेंसी से ही रेफर कर दिया। 35 वर्षीय सुमित को भर्ती कर इलाज करना शुरू किया। इस बीच 108 एम्बुलेंस के जरिए गंभीर हालत में राकेश कुमार गौड़ को परिजन बलरामपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## बर्फबारी में भी जवानों को ठंड से बचाएगी ये डिवाइस

### बेतिया के युवक का दावा, 1000 रुपए की आई लागत, प्रधानमंत्री से मांगी मदद

बेतिया, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बेतिया के संजीत रंजन (28वर्ष) ने भारतीय सेना की मदद के लिए एक डिवाइस तैयार किया है। संजीत ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है, जिसे पॉकेट में रखकर सेना के जवान अपना काम कर सकते हैं। डिवाइस उन्हें ठंड में गर्म और गर्मी में ठंड का एहसास दिलाएगा। बर्फीली इलाकों में भी तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। एक बार चार्ज करने पर यह 24 घंटे तक काम करेगा। संजीत नौतन प्रखंड के धुसवा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता रामकुमार शर्मा गांव में ही रहते हैं। संजीत ने बताया कि इस डिवाइस का आकार एक पावरबैंक के समान है। इसमें एक एसी, हीटर, एक चार्जेबल बैट्री, एयरपंप, सर्किट (एक मशीन जो गर्म व ठंडा करता है) लगा हुआ है। दो साल में सिर्फ डिवाइस की बैट्री बदलनी होगी। उन्होंने बताया कि बैट्री के अनुसार यह डिवाइस छह से चौबीस घंटे तक लगातार काम कर सकता है। इसे तैयार करने में मात्र एक हजार रुपए की लागत आई है।




यह डिवाइस इतना छोटा है कि उसे पॉकेट में आसानी से रखा जा सकता है। डिवाइस से एक तार बाहर निकला हुआ है। इसे शरीर के किसी अंग से स्पर्श करा देना है। गर्म ठंडा का स्विच ऑन करते ही यह डिवाइस माइनस जीरो डिग्री तापमान में भी शरीर को गर्म एवं भीषण गर्मी में भी शरीर को बिल्कुल ठंडा रख सकता है। संजीत ने दावा किया कि विश्व में ऐसा डिवाइस अभी कही नहीं है। संजीत ने सुपर बैट्री का भी निर्माण किया है। इस बैट्री को चार्ज नही करना पड़ेगा। यह बैट्री वायुमंडल से सौर ऊर्जा को खींचकर खुद को चार्ज करेगा। इसके निर्माण के बाद संजीत ने सहयोग के लिए पीएम को पत्र लिखा। पीएम की ओर से कोई तत्काल मदद तो नहीं मिली, लेकिन उसका पत्र बिहार साइंस एंड टेक्नालॉजी विभाग को चला गया। इसके बाद विभाग ने संजीत से वर्किंग मॉडल दिखाने की मांग किया। संजीत ने बताया कि 2019 के अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में वह डेमो को विभाग के पास भेजा था। लेकिन, विभाग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

## बारिश में पानी को तरसता बिहार का जमुई

### 2 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर लोग हैंडपंप बंद पड़े, नल-जल योजना भी फेल

जमुई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बारिश में भी बिहार का जमुई पानी के लिए तरस रहा है। यहां के गांवों में लोग पीने के पानी के लिए 2 किलोमीटर दूर जाते हैं। अपने सारे काम छोड़कर महिलाएं पानी भरने में लगी रहती हैं। लोग 3-4 घंटे सिर्फ पानी भरने में ही बर्बाद कर रहे हैं। यहां नल-जल योजना भी पूरी तरह से फेल हो चुकी है। हैंडपंप अब भी सूखे हैं। हर घर में जल पहुंचाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रॉजेक्ट माना जाता है। नल जल योजना के तहत बिहार सरकार ने हर घर नल जल योजना की शुरुआत की। लेकिन, जमुई के लक्ष्मीपुर प्रखंड के दिग्गी पंचायत के कोरियाटाड़ महादलित बस्ती में पहुंचते ही इस योजना ने दम तोड़ दिया है।

हाल यह है कि दो किलोमीटर दूर बहियार में एक कुएं से महिलाएं और बच्चियां पानी लाती हैं। जिससे परिवार के सारे लोगों की प्यास बुझती है। इस पानी को लाने में महिलाओं को हर दिन सुबह, दोपहर, शाम दो घंटे जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह दुर्दशा लक्ष्मीपुर प्रखंड के दिग्गी पंचायत के कोरियाटाड महादलित गांव की है। यहां की आबादी 400 से अधिक है। गांव की महिला सुखानी देवी, कंचन देवी, मनी देवी और अन्य बताती है कि मेरे दादा, परदादा भी पानी लाते लाते चले बसे। हमलोग भी बूढ़े होने वाले है, लेकिन गांव में पानी कभी नहीं आया। 2 किमी चलकर पानी लाते हैं। मुखिया,सरपंच सिर्फ वोट लेने आते है। गांव में नल है पर पानी कभी नहीं आता है। गांव के पंच गौतम मांझी ने बताया कि पानी की समस्या है। मुखिया को आवेदन दिए गया पर कुछ नहीं हुआ। गांव के बासुकी राम बताते है कि 2017 में पानी का टंकी लगाया गया। इससे कभी पानी बस्ती में आया ही नहीं। अधिकारी पदाधिकारी भी आए पर कोई पानी नहीं ला पाए। कुछ दिन पहले इस समस्या को लेकर जमुई डीएम साहब को आवेदन दिया गया है। गांव के मुखिया प्रदीप यादव ने फोन पर बताया की हम अभी नए है। पूर्व जनप्रतिनिधियों के द्वारा पानी का टावर लगाया गया था। जो सिर्फ देखने का रह गया है। जल्द ही समस्या का निवारण किया जाएगा।



## बिहार कैबिनेट में मंत्री पद के बंटवारे के लिए जमकर हुई गाली गलौज

पटना, 15 अगस्त (एजेंसियां)। नीतीश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को बिहार कैबिनेट का विस्ताक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिहार के राज्यपाल फागु चौहान मंगलवार की शाम को मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। ऐसे में बिहार में मंत्री मंडल के विस्तार के साथ ही महागठबंधन में बवाल शुरू हो गया है। स्वतंत्रता दिवस के दिन मंत्री पद के बटवारे को लेकर सदागत आश्रम में जमकर बवाल हुआ है। नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में काफी उम्मीद लेकर आए कांग्रेस विधायक कैबिनेट में केवल तीन सीट मिलने से नाराज हैं। कार्यकर्ताओं के मुताबिक संख्या के हिसाब से कांग्रेस को कम से कम पांच मंत्री पद मिलने चाहिए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रभारी भक्त चरण दास पर पार्टी को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए जमकर गाली गलौज की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रभारी के कारण बिहार में पार्टी को नुकसान हो रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वो किसी प्रभारी को नहीं मानते हैं। पार्टी का कोई नेता नहीं नहीं है, वो केवल राहुल गांधी को मानते हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी को उसका वाजिब हक मिलना चाहिए। कार्यकर्ता पांच से कम मंत्री पद पर मानने को तैयार नहीं है। कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास कार्यकर्ताओं के बीच में फंस गए थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता किसी तरह प्रभारी को लोगों के बीच से निकालकर बाहर लेकर आए, ताकि वो तिंरगा मार्च में शामिल हो सके। सदागत आश्रम में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गयासुद्दीन खान और आपात खान जैसे नेता आश्रम के गेट पर आकर विरोध करने लगे। इस दौरान दोनों ने पार्टी प्रभारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा कि महागठबंधन में नीतीश कुमार के द्वारा जितनी सीट मंत्रिमंडल में मिली है। सम्मानजनक है।



## राजेश कुमार और शकील अहमद खान नई सरकार में कांग्रेस कोटा से बनेंगे मंत्री!

पटना, 15 अगस्त (एजेंसियां)। नीतीश सरकार के नए मंत्रिमंडल का मंगलवार को विस्तार होना है। इसको लेकर कवायद शुरू हो गई है। कांग्रेस के अंदर भी अब संशय के बादल छंट गए हैं। जो सूचना आ रही है उसके अनुसार राजेश कुमार और शकील अहमद नीतीश सरकार के नए मंत्रिमंडल में कांग्रेस कोटा से मंत्री बनेंगे। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने इन दोनों का नाम सीएम नीतीश कुमार के पास भेज दिया है। बताते चलें कि नई सरकार में कांग्रेस कोटे से तीन लोगों को मंत्री बनना है।

## कानपुर में पकड़ा गया मोतिहारी का हबीबुल

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का आरोप

मोतिहारी/कानपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने के आरोप में मोतिहारी के रहने वाले हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला को उत्तर प्रदेश एटीएस ने को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सहारनपुर के एक मोहम्मद नदीम की हालिया गिरफ्तारी के बाद हुई है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि नदीम के भारतीय संपर्करहे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी हबीबुल इस्माल उर्फ सैफुल्लाह को कानपुर से एटीएस ने गिरफतार किया है। 19 वर्षीय हबीबुल इस्लाम मूल रूप से बिहार के मोतिहारी जिले रामगढ़वा का निवासी है और इन दिनों फतेहपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सैय्यदबाड़ा में रहता था। एटीएस के अनुसार जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी मोहम्मद नदीम से प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग मिले थे। बयान में कहा गया है कि हबीबुल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह नदीम को जानता था और दोनों जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नेटवर्क से जुड़े थे। एटीएस के अनुसार, हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला वर्चुअल आइडी बनाने में माहिर था। उसने नदीम के साथ-साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवादियों को लगभग 50 वर्चुअल आइडी बनाकर दी है। वह टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और फेसबुक मैसेंजर जैसे विभिन्न सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकी नेटवर्क से जुड़ा था। हबीबुल वर्चुअल आईडी के माध्यम से विभिन्न समूहों से जुड़ा हुआ था और समूह के अन्य सदस्यों को वर्चुअल आइडी भी देता था।



स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 16 अगस्त, 2022

# देशभक्ति के प्रमाणपत्र की बार-बार माँग क्यों ?



श्रवण गर्ग

सत्ताएँ जब जनता को उसके सपनों की समृद्धि हासिल करवाने में नाकामयाब हो जाती हैं तो वे बजाय अपनी विफलताओं को विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर पश्चाताप करने के किसी वर्ग के विशेष ख़िलाफ़ शस्त्र उठाने का उद्घोष करने वाली धर्म संसदों की आढ़ में छुपने लगतीं हैं या फिर अपने नागरिकों के हाथों में झंडे थमा देती हैं। झंडा तब राष्ट्र के नागरिकों की अंतरात्मा और आकांक्षाओं के प्रतीक के स्थान पर व्यक्तिवादी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का हथियार नज़र आने लगता है। तिरंगे को लेकर दिए गए बलिदानों की हज़ारों-लाखों भारतीय कहानियाँ ख़ून और आंसुओं से लिखी हुईं और देश भर में बिखरी पड़ीं हैं। हो यह रहा है कि आज़ादी की लड़ाई के दौरान किए गए देशभक्ति के संघर्षों को इस समय राष्ट्रवाद के गोला-बारूद में ढाला जा रहा है। आज़ादी प्राप्ति के अमृतकाल को विभाजन की विभीषिका की पीड़ादायक स्मृतियों से रंगा जा रहा है। देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों की कल्पना का तिरंगा तो पीएम द्वारा किए गए आह्वान के काफ़ी पहले से पटना में सचिवालय के बाहर महान मूर्तिकार देवी प्रसाद रॉय चौधुरी की अभिकल्पना का मूर्त रूप धारण किए सात युवा शहीदों की जीवनाकार कांस्य प्रतिमा में अंकित है। देशभक्ति के जज़्बे से रोमांचित कर देने वाली यह प्रतिमा उन सात युवा छात्रों के संकल्प का दर्शन कराती है जिन्हें 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान तिरंगा फहराने के प्रयास में 11 अगस्त 1942 को अंग्रेज़ों द्वारा निर्दयतापूर्वक गोलियों से भून दिया गया था। इन सात युवाओं में तीन, कक्षा नौ में पढ़ाई करते थे। पच्चीस अन्य युवा तब गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान तेरह से पंद्रह अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान नागरिकों से किया है। पीएम ने यह अपील भी की है कि सभी लोग अपने सोशल मीडिया अकाउंट में तिरंगे की डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) लगाकर इस राष्ट्रीय अभियान को और सशक्त बनाएँ।सरकार तिरंगे के लिए कपड़ा खादी का ही होने की अनिवार्यता पहले ही समाप्त कर चुकी है।

प्रधानमंत्री को पूरा अधिकार है कि वे समय-समय पर देश के नागरिकों का आह्वान करते रहें। हमारे कई पूर्व प्रधानमंत्री भी अतीत में ऐसा करते रहे हैं, पर केवल राष्ट्रीय संकटों के दौरान अथवा किसी महत्वपूर्ण अवसर पर। अन्न-संकट के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के आह्वान पर पूरा देश सप्ताह में एक दिन उपवास रखता था (प्रधानमंत्री ने अपने पंद्रह अगस्त के लाल क़िले से उद्बोधन में शास्त्री जी के 'जय जवान ,जय किसान' नारे का उल्लेख भी किया )। चीनी आक्रमण के दौरान पंडित नेहरू केआह्वान पर देशवासियों द्वारा किए गए त्याग की अनेक कथाएँ हैं। नागरिक अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहते थे। उनका उत्साह स्व-स्फूर्त रहता था। तत्कालीन सत्ताओं ने न तो कभी नागरिकों के राष्ट्रप्रेम की परीक्षाएँ लीं, और न ही अपने आह्वानों को राष्ट्रीय उत्सवों में परिवर्तित किया।याद यह भी किया जा सकता है कि आज़ादी के पचास साल पूरे होने पर 'स्वर्ण जयंती' वर्ष को तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किस तरह से मनाया था, देश को किस तरह की सौग़ातें उन्होंने दीं थीं ! या आज़ादी की साठवीं वर्षगाँठ या 'हीरक जयंती' के अवसर पर पंद्रह साल पहले देश में किसकी सरकार थी, और तब क्या हुआ था ? 'साल 2020 के पीड़ादायक कोरोना काल में जब देश भारी संकट से गुज़र रहा था, प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया था कि वे 22 मार्च की शाम अपने घरों के दरवाज़ों, खिड़कियों के पास या बालकनियों में खड़े हो पाँच मिनिट तक ताली-थाली बजाकर अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं के प्रति धन्यवाद का ज्ञापन करें ।अपने तमाम अभावों और कष्टों को भूलकर नागरिकों ने प्राणप्रण से प्रधानमंत्री की भावनाओं का सम्मान किया। उसके बाद क्या हुआ ?

दवाओं, ऑक्सिजन की कमी और कोविड से निपटने की अपर्याप्त सरकारी कोशिशों की जानकारी और नागरिक मौतों के आँकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों में तलाश किए जा सकते हैं। कोविड के टीकों को लेकर देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धि की चर्चा तो प्रधानमंत्री दुनिया भर में गर्व के साथ करते हैं, पर आज़ादी के अमृतकाल के ठीक पहले कोविड से हुई लाखों मौतों के सवाल पर वे विश्व स्वास्थ्य संगठन के दावों को कोई चुनौती नहीं देते। ग़लत-सही आरोप यह है कि प्रधानमंत्री अपने हरेक नागरिक आह्वान को अपनी लोकप्रियता और सरकार की उपलब्धि में तब्दील करके उसे दुनिया के सामने भारत की ताक़त के प्रदर्शन के रूप में पेश कर देते हैं।

पूछा जा सकता है कि देश के 140 करोड़ नागरिकों (जिनमें वे बाइस करोड़ मुस्लिम भी शामिल हैं, जिनकी भारतीयता और देशभक्ति को संघ और (जनसंघ) भाजपा द्वारा पिछले पचहत्तर सालों से शक की नज़रों से देखा जाता रहा है ) से उनकी राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बार-बार क्यों माँगा जाना चाहिए ? बहुत सम्भव है कि प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद मदरसों और मस्जिदों की छतों पर दूर से ही नज़र आ जाने वाले तिरंगे सरस्वती शिशु मंदिरों और हिंदू धार्मिक स्थलों से पहले ही लगा दिए गए हों।

एनडीए-शासित उत्तराखंड राज्य के भाजपा प्रमुख के हवाले से वायरल हुए वीडियो में अगर कोई सच्चाई है तो उनका कहना है कि : ₹भारत उन लोगों पर भरोसा नहीं कर सकता है, जो राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराते।जिसके घर में तिरंगा नहीं लगेगा, हम उसे विश्वास की नज़र से कभी देख नहीं पाएंगे। मुझे उस घर का फ़ोटो चाहिए जिस घर में तिरंगा न लगा हो। समाज देखना चाहता है उस घर को, उस परिवार को देखना चाहता है कि भारत को लेकर सम्मान का भाव किस-किस (परिवार) के अंदर नहीं है। घर में देश का झंडा लगाने से किसे दिक्कत हो सकती है? देश ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं कर सकता जो तिरंगा नहीं फहराते हों।''

नागरिक डरे हुए हैं। वे स्वीकार नहीं करना चाहते हैं कि तिरंगे को लेकर सरकार उन्हें डराने की कोई भावना रखती है। पर ऐसा हो रहा है। जो नज़र आ रहा वह यही है कि तिरंगे को राष्ट्र के प्रति प्रेम का प्रदर्शन करने से अधिक देश के प्रति वफ़ादारी साबित करने का अवसर बनाया जा रहा है। ('हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने वाले नागरिक सरकार से एक 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' (Certificate) भी प्राप्त कर सकेंगे।इसके लिए सरकार द्वारा एक वेबसाइट जारी की गई है जिस पर नागरिकों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फ़ी अपलोड करना होगा।)

प्रधानमंत्री के आह्वान की उपलब्धि इस बात को अवश्य माना जा सकता है कि तिरंगे को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ख़िलाफ़ आज़ादी के बाद से ही लगाए जा रहे रहे आरोप तात्कालिक रूप से ही सही, ख़ारिज करना पड़ रहे हैं। संघ ने तिरंगा भी फहरा लिया है, और अपनी डीपी भी बदल ली है। मानकर चला जा सकता है कि प्रधानमंत्री का कोई नया आह्वान संघ की विचारधारा को भी बदलकर उदार बना देगा। प्रधानमंत्री के उस आह्वान के दिन की प्रतीक्षा उत्सुकता से की जानी चाहिए !

http://shravangarg1717.blogspot.com

# महंगाई की गर्मी उतरी

रिजर्व बैंक ने इसलिए राहत की सांस ली है कि जुलाई में खुदरा महंगाई की दर में कमी आई है। इसके लिए सरकार ने भी खुशी जाहिर की है कि उसका प्रयास धीरे ही सही लेकिन रंग ला रहा है। लगातार तीसरे महीने महंगाई का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है, तो जाहिर है कि सरकार के प्रयास कारगर साबित हो रहे हैं। जून में खुदरा महंगाई दर 7.01 फीसद पर थी, जो जुलाई में घट कर 6.71 पर पहुंच गई। देखा जाए तो अब भी यह दर रिजर्व बैंक के छह फीसद के लक्ष्य से ज्यादा है। इसके बाद भी राहत की बात है कि खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट आई है। सब्जियों, खाद्य तेलों, मांस-मछली की कीमतों में भी कमी दर्ज की गई है। महंगाई घटने के पीछे पीछे बड़ी वजह वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में आई कमी बताई जा रही है। बता दें कि विश्व बाजार में खुदरा वस्तुओं की कीमतें घटने से आयातित वस्तुओं के दाम भी गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक ने पिछले दिनों ही तीन बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की जिससे खुदरा महंगाई पर काबू पाया जा सके। इसके अच्छे आए नतीजों को देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही रेपो रेट में कुछ और बढ़ोतरी और की जा सकती है। इसके बाद भी सरकार के सामने अब भी डीजल-पेट्रोल और बिजली की कीमतों पर लगाम लगाने की समस्या मुंह बाए खडी है। हालांकि खुदरा महंगाई के सामने थोक महंगाई पर अंकुश लगाना सरकार के लिए अभी भी चुनौती बनी हुई है। जैसे-जैसे खुदरा महंगाई दर घट रही है वैसे-वैसे औद्योगिक उत्पादन भी नीचे जा रहा है। जून में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक घट कर 12.3 फीसद रह गया, जबकि मई में 19.6 फीसद पर था। औद्योगिक उत्पादन घटने का सीधा गणित है कि थोक महंगाई दर का बढ़ना। खुदरा महंगाई की दर नीचे आने से लोगों को रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली चीजों पर भले ही कम खर्च करना पड़ेगा, लेकिन इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिलेगी, इसमें संदेह है। जब तक औद्योगिक उत्पादन के मामले में निराशाजनक प्रदर्शन बना रहेगा, तब तक आर्थिक मुश्किलों का सामना करना आसान नहीं होगा। औद्योगिक उत्पादन बढ़ने का मतलब साफ है कि रोजगार के नए अवसर ज्यादा पैदा होंगे। जाहिर है जब लोगों को रोजगार मिलेगा, तो उनका जेब भी क्रय क्षमता में बेहतर रहेगा। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी तो बाजार गुलजार होते देर नहीं लगेगा। इसलिए खुदरा महंगाई में आई इस गिरावट से बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। बाजार कब डगमगा जाए कहा नहीं जा सकता। फिर भी कयास लगाए जा सकते हैं कि विश्व बाजार में जिस तरह वस्तुओं की कीमतें गिर रही हैं, उसे देखते हुए कच्चे तेल की कीमतों में भी कमी आएगी। लेकिन बाजार का यह अनुमान हमेशा सही ही साबित हो, यह जरूरी भी नहीं है। बता दें कि अपने देश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से औद्योगिक उत्पादन पर ही निर्भर होती गई है। इसके बावजूद पिछले कुछ सालों से भारी उद्योगों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रहा है। विदेशी निवेशकों ने भी रुचि दिखाना लगभग बंद कर दिया है। छोटे, मंझोले और सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहन देने की तमाम सिफारिशों और कोशिशों के बावजूद उनकी स्थिति सुधरने का नाम नही ले रही है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक स्थिति बनी हुई है। जाहिर है जब तक वस्तुओं को बाजार नहीं मिलेगा, घरेलू और बाहर के बाजार में खरीदार नहीं मिलेंगे, तब तक उत्पादन की दर सिर्फ घाटे का ही सौदा रहेगा। लाख कोशिशों के बाद भी सरकार रोजगार के मोर्चे पर इसीलिए सफल नहीं हो पा रही कि औद्योगिक क्षेत्र में लगातार सुस्ती बनी हुई है। सुखद तो यह है कि खनन, बिजली उत्पादन जैसे कुछ क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, लेकिन उनमें भी व्यावहारिक नीतियां न अपनाई जाने से कई तरह की अड़चनें पैदा हो रही हैं। ऐसे में महंगाई के मोर्चे पर सरकार को खुदरा और थोक के बीच संतुलन बनाने के और कठिन प्रयास करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

# चीन और भारत की नोंक-झोंक



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आजकल भारत और चीन के बीच काफी नरम-गरम नोंक-झोंक चलती नजर आती है। गलवान घाटी विवाद ने तो तूल पकड़ा ही था लेकिन उसके बावजूद पिछले दो साल में भारत-चीन व्यापार में अपूर्व वृद्धि हुई है। भारत-चीन वायुसेवा आजकल बंद है लेकिन इसी हफ्ते भारतीय व्यापारियों का विशेष जहाज चीन पहुंचा है। गलवान घाटी विवाद से जन्मी कटुता के बावजूद दोनों देशों के सैन्य अधिकारी बार-बार बैठकर आपसी संवाद कर रहे हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भारतीय और चीन के विदेश मंत्री भी आपस में मिले हैं। इसी का नतीजा है कि विदेशी मामलों पर काफी खुलकर बोलनेवाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के विरुद्ध लगभग मौन दिखाई पड़ते रहे। यही बात हमने तब देखी, जब अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर जबरदस्त हंगामा हुआ। पेलोसी की ताइवान-यात्रा के समर्थन या विरोध में हमारे प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की चुप्पी आश्चर्यजनक थी लेकिन यह चुप्पी अब टूटी है। क्यों टूटी है? क्योंकि चीन ने इधर दो बड़े गलत काम किए हैं। एक तो उसने सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के नागरिक अब्दुल रउफ अजहर को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव का विरोध कर दिया है और दूसरा उसने श्रीलंका के हंबनतोता बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज ठहराने की घोषणा कर दी थी। ये दोनों चीनी कदम शुद्ध भारतविरोधी हैं। अजहर को अमेरिका और भारत, दोनों ने आतंकवादी घोषित किया हुआ है। चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने का यह दुष्कर्म पहली बार नहीं किया है। लगभग दो माह पहले उसने लश्करे-तैयबा के अब्दुल रहमान मक्की के नाम पर भी रोक लगवा दी थी। इसी प्रकार जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद को आतंकवादी घोषित करने के मार्ग में भी चीन ने चार बार अडंगा लगाया था। अब्दुल रउफ अजहर पर आरोप है कि उसने 1998 में भारतीय जहाज के अपहरण, 2001 में भारतीय संसद पर हमले, 2014 में कठुआ के सैन्य-शिविर पर आक्रमण और 2016 में पठानकोट के वायुसेना पर हमले आयोजित किए थे। चीन इन पाकिस्तान के आतंकवादियों को संरक्षण दे रहा है लेकिन उसने अपने लाखों उइगर मुसलमानों को यातना शिविरों में झोंक रहा है। ये पाकिस्तानी आतंकवादी उन्हें भी उकसाने में लगे रहते हैं। यह मैंने स्वयं चीन के शिन-च्यांग प्रांत में जाकर देखा है। इसीलिए चीन के इस कदम की भारतीय आलोचना सटीक है। जहां तक ताइवान का प्रश्न है, भारत की ओर से की गई नरम आलोचना भी समयानुकूल है। वह चीन-अमेरिका विवाद में खुद को किसी भी तरफ क्यों फिसलने दे?

# शहीद झूरी सिंह ने फूंका अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल



प्रभुनाथ शुक्ल

स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास रणबांकुरे से भरा पड़ा है। देश को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए लाखों लोग अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे शहीदों की संख्या अनगिनत है। काशी-प्रयाग के मध्य गंगा की माटी में पले-बढ़े शहीद झूरी को याद करना जरुरी है। तत्कालीन जनपद मिर्जापुर के भदोही में शहीद झूरी सिंह के नेतृत्व में अंग्रेजो के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका गया था। झूरी सिंह का जन्म भदोही जनपद के परऊपुर गांव में 21 अक्टूबर 1816 में हुआ था। उनके पिता का नाम सुदयाल सिंह था। अंग्रेजों के खिलाफ 28 फरवरी को अभोली में सभासिंह के बाग में मीटिंग आयोजित कि गयी थीं जिसका मकशद था अंग्रेजों को नील की खेती से रोकना। बाद में खुद की सेना को संगठित कर अंग्रेजों के खजाने को लूट कर देश को गुलामी से मुक्त कराना था। अंग्रेजों के खिलाफ इस रणनीति में उदवंत सिंह, राम बक्श सिंह, भोला सिंह, रघुवीर सिंह, दिलीप सिंह, माता भक्त सिंह, सर्वजीत सिंह, राजकरण सिंह, संग्राम सिंह, महेश्वरी प्रसाद, बलभद्र सिंह, शिवदीन, रामटहल हनुमान जैसे ब्राम्हण युवा शामिल हुए। देश में 1857 की क्रांति भड़कने के बाद अंग्रेजो के खिलाफ गांव-गांव में आक्रोश फैलने लगा था। जनता नील की खेती का विरोध करने लगी थी। शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र रामेश्वर सिंह ने बताया कि यूरोपीयन इतिहासकार जक्शन ने लिखा है कि 10 जून 1857 को भदोही में क्रांति ने इतना व्यापक रूप ले लिया था कि अंग्रेज सिपाहियों को मिर्जापुर की पहाड़ी पर भागना पड़ा था। भंडा गांव में अंग्रेजों द्वारा नियुक्त सजावल को घायल कर दिया गया और जीटी रोड पर अवरोध उत्पन्न कर मालखाने को लूट लिया गया। इस सफलता के बाद संगठित सेना गठित कर अपने सिपाहियों की नियुक्त कर उदवंत सिंह को राजा घोषित कर दिया गया। उदवंत सिंह की गतिविधियों की खबर जब अंग्रेजों को मिल तो खलबली मच गयी। जिसका नतीजा हुआ कि 16 जून को अंग्रेजों ने अपनी चाल बदलते हुए मिर्जापुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर जो बंगाल सिविल सेवा का अधिकारी था उसकी नियुक्ति भदोही के पाली गोदाम पर कर दी गयी। अंग्रेज यहाँ नील की खेती कराते थे। इसके बाद अंग्रेज अफसर ने एक साजिश रची और क्रांति का नेतृत्व कर रहे उदवंत सिंह को निमंत्रण पत्र भेजकर बुलवाया। फिर उदवंत सिंह के साथ दो और और क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर गोपीगंज के शाहीमार्ग पर इमली के पेड़ पर फांसी पर लटका दिया गया। फांसी की घटना के बाद भदोही की जनता का आक्रोध फूट पड़ा। शहीद उदवंत सिंह की धर्मपत्नी रत्ना सिंह ने तलवार उठा लिया और मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर का वध करने की ठान लिया। बाद में इस आंदोलन का नेतृत्व झूरी सिंह ने अपने हाथ में ले लिया। झूरी सिंह मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर को जिंदा नहीं देखना चाहते थे। उन्होंने अपने क्रांतिकारी साथियों को लेकर पाली स्थित नील गोदाम पर आक्रमण कर दिया। आक्रमण में तीन अंग्रेज अधिकारी और कुछ सिपाहियों हत्या कर दी गयी। रामेश्वर सिंह के अनुसार क्राउन बनाम झूरी सिंह की गवाही में बताया गया है कि करीब 300 आजादी के दीवानों ने 4 जुलाई शाम 4:00 बजे पाली गोदाम पर आक्रमण किया था। आंदोलनकारियों के हमले से बचने के लिए ने पाली गोदाम से रिचर्ड म्योर अपनी जान बचाने के लिए भागना चाहा। लेकिन वहां शीतक पाल नामक गडेरिया अपनी भेड़ चरा रहा था। झूरी सिंह ने उसे ललकारा कि अंग्रेज भागने न पाए उसके पैर में लग्गा फसाओ। शीतल पाल ने वैसा ही किया और अंग्रेज अफसर गिर पड़ा। इसके बाद फौरन शहीद झूरी सिंह शेर की माफिक उस पर टूट पड़े और तलवार से उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया। बाद में 16 साल का मुसई सिंह रिचर्ड म्योर का सिर हाथ में पकड़कर झूरी सिंह के साथ उदवंत सिंह की पत्नी रत्ना सिंह के पास पहुंच कर सामने पटक दिया। क्योंकि रत्ना सिंह ने कसम खाई थी कि जब तक उदवंत सिंह की हत्या बदला उन्हें नहीं मिल जाता वह चैन से नहीं जी सकती। इस घटना के बाद मुसई सिंह को पांच जुलाई को काले पानी की सजा सुनायी गयी और अन्डमान भेज दिया गया। पाली गोदाम पर आंदोलनकारियों के हमले और अंग्रेज अफसरों की हत्या के बाद हुकूमत की चूल्हे हिल गई। फिर अंग्रेज अफसर जार्ज वाकर के आदेश पर कर्नल सार्जेंट और तना नूर के नेतृत्व में एक टुकड़ी पाली गोदाम भेजी गयी। जबकि कर्नल पीवाकर पांच जुलाई को ही पाली गोदाम पहुंच गया था। जिसके बाद सेना के साथ क्रांतिकारियों की जमकर मुठभेड़ हुई। फिर झूरी सिंह के गांव परऊपुर और सदौपुर गांव में अंग्रेजों ने आग लगा दिया। झूरी सिंह को पकड़ने के लिए 1000 और उनके साथियों को पकड़ने के लिए 500 का इनाम घोषित किया गया। 12 जुलाई को भदोही के नए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट माखनलाल को आदेश दिया गया कि झूरी सिंह के साथियों को जल्द गिरफ्तार किया जाय। रामेश्वर सिंह के अनुसार यूरोपीयन इतिहासकार ने लिखा है कि झूरी सिंह को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था। झूरी सिंह को सेना संगठित करने और हथियार खरीदने के लिए अभोली, सुरियावां के कृपालपुर बिसौली और कारी गांव के लोगों ने आर्थिक मदद और छुपने के लिए शरण दिया। झूरी सिंह को पकड़ने के लिए मेजर वारनेट, साइमन, पी वाकर, इलियट और हैंग जैसे अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित गयी। इसी बीच 24 अगस्त को मिर्जापुर में झूरी सिंह कि मुलाकात जगदीशपुर आरा (बिहार) के क्रांतिकारी कुंवर सिंह से हो जाती है। जिसका नतीजा यह हुआ कि क्रांति की आग दुद्धी-सिंगरौली एवं रोहतास (बिहार) तक पहुंच गयी। क्रांतिकारियों ने घोरावल थाने को लूट लिया।रापटगंज की तहसील में आग लगा दी गयी।फिर आंदोलन की आग बढ़ती हुई है रीवां यानी मध्य प्रदेश तक पहुंची गयी। अंग्रेजों की फ़ौज झूरी सिंह को गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी, लेकिन झूरी सिंह के परिजनों पर अंग्रेजों का अत्याचार बढ़ता जा रहा था। झूरी सिंह छुपते -छुपाते नेपाल पहुंच गए बाद में पूर्वी चंपारण होते हुए आरा पहुंचे। यहाँ रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह चंदौली के रास्ते वाराणसी पहुंच गए। कपसेठी के लोहराडीह खुरैइयां गांव में उनकी ससुराल थी। लेकिन ससुराल के लोगों ने उनके खिलाफ साजिश रची। इसकी भनक खुद झूरी सिंह को नहीं लग पायी। ससुराल में झूरी सिंह के छुपे होने की सूचना पर अंग्रेज सिपाही ससुराल उन्हें गिरफ्तार कर मिर्जापुर जेल में बंद कर दिया। जहाँ अंग्रेजी हुकूमत खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा चला। फिर मिर्जापुर के ओझला नाले पर उन्हें फांसी दे दी गयी। झूरी सिंह का बलिदान देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिख उठा।

# नीतीश कुमार का मंकी पॉलिटिक्स

मित्रों, आज से 4० साल पहले जब हम सुनते थे कि अमेरिका-यूरोप में छोटी-छोटी बातों पर विवाह टूट जाता है तो हमें घोर आश्चर्य होता. जैसे अगर पति-पत्नी में से कोई एक खर्राटा लेता है, पति-पत्नी के पसंद के भोजन अलग-अलग हैं इत्यादि. फिर पति और पत्नी अलग. इस तरह एक-एक पुरुष या महिला पूरे जीवन में कई-कई शादियाँ कर चुके होते हैं.मित्रों, आज जब हम बिहार के कथित समाजवादी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की राजनीति को देखते हैं तब हमें यूरोप और अमेरिका में छोटी-छोटी बातों पर होनेवाले तलाकों पर आश्चर्य नहीं हो रहा क्योंकि यह आदमी तो कुर्सी पर बने रहने के लिए बार-बार जनमत का भी अपमान कर दे रहा है. इसके लिए जैसे गठबंधन और चुनाव बेमानी हो गए हैं. चुनाव किसी और के साथ मिलकर लड़ो और सरकार किसी और के साथ बना लो. शादी किसी और के साथ और सुहागरात किसी और के साथ. जिस देश में अटल जी ने अपनी सरकार एक वोट से गिरवा ली लेकिन खरीद-फरोख्त नहीं किया उसी देश में उनकी सहायता से बिहार की राजनीति में शून्य से शिखर तक की यात्रा करनेवाला व्यक्ति ऐसा कर रहा है.

मित्रों, जिन लोगों को लगता है कि नीतीश कुमार ने अचानक रामचंद्र प्रसाद सिंह से परेशान होकर यह कदम उठाया है तो उन लोगों को हम बताना चाहेंगे कि ऐसा हरगिज नहीं है. कुछ भी अचानक नहीं हुआ है बल्कि सबकुछ सुनियोजित था. दरअसल नीतीश कुमार की राजनीति ही इसी तरह की रही है. वे हमेशा एकसाथ दो नावों की सवारी करते रहे हैं. वो जब सरकार में भाजपा के साथ होते हैं तो राजद से मेलजोल बनाए रखते हैं और जब राजद के साथ होते हैं तो भाजपा के साथ. जब-जब उनको लगने लगता है कि अब गठबंधन का सहयोगी उनके ऊपर हावी होने लगा है तब-तब वो नाव बदल लेते हैं. फिर कुछ दिनों तक जब तक हनीमून पीरियड रहता है सबकुछ ठीक लगता है और उसके बाद फिर से वही गन्दा खेल . निकाह, तलाक, हलाला और फिर से निकाह. नीतीश अचानक कुछ भी नहीं करते. नीतीश पहले गठबंधन से भागने की योजना बनाते है फिर बहानों की तलाश करते हैं.

मित्रों, एक कहावत है कि लालचियों की बस्ती में ठग कभी भूखो नहीं मरते. बिहार में भी ऐसा ही हो रहा है. सत्ता किसे नहीं चाहिए? भले ही वो आधी सत्ता ही क्यों न हो सो जब भी नीतीश भाजपा या राजद की तरफ हाथ बढ़ाते हैं दोनों लपक लेते हैं और इस प्रकार पिछले २० सालों से नीतीश कुमार बिना विधायक का एक भी चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बने हुए हैं. हमने अपने २ जनवरी, २०२२ के आलेख भाजपा-जदयू का लठबंधन में कहा था कि नीतीश विश्वसनीय नहीं है।

# आओ भैय्या तुम्हें दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की....



मनोज कुमार

देश आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ का जशन मना रहा है पूरे देश में घर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है। राजपथ से लेकर जनपथ तक रोशनी की झालर जगमगा रही हैं लेकिन इस खुशहाल भारत के पीछे एक और हकीकत भी छिपी है यह है मुफलिसी, बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता व सस्ते सुलभ न्याय से महरूम हिंदुस्तान, जिसमें आज भी भय है, भूख है, बेगार करने और अन्याय सहने की मजबूरी है, माफिया है, पूंजीवाद के हाथों में जकड़ती लोकतांत्रिक व्यवस्था है इन सबसे इतर नारे हैं उम्मीद हैं और इनके बीच महंगाई भ्रष्टाचार से कराहता आम आदमी है। आइए अब आपको हकीकत वाले हिंदुस्तान की झांकी दिखाते हैं। भारत में आज भी गरीबी की समस्या विकराल बनी हुई है। आज भी एक बड़ा वर्ग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर है वहीं, शहरों की तुलना में गांव में ज्यादा गरीब लोग निवास कर रहे हैं। भारत में 20 करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं और काफी मुश्किल से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गरीबी से जुड़े कई ऐसे आंकड़े हैं, जो वाकई डराने वाले हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल 21.92 फीसदी लोग गरीबी की रेखा से नीचे अपना जीवन यापन कर रहे हैं।अगर इनकी संख्या की बात करें तो ये संख्या है 2697.83 लाख यानी 26 करोड़ 97 लाख गरीब हैं, वहीं, इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा गरीबी होती हैं, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में गरीबी का प्रतिशत 25.70 है जबकि शहरी क्षेत्र में यह प्रतिशत 13.70 फीसदी है। वहीं, कुल गरीबों में भी 21 करोड़ के करीब गरीब सिर्फ ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में 5 करोड़ गरीब लोग रहते हैं. यानी देश में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों का बड़ा हिस्सा गांव में रहने वाले हैं। अगर राज्य के हिसाब से देखें तो छोटे राज्यों में हाल ज्यादा बुरा है. जैसे दादरा और नागर हवेली में 39.31 फीसदी, झारखंड में 39.96 फीसदी, ओडिशा में 32. 59 फीसदी गरीब लोग रहते हैं. वहीं, उत्तरप्रदेश में करीब 29 और बिहार में करीब 33 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। भुखमरी भारत 116 देशों में ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 101वी पायदान पर है। भारत 116 देशों के वैश्विक भुखमरी सूचकांक वर्ष 2020 में भारत 94वें स्थान पर था।भूख और कुपोषण पर नजर रखने वाली वैश्विक भुखमरी सूचकांक की वेबसाइट के अनुसार चीन, ब्राजील और कुवैत सहित अठारह देशों ने पांच से कम के जीएचआई स्कोर के साथ अग्रिम पंक्ति में है। वर्ष 2020 में भारत 107 देशों में 94वें स्थान पर था। अब 116 देशों में यह 101वें स्थान पर आ गया है। जीएचआई स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है, जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं।रिपोर्ट के अनुसार, पड़ोसी देश जैसे नेपाल (76), बांग्लादेश (76), म्यांमार (71) और पाकिस्तान (92) भी भुखमरी को लेकर चिंताजनक स्थिति में हैं, लेकिन भारत की तुलना में अपने नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराने को लेकर इन देशों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। नए आंकड़ों के अनुसार, भारत में अब 2022 में संयुक्त राष्ट्र की अनुमानित गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 8.3 करोड़ लोग हैं।दुनिया की गरीब जनता का सबसे ज्यादा हिस्सा, 12.2 फीसदी भाग भारत और 12.2 फीसदी नाइजीरिया में है।लेकिन नाइजीरिया में 8,30,05,482 गरीबी रेखा के नीचे हैं जबकि भारत में यह संख्या 8,30,68,597 है।इन हालात में गरीबी को काबू करने की कोई सूरत अभी दूर तक दिखाई नही दे रही है। कुपोषण साल 2020 की विश्व खाद्य सुरक्षा की रिपोर्ट के अनुसार भारत में उस समय 18.92 करोड़ लोग कुपोषित थे।साल 2021 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में भारत के 27.5 अंक हैं जो कि बहुत ही खराब स्थिति को दर्शाती है।एक वैश्विक पत्रिका द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट कहती है कि 10 में से 7 भारतीय पौष्टिक आहार का खर्च नहीं उठा पाते हैं।एक ओर भुखमरी, दूसरी ओर 10.4 करोड़ टन अनाज सरकारी गोदामों में सड़ने के लिए पड़ा था। भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक (सीपीआई) 2021 में 180 देशों की सूची में भारत को 85वां स्थान मिला है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार पिछली बार के मुकाबले भारत की रैंकिंग एक स्थान का सुधार हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के कथित स्तरों के आधार पर 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग की सूची तैयार की जाती है।इस रैंकिंग में सौ में से 40अंक हासिल कर भारत ने 85वां स्थान दर्ज किया है।

# सिंह संक्रांति कल

## सूर्य का राशि परिवर्तन होने से इस दिन उगते हुए सूरज को जल चढ़ाने की परंपरा इससे मिलता है महापुण्य



17 अगस्त, बुधवार को सूर्य अपनी ही राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सिंह संक्रांति पर्व मनेगा। इस पर्व पर पवित्र नदियों में नहाने के बाद सूर्य पूजा और जरुरतमंद लोगों को दान देने की परंपरा है। इस दिन तीर्थ स्नान न कर पाएं तो पवित्र नदियों का जल घर पर ही पानी में मिलाकर नहा सकते हैं। ऐसा करने से तीर्थ स्नान करने का पुण्य मिलता है।

संक्रांति पर सूर्य पूजा से मिलता है महापुण्य ग्रंथों में बताया गया है कि जब सूर्य राशि बदलता है उस दिन सूर्योदय से पहले उठकर नहाना चाहिए और उगते हुए सूर्य को जल चढ़ाकर प्रणाम करना चाहिए। ऐसा करने से मानसिक और शारीरिक परेशानियां दूर होने लगती हैं। दोष खत्म होते हैं और उम्र भी बढ़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि सूर्य सकारात्मक ऊर्जा को सोर्स है। इसलिए सूर्य की पूजा करने से सकारात्मकता बढ़ती है और तनाव दूर होता है।

**कैसे करें सूर्य पूजा**

उगते हुए सूरज को प्रणाम करें। तांबे के लोटे में शुद्ध पानी भरें। साथ ही उसमें गंगाजल, लाल चंदन, चावल, लाल फूल और गेहूं के कुछ दानें भी डालें। इसके बाद ऊँ घृणि सूर्याय नमः मंत्र बोलते हुए जल चढ़ाएं। सूर्य को जल चढ़ाते वक्त पानी की धारा में से भगवान सूर्य को देखते रहें। इसके बाद सूर्य को चंदन और फूल चढ़ाएं। फिर धूप-दीप दिखाएं। ध्यान रखें की पानी किसी तांबे के बर्तन में भी गिरे और पैरों में नहीं आना चाहिए। उस पानी को मदार के पेड़ में चढ़ा दें।

**सनातन देवता हैं सूर्य**

भगवान सूर्य वैदिक और सनानत देव हैं। जो सृष्टि की शुरुआत से हैं। इन्हें प्रत्यक्ष देवता इसलिए कहते हैं क्योंकि इनको देख सकते हैं। चारों वेदों में भगवान सूर्य को महत्वपूर्ण भगवान माना गया है। सूर्य से ही मौसम बदलता है। सूर्य से निकलने वाली ऊर्जा से ही धरती पर जीवन संभव हुआ है। इसलिए सूर्य को पंच देवों में से एक माना गया है। ये ही वजह है कि हर पूजा और किसी भी शुभ काम की शुरुआत में गणेशजी के साथ इनकी भी पूजा की जाती है।

# छठ पूजा और बलराम जयंती कल

## बच्चों की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत करती हैं महिलाएं



भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की छठी तिथि व्रत-उपवास और पूजा-पाठ के नजरिये से खास होती है। इस दिन हल छठ, कमर छठ और बलराम जयंती मनाई जाती है। जिसमें भगवान शिव-पार्वती, सूर्य, छठी देवी यानी मां कात्यायिनी और श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम की पूजा की जाती है। ये दिन सुहागन महिलाओं के लिए पर्व होता है। इस दिन सौभाग्य, समृद्धि और बच्चों की लंबी उम्र की कामना से श्रद्धानुसार व्रत या बिना पानी पीए उपवास रखा जाता है।

**इस छठ की परंपरा**

महिलाएं अपने संतान की सुरक्षा के लिए और उन्नति के लिए यह निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन भगवान शिव-पार्वती की विशेष पूजा होती है। जिसमें पार्थिव शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया जाता है फिर पूजा में मदार के फूल, बिल्वपत्र, धतूरा और अन्य फूल-पत्तियां शिवलिंग पर चढ़ाती हैं। इसके बाद शिवलिंग को नदी में विसर्जित किया जाता है। वहीं, देवी पार्वती की पूजा सौभाग्य सामग्री चढ़ाकर की जाती है।

इस तिथि पर बिना हल जोते खेत में उपजे धान से तैयार चावल का सेवन किया जाता है। इसके अलावा छह तरह की भाजियों का सेवन किया जा सकता है। सूर्य की आराधना करके सूर्यास्त के बाद व्रत खोला जाता है।

बच्चों की लंबी उम्र के लिए व्रत

इस तिथि पर महिलाएं **अपने बच्चों की सुख-**समृद्धि और लंबी उम्र की कामना से छठ माता की विशेष पूजा और व्रत-उपवास करती हैं। कई जगहों पर इस दिन निर्जल यानी बिना पानी पीए व्रत करने की भी परंपरा है। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले उठकर नहाती हैं। फिर सूर्य को अर्घ्य देती हैं। इसके बाद भगवान गणेश फिर देवी पार्वती और छठ माता की पूजा करती हैं। साथ ही सौभाग्य और श्रंगार की चीजों का दान किया जाता है। मान्यता है कि इस तरह व्रत करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**बलराम जयंती**

जन्माष्टमी से दो दिन पहले बड़े भाई बलराम की जन्म तिथि आती है। यानी इस छठ पर बलराम जयंती मनाई जाती है। द्वापर युग में इसी तिथि पर भगवान विष्णु के प्रिय शेषनाग ने बलराम के रूप में अवतार लिया था। बलराम के शस्त्र हल और मूसल थे। इस कारण उन्हें हलधर भी कहते हैं। यही वजह है कि इस दिन उनके शस्त्र यानी हल की पूजा की जाती है और खेत नहीं जोता जाता। देश में कई जगहों पर किसान इस दिन को पर्व के तौर पर मनाते हैं।



# लक्ष्मी जी को इन उपायों से करें प्रसन्न



धन की देवी लक्ष्मी माता को प्रसन्न रखना सबके लिए आवश्यक है क्यूंकि अगर ये नाराज हुई तो इसका मतलब है की आपके जीवन में धन की कमी और आर्थिक तंगी की शुरुवात अवश्य होगी।

**इन विशेष उपायों से करें लक्ष्मी माँ को प्रसन्न**

पैसों से जुडी समस्याओं को दूर करने के लिए धन की माता को प्रसन्न करना सबसे जरूरी होता है और ऐसा माना जाता है की लक्ष्मी माता अपने भक्तों की खुशियों के लिए उनकी प्रार्थना को कभी अनसुनी नहीं करती हैं। जो लोग लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना करते है उनके जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती। नियमित रूप से लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना करने से कभी जीवन में पैसों की और मान सम्मान में वृद्धि होती है घर में सुख शांति और ऐश्वर्य पनपता है। प्रत्येक दिन सभी विधि विधान से लक्ष्मी माता की पूजा की अर्चन जरूर करें साथ ही लक्ष्मी सूक्ति मन्त्र का जाप करना बिलकुल ना भूले।

**इस मंत्र के रोज जाप से लक्ष्मी माता रहेंगी प्रसन्न**

लक्ष्मी माता को प्रसन्न करने का सबसे सरल उपाय है की आप विधि पूर्वक लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना करें और पूरी भक्ति से लक्ष्मी सूक्ति का जाप करें। इस मन्त्र के जाप से आपके सारे पैसों की समस्या दूर हो जाएगी और तिजोरी में धन का भरमार रहेगा। ये है वो फलदायी मंत्र "अस्वपूर्वा रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम, श्रियं देवी मुफाह्वे श्रीमा देवी जुस्ताम " इस मंत्र को रोज नहा धोने के बाद लक्ष्मी जी पूजा करें और उसके बाद इस मन्त्र का जाप करें। नियमित रूप से इस मन्त्र का जाप करने से घर में धन धन्य की पूर्ती होती है और तिजोरी कभी खाली नहीं होता।

# उन 3 दिनों में महिलाएं कैसे करें ठाकुरजी की पूजा



हमारे समाज में प्राचीन समय से ही महिलाओं को लेकर कई सारे ऐसे नियम है जो उन्हें झेलने पड़ते हैं। शास्त्रों के अनुसार मासिक धर्म के दिनों में महिलाओं के लिए सभी धार्मिक कार्य करने की मनाही हो जाती है। सिर्फ हिन्दू धर्म में ही नहीं, बल्कि ऐसा लगभग सभी धर्मों में हैं जिनके पीछे जो तथ्य बताया जाता है वो समझना काफी मुश्किल है।

प्रकृति ने नारी को ही ऐसी शक्ति दी है जो शिशु को जन्म दे सके ये गर्व की बात है इसपर गर्व होना चाहिए न की शर्म आनी चाहिए। लेकिन कुछ नियमों का पालन करना भी हमारा धर्म माना गया है। इस दौरान महिलाओं को अन्य लोगों से अलग रहने का नियम है क्यूंकी ऐसे में स्त्रियों को अपवित्र माना गया है। उस दौरान वे महिलाएं कहीं बाहर आना-जाना नहीं करती थीं। इस अवस्था में उन्हें एक वस्त्र पहनना होता था, ज़मीन पर सोना होता था और वे अपना खाना आदि कार्य स्वयं ही करती थीं।

इसके पीछे भी शास्त्रों में एक कथा है कि आखिर महिलाओं को ऐसा हर महीने क्यों झेलना होता है। कहा जाता है कि एक बार ब्रहस्पती जो देवताओं के गुरु थे, इंद्र से नाराज़ हो गए। इस के चलते असुरों ने देवलोक पर आक्रमण कर दिया और इंद्र को अपनी गद्दी छोड कर भागना पडा। इंद्र मदद मंगने के लीए ब्रह्मा के पास पहुँचे। ब्रह्मा जी ने इंद्र को बताया की उसे एक ब्रह्म-ज्ञानी की सेवा करके ब्रहसपती को वापस प्रसन्न करना पड़ेगा। अपने सर से यह पाप हटाने के लीए और अपना राज्य वापस पाने के लिये इंद्र ने पेड, जल, भूमि और स्त्री से अपने पाप का थोडा थोडा हिस्सा लेने का आग्रह किया। इसका एक हिस्सा महिला को मिला उनका मासिक धर्म स्त्री को मिला। कहते हैं मासिक धर्म के दौरान महिलायें ब्रह्म-हत्या का पाप ढो रही होती हैं, अपने गुरु की हत्या का पाप और गुरु के बीना भगवान नहीं मिलते इसलिए महिलाओं को मन्दिर नहीं जाना चाहिये।

धार्मिक रिति रिवाज के अनुसार इस समय में पूजा नहीं करना चाहिए वहीं कुछ घरों में ऐसे समय में रसोई में जाना भी मना होता है सिर्फ हिंदू धर्म मे ही नही सभी धर्मो में इस तरह की मनाही है। कहते हैं कि इस समय महिलाओं से निकलने वाली अशुद्रध्यिां उनके आस पास के वातावरण के साथ साथ उनके पास के लोगों को भी प्रभावित करता है।

माहवारी और छूआछूत का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं एक भी कारण ऐसा नहीं है की मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के साथ अछूतों जैसा व्यवहार हो। बस परंपरा के नाम पर अब भी यह चला आ रहा है। लेकिन बदलते समय के साथ अब कुछ इलाकों में इस हालत में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। इसकी एक वजह महिलाओं का कामकाजी होना है तो दूसरी वजह पारिवारिक ढांचे का सिकुड़ना है।

कुछ लोगों के मन में आता है कि इस समय वो जाप कर सकती है या नहीं तो आप जाप जरूर करें लेकिन माले की जगह उंगलियों का प्रयोग करें। इन दिनों में ठाकुर जी की सेवा एकदम नहीं करना चाहिए हो सके तो आप अपने परिवार के किसी और सदस्य से भोग लगवाएं। आजकल एकल परिवार है तो आप कुछ सूखा भोग भी लगा सकते हैं जैसे दुध, मिक्चर, बिस्कुट या और कुछ जो आपसे बन पाए।

# बेटी की पायल आपको बना सकती है मालामाल



बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं। ये बात आपने कई बार सुनी होगी लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके घर की बेटी सचमुच आपको धनवान बना सकती हैं। हर माँ बाप अपनी बेटी को बचपन से बड़े लाड़ प्यार से पाल पोस बड़ा करते हैं। फिर एक दिन ऐसा आता हैं जब घर की बेटी को ये घर छोड़ के जाना पड़ता हैं। जी हाँ हम बात कर रहे हैं बेटी की शादी की।

कहते हैं जब घर की बेटी (लक्ष्मी) घर से विदा लेती हैं तो उसके साथ घर से लक्ष्मी भी चली जाती हैं। लेकिन यदि आप चाहते हैं कि ऐसा कोई चमत्कार हो जाए जिस से बेटी के घर से विदा लेने के बाद भी आपके घर की लक्ष्मी बनी रहे और साथ ही बेटी का घर भी आबाद रहे, तो आप बिलकुल सही जगह आए हैं।

आज हम आपको एक ऐसा उपाय बताएंगे जिसे करने के बाद ना सिर्फ आपके घर पैसो की आवाक बढ़ जाएगी बल्कि आपकी बेटी जिस घर जाएगी वहां भी धन की वर्षा होगी।

बेटी को गिफ्ट में दे चांदी की पायल

शास्त्रों की माने तो जो महिलाएं रोजाना सुबह शाम साज-श्रृंगार करती हैं उनके घर देवी लक्ष्मी का वास होता हैं। महिलाओं के श्रृंगार की एक ख़ास वस्तु पायल होती हैं। ये पायल महिलाओं के पैरों की खूबसूरती तो बढ़ाती हैं साथ ही उन्हें कई सारे लाभ भी देती हैं। चांदी की धातु से बनी पायल चन्द्रमा का प्रतिक होती हैं। इसमें लगे चांदी के घुंघरू मन को एकाग्र करने का काम करते हैं। जिस घर में महिलाओं के पायल की छन छन होती हैं वहां दैवीय शक्तियां अपनी कृपा द्रष्टि बनाए रखती हैं। यही वजह हैं कि बेटी को गिफ्ट में चांदी की पायल देना शुभ माना जाता हैं।

**शादी से पहले बेटी के पैरों की एक पायल रखे तिजोरी में**

बेटी जब शादी के बाद घर से बिदा ले तो माँ बाप के द्वारा गिफ्ट करी गई एक पायल को बेटी के पांव से उतार घर की तिजोरी में रख दे। दूसरी पायल को बेटी को ससुराल ले जाने दे और उसे भी पायल को तिजोरी में रखने की सलाह दे। ऐसा करने से देखते ही देखते आपके घर धन आगमन के नए नए साधनं खुल जाएंगे। साथ ही यदि कोई आपका रुका धन कहीं अटका हैं तो वो वापस मिल जाएगा। इस उपाय की ख़ास बात यह हैं कि इसका लाभ बेटी के मायके और ससुराल दोनों ही घरो में होता हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण के इस मंदिर में रोज 5 बार बदला जाता है ध्वज

इस मंदिर की ध्वज बदलने की परंपरा काफी रोचक है। जी दरअसल यहां दिन में कई बार मंदिर का ध्वज बदला जाता है। आपको बता दें कि इस ध्वज की बनावट और चिह्न भी काफी विशेष होते हैं और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर इस मंदिर का ध्वज बदला जाता है। आइए बताते हैं कैसे?



गुजरात का द्वारिकाधीश मंदिर हिंदू धर्म के प्रमुख 4 धामों में से एक है। कहा जाता है यहां हर दिन लाखों भक्त दर्शन करने आते हैं। जी दरअसल ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने यहीं द्वारिका नगरी बसाई थी, जो समुद्र में समा गई। कहते हैं इस मंदिर की ध्वज बदलने की परंपरा काफी रोचक है। जी दरअसल यहां दिन में कई बार मंदिर का ध्वज बदला जाता है। आपको बता दें कि इस ध्वज की बनावट और चिह्न भी काफी विशेष होते हैं और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर इस मंदिर का ध्वज बदला जाता है। आइए बताते हैं कैसे?

आमतौर पर किसी भी मंदिर में विशेष मौकों पर ही ध्वज बदला जाता है, हालाँकि गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर में रोज 5 बार ध्वज बदला जाता है। कहा जाता है ये ध्वज श्रृद्धालु चढ़ाते हैं और ध्वज चढ़ाने के लिए एडवांस बुकिंग की जाती है। इस मंदिर की मंगला आरती सुबह 7.30 बजे, श्रृंगार सुबह 10.30 बजे, इसके बाद सुबह 11.30 बजे, फिर संध्या आरती 7.45 बजे और शयन आरती 8.30 बजे होती है। जी हाँ और इसी दौरान ध्वज चढ़ाए जाने की परंपरा है। ये ध्वज सिर्फ द्वारका के अबोटी ब्राह्मण ही चढ़ाते हैं। कहते हैं मंदिर में ध्वज चढ़ाने का मौका जिसे मिलता है वो ध्वज लेकर आता है, पहले इसे भगवान को समर्पित करते हैं और इसके बाद अबोटी ब्राह्मण वो ध्वज ले जाकर शिखर पर चढ़ा देते हैं। ध्यान रहे द्वारकाधीश मंदिर में जो ध्वज लगाया जाता है उसका परिमाण 52 गज का होता है। जी हाँ और इसके पीछे के कई मिथक हैं। कहते हैं कि 12 राशि, 27 नक्षत्र, 10 दिशाएं, सूर्य, चंद्र और श्री द्वारकाधीश मिलकर 52 होते हैं। इसके अलावा ऐसा भी कहा जाता है कि कि श्रीकृष्ण के समय द्वारिका में 52 द्वार हुआ करते थे, इसलिए भगवान को 52 गज का धवज चढ़ाया जाता है। यह ध्वज एक खास दर्जी ही सिलता है और इस ध्वज पर सूर्य-चंद्रमा के प्रतीक बने होते हैं।

# आखिर क्यों श्रीकृष्ण की छाती पर बनाते हैं पैर का निशान?



जन्माष्टमी का पर्व आने वाला है। इस साल यह पर्व 18 अगस्त को मनाया जाने वाला है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप की पूजा मुख्य तौर पर की जाती है। कहा जाता है लड्डू गोपाल श्रीकृष्ण का बाल रूप है, और इसमें उनके एक हाथ में लड्डू दिखाई देता है। इसके अलावा एक बात और जो इस स्वरूप में दिखाई देती है वो ये ही लड्डू गोपाल के वक्ष स्थल यानी छाती पर एक पैर कि चिह्न भी होता है। जी दरअसल लड्डू गोपाल की छाती पर पैर का चिह्न को बनाया जाता है, और इसके पीछे एक पुरातन कथा। आज हम आपको उसी कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पौराणक कथाओं के अनुसार, एक बार ऋषि**-मुनियों में इस बात पर चर्चा हो रही थी कि त्रिदेवों- ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीविष्णु में श्रेष्ठ कौन है? जब कोई भी इस बात के निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सका तो ब्रह्माजी के मानस पुत्र महर्षि भृगु को इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया। महर्षि भृगु सबसे पहले ब्रह्माजी के पास गए। वहां जाकर महर्षि भृगु ने ब्रह्माजी को न तो प्रणाम किया और न ही उनकी स्तुति की। यह देख ब्रह्माजी क्रोधित हो गए, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी विवेक बुद्धि से क्रोध को दबा लिया। ब्रह्माजी के बाद महर्षि भृगु कैलाश गए। महर्षि भृगु को आया देख महादेव काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने अपने आसन से उठकर महर्षि को गले लगाना चाहा। किंतु परीक्षा लेने के उद्देश्य से भृगु मुनि ने उनका आलिंगन अस्वीकार कर दिया और बोले कि ₹आप हमेशा धर्म की मर्यादा का उल्लंघन करते हैं। पापियों को आप जो वरदान देते हैं, उनसे देवताओं पर संकट आ जाता है। इसलिए मैं आपका आलिंगन कदापि नहीं करूँगा।

ये सुनकर महादेव को क्रोध आ गया और उन्होंने जैसे ही अपना त्रिशूल उठाया, देवी पार्वती ने उन्हें रोक लिया। ब्रह्माजी और महादेव की परीक्षा लेने के बाद भृगु मुनि वैकुण्ठ लोक गए। वहां भगवान विष्णु देवी लक्ष्मी की गोद में सिर रखकर लेटे थे। भृगु ने जाते ही उनकी छाती पर लात मारी। ये देख विष्णुजी तुरंत उठे और महर्षि भृगु को प्रणाम करके बोले ₹हे महर्षि, आपके पैर पर चोट तो नहीं लगी? आपके चरणों का स्पर्श तीर्थों को पवित्र करने वाला है। आपके चरणों के स्पर्श से आज मैं धन्य हो गया। भगवान विष्णु का ऐसा व्यवहार देखकर महर्षि भृगु की आँखों से आँसू बहने लगे। इसके बाद वे पुनः ऋषि-मुनियों के पास लौट आए और उन्हें ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीविष्णु के यहाँ के सभी बातें विस्तारपूर्वक बता दी। उनकी बातें सुनकर सभी ऋषि-मुनि बड़े हैरान हुए और उन्होंने भगवान विष्णु को ही त्रिदेवों में सर्वश्रेष्ठ माना।

## कैसा है करण मेहरा का कैरेक्टर? कश्मीरा शाह बताएंगी पूरा सच, निशा रावल के खिलाफ बनीं गवाह



**टेलीविजन की** मशहूर एक्ट्रेस निशा रावल और एक्टर करण मेहरा के बीच शादीशुदा जिंदगी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है. निशा रावल ने करण के खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए उन पर कई तरह के आरोप लगाए थे, जिसके बात कपल ने तलाक के लिए अर्जी दे दी थी. इस बीच करण ने भी निशा पर कई तरह के आरोप लगाए. अब इस मामले में करण को एक्ट्रेस कश्मीरा शाह का सपोर्ट मिल गया है. बताया जा रहा है कि कश्मीरा शाह कोर्ट में करण मेहरा की कैरेक्टर विटनेस बनने को तैयार हो गई हैं.

करण मेहरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कश्मीरा शाह के एक यूट्यूब इंटरव्यू का वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस ने करण और निशा के रिश्ते पर अपनी चुप्पी तोड़ी. वीडियो शेयर करते हुए करण ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे और मेरे परिवार के लिए खड़े होने के लिए आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं. शुक्रिया कश्मीरा शाह.' एक समाचार पत्र से बात करते हुए कश्मीरा ने दावा किया कि निशा रावल और उनके समर्थकों ने जो कहानी सबके सामने रखी है, उसमें उन्हें बहुत सारी 'खामियां' मिली. कश्मीरा ने ये भी कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि करण किसी को भी मार सकते हैं और उन्होंने यहां तक दावा किया कि वह 'मच्छर भी नहीं मार सकते. कश्मीरा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मैं गलत नहीं हूं लेकिन मैं जिस करण मेहरा को जानती हूं, वह हिंसक व्यक्ति नहीं है. आज मैंने इस पर बात की क्योंकि करण ने मुझे कुछ दिन पहले फोन किया था, उन्होंने मुझे उनकी तरफ से मामले में एक 'चरित्र गवाह' बनने का आग्रह किया. मैंने हां कह दिया. मुझे दिल से विश्वास है कि वो निर्दोष है.'

# आजादी के अमृत महोत्सव पर ईशान खट्टर ने दिलाई 1971 युद्ध की याद

**भारत के 75वें** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ईशान खट्टर स्टरर 'पिप्पा' के निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया कर दिया. फिल्म में ईशान खट्टर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में एक सोल्जर की भूमिका निभाते नजर आएंगे. बताने की जरूरत नहीं है कि 'पिप्पा' एक एक्शन से भरपूर वॉर फिल्म है, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है. फिल्म का टीजर हमें युद्ध के दौरान हुई कई घटनाओं की झलक देता है. 'पिप्पा' तीन भाई-बहनों की कहानी है, इससे भारत-पाकिस्तान के बीच गरीबपुर की 48 घंटे की लड़ाई को फिल्माया गया है




ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'पिप्पा' का ऑफिशियल टीजर शेयर किया है. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, '2 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में पिप्पा. हमारे देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर एक ऐसी फिल्म की एक झलक पेश कर रहे हैं जिसमें हमने सामूहिक रूप से बड़ी मेहनत की है. हमारी मिट्टी, हमारे लोग और हमारी संस्कृति हमेशा धन्य रहे. हमारे रक्षा बलों की वीरता और बहादुरी का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है.'

इस बीच निर्माता रोनी स्क्रूवाला ने अपनी फिल्म पिप्पा के बारे में बात की. उन्होंने कहा,'हम अपने युद्ध नायकों और भारत के कई रणनीतिक कदमों की कहानियां बताना शुरू कर रहे हैं. युद्ध और शांति, हमारी आजादी के पिछले 75 वर्ष, जिसने हमें अब एक विश्व शक्ति बना दिया है. पिप्पा की पृष्ठभूमि के खिलाफ 1971 में स्थापित आधुनिक इतिहास में सबसे बड़े शरणार्थी प्रवासों में से एक, जिसके बाद एक देश की मुक्ति और गठन हुआ, एक ऐसी कहानी है जिसे बताया जाना चाहिए और हम 2 दिसंबर, 2022 को दुनिया भर के दर्शकों के लिए इस फिल्म के पैमाने पर रिलीज करने का इंतजार नहीं कर सकते.

## अजय देवगन ने शेयर की आजादी के जश्न की झलक

अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर 75वें इंडिपेंडेंस डे के सेलिब्रेशन का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में अजय अपनी फिल्म भोला के सेट पर कास्ट और क्रू मेंबर्स के साथ आजादी का जश्न मनाते दिख रहे हैं। बॉडीगार्ड, कैमरा मैन से लेकर क्रू मेंबर्स तक ने अपनी शर्ट पर इंडियन फ्लैग का ब्रोच अपनी शर्ट पर लगा रखा है। अजय ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ₹आजादी के 75 साल; हम सभी के लिए यह एक खुशी और प्राउड मोमेंट है। हम हर आने वाले साल और मजबूत होते चलें। आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।



## फिल्म लाल सिंह चड्ढा फ्लॉप; डिस्ट्रीब्यूटर्स को भारी नुकसान, मेकर्स से मुआवजा मांगा



आमिर खान अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने से सदमे में हैं। यह भी खबर आई है कि डिस्ट्रीब्यूटर्स को इस फिल्म के कारण काफी नुकसान झेलना पड़ा है और उन्होंने मेकर्स से की मुआवजे की मांग की है। लाल सिंह चड्ढा इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी, लेकिन आमिर और करीना के पुराने बयानों के कारण सोशल मीडिया पर इसके बायकॉट का अभियान चला, जिसका असर बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिला। 180 करोड़ के बजट में बनी फिल्म फर्स्ट वीकेंड में सिर्फ 38.21 करोड़ रुपए ही कमा पाई है, जबकि आमिर की पिछली फिल्में इससे ज्यादा कमाई फर्स्ट डे पर कर चुकी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'लाल सिंह चड्ढा' ने चौथे दिन यानी फर्स्ट संडे (रविवार) को 10.5 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। इससे पहले फिल्म ने तीसरे दिन (शनिवार) 8.75 करोड़, दूसरे दिन (शुक्रवार) 7.26 करोड़ और पहले दिन (गुरुवार) 11.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। लॉन्ग वीकेंड अब खत्म हो गया है और आगे कलेक्शन बढ़ने के चांस न के बराबर हैं।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव के दोस्त ने बताया कि आमिर ने लाल सिंह चड्ढा के लिए बहुत मेहनत की थी। आमिर की कोशिश थी कि वह फॉरेस्ट गंप के बेस्ट वर्जन को ऑडियंस के सामने लाएं। लेकिन, रिलीज के बाद लोगों के रिएक्शन ने आमिर पर बुरा असर डाला है। वह सदमे में चले गए हैं।

**आमिर ने ली फिल्म के फेल होने की जिम्मेदारी**

लाल सिंह चड्ढा को हुए बिजनेस में नुकसान के बाद फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स ने मुआवजा मांगा है। उनका कहना है कि इस फिल्म से हमें फाइनेशियली बहुत नुकसान हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स के नुकसान की भरपाई करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, आमिर ने इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर फेल होने की जिम्मेदारी ली है। वह इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं।

# लोकतांत्रिक दुनिया में, हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है : पंकज त्रिपाठी

बॉलीवुड इंडस्ट्री पर इन दिनों कैंसिल कल्चर और बायकॉट ट्रेंड का काफी बुरा असर पड़ रहा है। आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' और अक्षय कुमार की 'रक्षा बंधन' भी सोशल मीडिया पर बायकॉट ट्रेंड का शिकार हुई हैं। अब हाल ही में एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कैंसिल कल्चर और बायकॉट ट्रेंड पर रिएक्ट किया है। पंकज ने कहा कि लोगों को अपनी राय देने का अधिकार है, क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं।

पंकज त्रिपाठी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों और समाज की बेहतरी के बीच संबंध के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ₹लोकतांत्रिक दुनिया में, हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है। लेकिन साथ ही फिल्में एक बड़ा माध्यम हैं, जो सरकार को राजस्व उत्पन्न कराती हैं। इस राजस्व का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए किया जाता है। लेकिन, सहमती हो या नहीं, अपनी राय रखना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है।



**दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर पड़ा बायकॉट का असर**

'लाल सिंह चड्ढा' और 'रक्षा बंधन' दोनों फिल्मों को रक्षाबंधन के अवसर पर 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दोनों फिल्मों को रिलीज से पहले और अब भी सोशल मीडिया पर लगातार बायकॉट किया जा रहा है। जिसका असर दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 180 करोड़ के बजट में बनी 'लाल सिंह चड्ढा' 3 दिन में इंडिया से अब तक 27.71 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर पाई है। वहीं 70 करोड़ के बजट में बनी 'रक्षा बंधन' 3 दिन में सिर्फ 21.6 करोड़ रुपए का बिजनेस ही कर पाई है।

**खराब प्रदर्शन के बाद दोनों फिल्मों के कई शोज कैंसिल**

दोनों ही फिल्मों को तीन-तीन हजार स्क्रीन्स मिली थीं। लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के बाद दोनों फिल्मों के कई शोज कैंसिल भी किए जा चुके हैं। वहीं बायकॉट ट्रेंड के चलते बहुत कम ही संख्या में दर्शक दोनों फिल्मों को देखने पहुंच रहे हैं।

**दोनों फिल्मों का हिट और फ्लॉप का यह है पैमाना**

बताया जा रहा है कि 'लाल सिंह चड्ढा' अगर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का ऑल टाइम बिजनेस कर लेगी, तब यह फिल्म हिट मानी जाएगी। वहीं 'रक्षा बंधन' को हिट का तमगा हासिल करने के लिए 125 करोड़ रुपए का ऑल टाइम बिजनेस करना होगा।

**'फॉरेस्ट गंप' का रीमेक है 'लाल सिंह चड्ढा'**

अद्वैत चंदन के डायरेक्शन में बनी 'लाल सिंह चड्ढा' में आमिर के अलावा करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी लीड रोल में हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' 1994 में रिलीज हुई टॉम हैंक्स की 'फॉरेस्ट गंप' का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है।

# इंडियन नेवी से मिले कार्तिक आर्यन जवानों के साथ बनाईं रोटियां व डांस किया

**एक्टर कार्तिक** आर्यन ने स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले भारतीय नौसेना के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड किया। जिसकी कुछ फोटो और वीडियो कार्तिक आर्यन ने खुद सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। कार्तिक अपने बिजी शेड्यूल में से कुछ समय निकाल कर नौसेना के बीच 'आजादी का अमृत महोत्सव' सेलिब्रेट करने पहुंचे थे।

**एक दिन नौसेना के जांबाज जवानों के साथ : कार्तिक**

कार्तिक आर्यन ने फोटो और वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा, जय जवान। एक दिन नौसेना के जांबाज जवानों के साथ। इन फोटो-वीडियो में कार्तिक ब्लैक टी-शर्ट, क्रीम कलर का कार्गो और नेवी कैप पहने हुए हैं। कार्तिक की यह फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हो रही हैं। इस पर कमेंट कर फैंस कार्तिक की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

**जवानों के साथ रोटियां बनाईं, डांस भी किया**

इन फोटो और वीडियो में कार्तिक नौसेना के जवानों के साथ रोटियां बनाते, फोटो के लिए पोज देते और कई फन एक्टिविटीज में भाग लेते नजर आ रहे हैं। इस मुलाकात के दौरान कार्तिक ने नेवी के अधिकारियों के साथ खूब मस्ती की। एक्टर ने ऑफिसर्स को अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 2' गाने के हुक स्टेप्स भी सिखाए।



**कार्तिक ने ऑफिसर्स के साथ तिरंगा फहराया**

इतना ही नहीं कार्तिक आर्यन ने नेवी ऑफिसर्स के साथ स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस दी, 'टग ऑफ वॉर' गेम-वीडियो गेम खेला, गन्स के साथ पोज दिए और चलाना भी सीखा और कई सारी एक्टिविटीज भी कीं। इसके अलावा कार्तिक आर्यन ने ऑफिसर्स के साथ तिरंगा फहराया, 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और हमारे बलों की देशभक्ति और साहस की सराहना भी की।

वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक इन दिनों डायरेक्टर रोहित धवन की फिल्म 'शहजादा' की शूटिंग में बिजी हैं। जिसमें कृति सेनन भी लीड रोल में हैं। यह फिल्म अल्लू अर्जुन की तेलुगु हिट 'अला वैकुंठपुरमलो' का हिंदी रीमेक है। इसके अलाव कार्तिक जल्द ही 'कैप्टन इंडिया', 'फ्रेडी' और साजिद नाडियाडवाला की 'सत्यप्रेम की कथा' में कियारा आडवाणी के साथ नजर आने वाले हैं।।

# 'लाल सिंह चड्ढा' की तारीफ कर बुरे फंसे ऋतिक रोशन

**आमिर खान की फिल्म के बाद अब 'विक्रम वेधा' को भी किया जा रहा बायकॉट**

आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की तारीफ कर ऋतिक रोशन अब बुरे फंस गए हैं। अब ऋतिक की अपकमिंग फिल्म 'विक्रम वेधा' को भी सोशल मीडिया पर बायकॉट करना शुरू कर दिया है। #बायकॉट 'विक्रम वेधा' सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी हो रहा है। ऋतिक रोशन ने 'लाल सिंह चड्ढा' की तारीफ करते हुए ट्विटर पर लिखा, ₹मैंने हाल ही में लाल सिंह चड्ढा देखी। मैंने इस फिल्म के हार्ट को फील किया है। अच्छी और बुरी चीजें एक साइड में रखकर, यह फिल्म वाकई शानदार है। इतनी अच्छी फिल्म को मिस मत करिए। जाइए और इसे अभी देखिए।₹ इस ट्वीट पर रिएक्ट करते हुए करीना कपूर खान ने इसे अपनी सोशल मीडिया स्टोरी पर शेयर किया था।

ऋतिक के इस ट्वीट के बाद से ही बायकॉट विक्रम वेधा ट्विटर पर ट्रेंड करने लगा। एक यूजर ने लिखा, 'इस ट्वीट ने उनकी अपकमिंग फिल्म विक्रम वेधा का नसीब डिसाइड कर दिया है।'



दूसरे ने लिखा, 'आपको यह नहीं करना चाहिए था। अपनी फिल्म पर फोकस करने बजाय आप दूसरों की फिल्म को सपोर्ट कर रहे हैं। अब इसके परिणाम के लिए तैयार हो जाइए। विक्रम वेधा अगला टारगेट है।'

बता दें, 'लाल सिंह चड्ढा' को रिलीज होने के पहले से ही बायकॉट किया जा रहा है। यह फिल्म 11 अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर रिलीज हुई है। बायकॉटिंग का असर इस फिल्म बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 180 करोड़ के बजट में बनी 'लाल सिंह चड्ढा' 3 दिन में इंडिया से अब तक 27.71 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर पाई है।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुआ #बायकॉट'ब्रह्मास्त्र'

## ट्रेलर में जूते पहन मंदिर में दिखे रणबीर, ट्रोलर्स बोले- एक्टर ने हिंदू धर्म का अपमान किया

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' को लेकर सुर्खियों में हैं। लेकिन ये फिल्म रिलीज से पहले ही मुश्किलों में पड़ गई है। सोशल मीडिया पर लोग इस फिल्म को न देखने और इसे बायकॉट करने की गुजारिश कर रहे हैं। इस वजह से ट्विटर पर #बायकॉट'ब्रह्मास्त्र' ट्रेंड हो रहा है।

**लोग क्यों कर रहे हैं फिल्म को बायकॉट करने की मांग?**

दरअसल सोशल मीडिया पर लोग रणबीर से नाराज हैं, क्योंकि जब 'ब्रह्मास्त्र' का ट्रेलर रिलीज हुआ था, तब लोगों ने नोटिस किया था कि फिल्म में रणबीर जूते पहनकर मंदिर के अंदर जा रहे हैं। अब लोगों का कहना है कि फिल्म में हिंदू धर्म का अपमान किया गया है।

इसके अलावा ट्विटर पर आमिर खान की फिल्म 'पीके' की फोटोज वायरल हो रही हैं, जिसमें रणबीर भी नजर आ रहे हैं। इन फोटोज में उनके गाल पर भगवान का स्टीकर लगा हुआ है। इसी वजह से लोग उनसे नाराज हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने गाल पर भगवान का



स्टीकर लगाकर धर्म का अपमान किया है।

कुछ लोगों का कहना है कि अमिताभ बच्चन ने शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में हॉट सीट पर घूंघट में बैठी एक महिला कंटेस्टेंट के घूंघट पहनने पर सवाल किया था, जबकि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं के हिजाब पहनने पर सवाल नहीं किया था। इसलिए भी लोग बिग बी से नाराज हैं।

अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का पहला पार्ट 9 सितंबर को रिलीज होगा। यह फिल्म तीन हिस्सों में बनी है और इसे 5 भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में एक साथ रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भी लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म में रणबीर और आलिया के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, डिंपल कपाड़िया और नागार्जुन अक्किनेनी भी लीड रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में रणबीर ने 'शिवा' और आलिया ने 'ईशा' का रोल प्ले किया है। अमिताभ बच्चन फिल्म में प्रोफेसर अरविंद चतुर्वेदी का किरदार निभा रहे हैं। वहीं नागार्जुन, हिस्ट्री की नॉलेज रखने वाले आर्कियोलॉजिस्ट अजय का रोल प्ले कर रहे हैं। मौनी के रोल का नाम है दामयंती।

## लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर मोना सिंह का रिएक्शन

आमिर खान स्टारर लाल सिंह चड्ढा सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म रिलीज के पहले से ही लोगों का विरोध झेल रही है, नेटिजन्स बायकॉट करने की मांग भी कर रहे हैं। फिल्म को बायकॉट न करने के लिए आमिर और करीना ने भी अपील की, लेकिन इस मुद्दे पर अब मोना सिंह ने भी बात की है। अपने एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि आमिर खान यह डिजर्व नहीं करते हैं। वहीं फिल्म तीन दिन में मात्र 27 करोड़ की कमाई कर पाई है।

इंडिया टुडे से बात करते हुए मोना ने कहा- इस बायकॉट ट्रेंड से मैं बहुत दुखी हूं। मुझे यह बात समझ नहीं आती कि आमिर ने ऐसा क्या किया है, जो यह डिजर्व करते हैं? वो पिछले 30 साल से देश की जनता को एंटरटेन करते आ रहे हैं। हां, मुझे इस बात का विश्वास था कि बायकॉटर्स को पता चलेगा कि यह फिल्म हर भारतीय को पसंद आ रही है तो वह भी थिएटर पहुंच जाएंगे।

## 'भाईजान' के लिए रोमांटिक नंबर की शूटिंग करने पूजा हेगड़े संग लद्दाख रवाना हुए सलमान



सलमान खान हाल ही में पूजा हेगड़े के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भाईजान' के एक रोमांटिक नंबर की शूटिंग करने के लिए लेह लद्दाख गए हैं। दोनों इस रोमांटिक सॉन्ग के लिए लद्दाख की कुछ खूबसूरत लोकेशंस पर शूटिंग करेंगे। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान उन एक्टर्स में से हैं जो इंटरनेशनल लोकेशंस की बजाय भारत की खूबसूरत लोकशंस पर शूट करना पसंद करते हैं। सलमान का मानना है कि भारत जैसे लैंडस्केप किसी दूसरे देश में नहीं हैं। वह अक्सर उत्तर में शूट करना पसंद करते हैं, जहां शूट लैंडस्केप बंजर भूमि से लेकर बर्फ से ढके पहाड़ों और विदेशी जंगलों तक अलग होता है। जब टीम फिल्म के रोमांटिक नंबर को शूट करने के लिए लोकेशन ढूंढ रही थी, तब सलमान ने लद्दाख सजेस्ट किया। रिपोर्ट्स में आगे बताया गया, सलमान और पूजा अगले 4 दिन तक लेह और लद्दाख के अलग-अलग जगहों पर शूटिंग करेंगे। इस सॉन्ग शेड्यूल के रैप अप होने के बाद टीम मुंबई में अगले शेड्यूल के लिए शिफ्ट हो जाएगी। वो फिल्म के कुछ इंपोर्टेंट सीक्वेंस और एक्शन ब्लॉक्स को अगले 2 महीने तक मुंबई में शूट करेंगे। अक्टूबर के आखिर तक फिल्म फाइनली रैप अप हो जाएगा। वेंकटेश और जगपति बाबू भी मुंबई शेड्यूल का हिस्सा होंगे। इस फिल्म को फरहाद सामजी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक कई कंपोजर्स जैसे हनी सिंह, डीएसपी और रवि बसरूर ने मिलकर कंपोज किया है। टीम ने पहले ही हैदराबाद में दो सॉन्ग्स की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसमें से एक ग्रैंड सेलिब्रेटरी नंबर होगी, जिसमें सलमान, वेंकटेश, पूजा और राम चरण नजर आएंगे। यह फिल्म 30 दिसंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






# सुबह नाश्ते में रोटी-सब्जी खाने के फायदे

**ब्लड प्रेशर,** डायबिटीज नहीं होगी, जोड़ों के दर्द से राहत, पेट की बीमारियां भी होंगी दूर

सुबह का हेल्दी नाश्ता पूरे दिन एनर्जी देता है और बीमारियों से भी दूर रखता है। खाली पेट गुनगुने पानी के साथ शहद पीने से दिन की शुरुआत करें। नाश्ते में विटामिन, प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा 3 फैटी एसिड वाले फूड जरूर खाएं। कहते हैं दिन की शुरुआत हेवी नाश्ते से हो, तो पूरा दिन बहुत अच्छा रहता है। लेकिन बिजी लाइफस्टाइल में लोग नाश्ते को सबसे ज्यादा नजरअंदाज करते हैं। डायटीशियन डॉ. अनु अग्रवाल से जानते हैं हेवी नाश्ते में ऐसा क्या खाएं जो सेहत के लिए फायदेमंद है।

**रोटी-सब्जी या रोटी सैंडविच**
**रोटी पनीर रोल**
**रोटी एग कोन**
**चाय रोटी का नाश्ता**
**दूध रोटी का नाश्ता**
**दही रोटी का नाश्ता**



**रोटी खाने के फायदे**

रोटी खाने से ही पेट भरता है। लेकिन इसके अलावा रोटी में कई सारे न्यूट्रिशन होते हैं जो एनर्जी बनाए रखते हैं। रोटी में विटामिन B1, B2, B3, B6, B9, है। यही कारण है कि रोटी खाने से हम सेहतमंद रहते हैं। हम पूरे दिन में चाहे कितने भी ब्रेड कितने भी पिज्जा, चाऊमीन या फिर बर्गर ही क्यों ना खा लें लेकिन हमारा पेट तो रोटी से ही भरता है।




एनर्जी-रोटी खाने से हमें काम करने की ताकत मिलती है।

ब्रेस्ट कैंसर-रोटी में लिंग्नेंस होते हैं जो ब्रेस्ट कैंसर को कंट्रोल करता है।

डाइजेशन-रोटी में कार्बोहाई रेट और फाइबर होता है जिससे डाइजेशन मजबूत होता है।

पथरी-रोटी में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है इससे पथरी होने की संभावना कम हो जाती है।

कब्ज-गेहूं में काफी मात्रा में फाइबर होता है जिसे खाने से पेट की सभी बीमारियां दूर हो जाती है।

बीपी कंट्रोल-रोटी में पोटेशियम होता है जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है। रोजाना एक रोटी तो जरूर खाएं।

डायबिटीज-रोटी खाने से इंसुलिन और ग्लूकोज का लेवल बैलेंस रहता है। जिससे डायबिटीज कंट्रोल में रहती है।

जोड़ों के दर्द-रोटी खाने से प्रोटीन और कैल्शियम मिलता है जिससे मसल्स मजबूत और जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है।

खून की कमी होगी दूर- रोटी खाने से खून की कमी पूरी होती है। इसमें मौजूद आयरन खून की कमी को पूरा कर देता है।

एसिडिटी-सुबह दूध और रोटी खाने से एसिडिटी, पेट में जलन के साथ पेट से जुड़ी कई प्रॉब्लम से राहत मिलेगी।

मसल्स मजबूत बनाए-वर्कआउट करने वालों के लिए यह बेहद फायदेमंद है। मसल्स में मजबूती आती है। कई फिटनस सेंटर और जिम में एक्सरसाइज के साथ सुबह बासी रोटी खाने की सलाह दी जाती है।

# ये आदतें तय करती हैं आपके जीवन की लंबाई, इन्हें जरूर अपनाएं

अपनी उम्र को कैसे बढ़ाएं और सेहत दुरुस्त कैसे रखें, ये सवाल सभी के मन में आते हैं। इन सवालों के जवाब अमेरिका के डॉ. माइकल ग्रेगर ने हाल ही में दिए हैं। सेंटर्स फॉर डिसीस कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की एक रिसर्च का हवाला देते हुए डॉ. ग्रेगर ने बताया है कि एक स्वस्थ और लंबा जीवन तीन आदतों पर निर्भर करता है।

ये तीन आदतें हैं- न्यूट्रीशन से भरपूर डाइट लेना, स्मोकिंग न करना और रोजाना 21 मिनट एक्सरसाइज करना। सेंटर्स फॉर डिसीस कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की 6 साल लंबी




रिसर्च के अनुसार, जो लोग इस लाइफ स्टाइल को फॉलो करते हैं, उनकी मृत्यु होने की संभावना 82% तक घट जाती है।

कैसे बनाएं इन 3 आदतों को अपने जीवन का हिस्सा

*** हेल्दी डाइट को दें प्राथमिकता**

डॉक्टर मुताबिक, अपने शरीर को स्वस्थ रखना है तो आज ही ज्यादा तेल, मसाला और जंक फूड छोड़ दें। अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा फल और सब्जियों को शामिल करें। इंसान जल्दी बूढ़ा और बीमारियों से पीड़ित इसलिए हो जाता है क्योंकि उसका शरीर ऑक्सीडाइज होने लगता है। लेकिन एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लेने से इस प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। अपनी डाइट में मीट को कम से कम शामिल करना चाहिए। कारण- फल और सब्जियों में मीट के मुकाबले 64 गुना ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं।

*** स्मोकिंग से रहें दूर**

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो मेडिसिन के एक शोध में पाया गया है कि स्मोकिंग का हमारी बढ़ती उम्र से खास रिश्ता है। स्मोकिंग से महिलाओं और पुरुषों दोनों के डीएनए को नुकसान पहुंचता है, जिससे हमारे जीवन की लंबाई कम होती है। अच्छी डाइट लेते भी हैं, तो भी स्मोकिंग की लत आपके जीवनकाल को घटा देती है।

*** एक्सरसाइज का डेली डोज**

महामारी में लॉकडाउन और वर्क फ्रॉम होम ने हमारे चलने-फिरने को पूरी तरह बंद कर दिया है। डॉ. ग्रेगर के अनुसार, बैठे रहना भी एक तरह का धूम्रपान है। वे कहते हैं कि हर दिन कम से कम 21 मिनट एक्सरसाइज करना जरूरी है। इसमें आप जॉगिंग-रनिंग से लेकर पसंदीदा खेल भी खेल सकते हैं।

ऑनलाइन काम और पढ़ाई से थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लेकर टहलना भी एक अच्छा विकल्प है। अपने पेट्स को भी लंबी दूरी तक घूमने ले जाएं। नेचर के साथ वक्त बिताएं।

# किडनी के अलावा शरीर में इन जगहों पर भी होती है पथरी, दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं

जब भी पथरी की बात आती है तो लोगों को सबसे पहले ख्याल किडनी का ही आता है. लेकिन लोगों को पता होना चाहिए कि पथरी केवल किडनी में ही नहीं बल्कि किडनी के अलावा भी अन्य जगहों पर हो सकती है. आज का हमारा लेख उन्हीं जगहों के ऊपर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि व्यक्ति को पथरी किडनी के अलावा और किन-किन जगहों पर हो सकती है.



**किन जगहों पर होती है पथरी?**

अधिकतर लोग किडनी की पथरी से परेशान होते हैं. किडनी की पथरी के पीछे कारण गलत जीवनशैली, ज्यादा वजन, दवाइयों का अधिक सेवन, खानपान की गलत आदतें आदि होती हैं. इसके कारण व्यक्ति को काफी दर्दनाक स्थिति का सामना भी करना पड़ता है. लेकिन इसके अलावा अन्य जगहों पर भी पथरी हो सकती है.

लोगों को पथरी पित्ताशय की थैली में भी होती है. बता दें कि पित्ताशय की थैली लीवर के ठीक नीचे स्थित होती है. जोकि सीधे हाथ की तरफ मौजूद होती है. इस थैली में पित्त जमा होता है. यह समस्या तब होती है जब पित्त की नली में कोई अवरोध पैदा हो जाता है. जब पित्त की थैली में कोलेस्ट्रॉल सख्त होने लगता है तब यह पथरी का रूप ले लेता है. यह स्थिति बेहद दर्दनाक होती है पर व्यक्ति को इस से छुटकारा पाने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है. इसके लक्षणों की बात की जाए तो लोगों को पित्ताशय की थैली के आसपास दर्द, सीने में जलन, पेट में भारीपन, अपच, खट्टी डकार आदि लक्षण नजर आ सकते हैं.

व्यक्ति को पथरी मूत्राशय में भी बन सकती है. जब मिनरल्स सख्त होने लगते हैं तब ये स्थिति पैदा हो जाती है. यह स्थिति भी बेहद ही दर्दनाक होती है. इसके कारण व्यक्ति मूत्राशय को पूरी तरीके से खाली नहीं कर पाता है. वहीं इसके लक्षणों में जल्दी जल्दी पेशाब आना, पेशाब करने में कठिनाई महसूस करना, पेशाब में खून आना, दर्द आदि समस्याएं हो सकती हैं.

# बवासीर के मरीज भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन, वरना बढ़ जाएगी मुश्किल



आज के समय में जैसे लोग डायबिटीज, हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल आदि से परेशानी हैं. वहीं लोगों को बवासीर की समस्या भी हो रही है. ऐसे में लोगों को पता होना चाहिए कि बवासीर के मरीजों को किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि बवासीर होने पर किन चीजों को अपनी डाइट में ना जोड़ें.

बवासीर के दौरान ना करें इन चीजों का सेवन

बवासीर के दौरान मसालेदार खाने का सेवन नहीं करना चाहिए. इससे न केवल मल त्यागने के दौरान अधिक दर्द महसूस हो सकता है बल्कि मसालेदार खाना खून के बहाव को और बढ़ा सकता है. ऐसे में व्यक्ति को अपनी डाइट से मसालेदार भोजव को निकालना चाहिए. यदि आपको पाइल्स की समस्या है तो ऐसे में शराब का सेवन ना करें. एल्कोहल न केवल इस समस्या को बढ़ा सकती है बल्कि बवासीर के दौरान इसके सेवन से आंतों में निर्जलीकरण की समस्या भी हो सकती है.

बवासीर के दौरान व्यक्ति को डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन भी सोच समझ कर करना चाहिए. इन प्रोडक्ट के कारण गैस बनना, पेट में ऐंठन, कब्ज की समस्या आदि हो सकती है. ऐसे में दूध, दही आपकी समस्या को और बढ़ा सकते हैं. इसलिए व्यक्ति बवासीर के दौरान इन चीजों का सेवन करने से बचे. बवासीर होने पर व्यक्ति को डीप फ्राइड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन नहीं करना चाहिए. इन फूड्स को ना केवल पचाने में मुश्किल महसूस हो सकती है बल्कि इनके अंदर अधिक नमक मौजूद होता है जो समस्या को और बढ़ा सकता है. बवासीर के दौरान अत्यधिक नमक का सेवन करने से ना केवल डाइजेशन पर विपरीत असर पड़ सकता है बल्कि व्यक्ति को कब्ज की समस्या भी हो सकती है.

# अगर हाथ-पैर और चेहरे पर सूजन आ रही है तो जांच कराएं

हमारे शरीर के कुछ अंगों में कभी न कभी किसी वजह से सूजन आ जाती है. ऐसी सूजन आपने ने भी कभी न कभी जरूर महसूस की होगी और कई कारणों से यह बढ़ने लगती है. हमारी हड्डियों, ऊतकों या मांसपेशियों में दर्द के परिणाम से हमारी त्वचा के बाहरी हिस्से में कई बार सूजन हो सकती है. सिस्ट और ट्यूमर की वजह से भी प्रभावित क्षेत्र के आसपास सूजन हो सकती है. अगर आपको सूजन का कोई बाहरी कारण पता है तो अच्छी बात है, अन्यथा यह किसी अंदरूनी समस्या का संकेत यानी लक्षण भी हो सकता है. कुछ खास अंगों में अकारण सूजन गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करती है. ऐसी किसी भी सूजन को नजरअंदाज करना आपके लिए बड़ी भूल भी साबित हो सकती है. कई बार यह सूजन हाथ और पैरों के साथ ही चेहरे व आंखों तक पर दिखने लगती है. जब भी आपको ऐसी सूजन के बारे में पता चले तो आपको इसके कारण के बारे में पता करना चाहिए. अगर कारण आपकी समझ में नहीं आ रहा है तो तुरंत अपने डॉक्टर को दिखाएं.



**आइए जानते हैं किन बीमारियों के कारण शरीर में सूजन बढ़ती है**

–

थायराइड की वजह से भी हो सकती है सूजन

इंसान के गले में तितली के आकार की एक थायराइड ग्रंथि होती है. यह एक हार्मोन है जो अगर सही तरीके से काम करता है तो आपको परेशानी नहीं होती. अगर यह अंडरएक्टिव यानी क्षमता या आवश्यकता से कम काम करता है या ओवरएक्टिव यानी आवश्यकता से अधिक काम करने लगता है तो आपको परेशानी होनी तय है. यदि बिना किसी वजह से अचानक आपका वजन बढ़ने लगा है या पैरों और गर्दन के हिस्से में सूजन बढ़ रही है तो यह हाइपोथायराइडिज्म (थायरायइड कम होना) के लक्षण हो सकता है. थायरॉक्सिन हार्मोन की कमी के कारण शरीर में सूजन बढ़ सकती है.

**किडनी रोगों का है सूजन से गहना नाता**

वैसे तो शरीर के किसी भी हिस्से में अकारण सूजन आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती है. लेकिन अगर बिना किसी वजह के आपके चेहरे और हाथ-पैरों में सूजन बढ़ गई है तो तुरंत अपने डॉक्टर को दिखाएं, क्योंकि यह किडनी की समस्या का लक्षण है. इसके पीछे की साइंस यह है कि हमारी किडनी का काम शरीर से खून को साफ करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना है. जब किडनी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में असमर्थ हो जाती है और यह विषाक्त पदार्थ शरीर में ही जमा होने लगते हैं तो इसके कारण शरीर के कई अंगों में सूजन बढ़ने लगती है.

**कमजोर दिल के कारण भी आती है सूजन**

दिल कमजोर होना भले ही किसी मुहावरे की तरह इस्तेमाल होता हो, लेकिन वास्तव में जब दिल कमजोर हो जाता है या उसकी क्रियशीलता कम हो जाती है तो शरीर में सूजन बढ़ने लगती है. जब दिल ठीक से खून पंप नहीं कर पाता है या कमजोर हो जाता है तो आमतौर पर दिल से दूर के अंग यानी हाथ और पैरों में सूजन नजर आने लगती है. यही कारण है कि हम आपको कह रहे हैं, जब आपके हाथ-पैरों में अकारण ही सूजन बढ़ने लगे तो इसे नजरअंदाज कतई न करें, क्योंकि यह दिल की बीमारी का लक्षण भी हो सकता है.

**लिवर की समस्या से भी आ सकती है सूजन**

लिवर हमारे शरीर के जरूरी अंदरूनी अंगों में से है. लिवर के काम में किसी भी तरह की खराबी आने पर व्यक्ति का बीमार पड़ना तय है. जब भी लिवर में कोई दिक्कत आती है, उसके काम में रुकावट आती है या वह काम करना ही बंद कर देताहै तो आपके पेट में सूजन और दर्द के रूप में इसके लक्षण नजर आते हैं. इसलिए ध्यान दें कि अगर बिना किसी बाहरी कारण के आपके पेट में सूजन बढ़े तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं, हो सकता है आपके लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही हो.

**डीप वेन थ्रोम्बोसिस के कारण आती है सूजन**

डीप वेन थ्रम्बोसिस नामक इस बीमारी में पैरों में सूजन होने लगती है. इस बीमारी की वजह से पैरों की नसों में खून के थक्के बनने लगते हैं, जिसके कारण पैरों में तेज दर्द होता है. खून के थक्के बनने के कारण शरीर के उस हिस्से में खून की सप्लाई रुक जाती है और ऐसा होने पर शरीर का वह हिस्सा धीरे-धीरे बेकार होने लगता है, उसमें सुन्नपन रहने लगता है.

# क्या लहसुन खा कर हृदयाघात से बचा जा सकता है?

**प्रश्न : मेरे गाल ब्लैडर में मटर के दाने के बराबर पथरी है। मुझे बिल्कुल भी दर्द नहीं होता। डॉक्टर ऑपरेशन पर जोर दे रहे हैं। पर मुझे कोई परेशानी नहीं है। ऐसे में क्या ऑपरेशन कराना चाहिए? कृपया सुझाव देवें।**

**- अप्पा राव, महबूबनगर**

उत्तर : गाल ब्लैडर याने पित्ताशय में पथरी के बनने का मुख्य कारण है कोलेस्ट्रोल के स्तर में वृद्धि। पित्ताशय की पथरी बनती ही है कोलेस्ट्रॉल से। यह जब तक सताती नहीं है यानी तेज पेट दर्द नहीं होता है तब तक मेरी राय में शल्य क्रिया की आवश्यकता नहीं होती। तेज दर्द उठने पर ही ऑपरेशन जरूरी होता है।

गाल स्टोंस को निकालने का सर्वोत्तम तरीका भी केवल शल्यक्रिया ही है। यह एकदम सही है। गाल स्टोन का निदान होते ही यदि औरा लिविंझ टिकिया, ऊंझा आरोग्यवर्धिनी रस टेबलेट व लिवकाट कैप्सूल लेना प्रारंभ करते हैं तो एकदम से शल्यक्रिया की जरूरत नहीं पड़ती।

भोजन में तले पदार्थ, नमकीन, मिठाईयां, फास्ट फूड, जंक फूड, गरिष्ठ पदार्थ, मांसाहारी व्यंजन, अचार आदि लेना बंद कर देवें तो धीरे-धीरे कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटने लगता है। और उपरोक्त कहीं दवाओं का सेवन गाल स्टोंस को बढ़ने और एक्टिवेट होने नहीं देता। नतीजा आपको शल्यक्रिया की ऐसी स्थिति में बिल्कुल भी जरूरत नहीं पड़ती। ₹सादा भोजन, उच्च विचार₹ को जीवन में अपनाने से इस रोग से बचा जा सकता है।

**प्रश्न : मेरी उम्र 36 वर्ष है। डॉक्टरों के अनुसार मुझे गाउट है। उंगलियों और जोड़ों में बहुत दर्द होता है कृपा कर इसका आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- अनुभव वर्मा, विशाखापट्टनम**

उत्तर : आयुर्वेद में गाउट को वातरक्त कहते हैं। सामान्य भाषा में गठिया रोग कहते हैं। इसमें और संधिवात में सबसे बड़ा फर्क है सिरम यूरिक एसिड के स्तर का बढ़ना। वात रक्त में रक्त में यूरिक एसिड का स्तर स्त्रियों में 7 से ऊपर रहता है और पुरुषों में 6.5 से ऊपर रहता है। यूरिक एसिड के क्रिस्टल्स जोड़ों में जमा होने लगते हैं और काफी दर्द देते हैं। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की वजह - गुर्दे का शरीर में मौजूद यूरिक एसिड को पेशाब के जरिए शरीर के बाहर नहीं निकाल पाना है। कई तरह के पदार्थ जैसे सभी प्रकार की दालें, डिब्बे वाले जूस, मांसाहारी भोजन, सीफूड, मशरूम, मटर, बींस आदि यूरिक एसिड को बढ़ाते हैं। अतः इनसे दूर रहें। ऑलिव ऑयल (जैतून का तेल), इसबगोल, ओट्स, टमाटर, अंगूर , चेरी, मेवें, कद्दू, तुरई, घिया, खीरा, करेले, भिंडी, कुंदूरु, परवल, पुराने चावल, जवारी, गेहूं आदि का प्रयोग गाउट में हितकारी है।

ऊंझा अमृता गुग्गुलु, ऊंझा कैशोर गुग्गुलु, संशमनी वटी, ऊंझा अमृतारिष्ट, महारास्नादि काढ़ा आदि का प्रयोग वात रक्त में उपयोगी है। गिलोय तुलसी रस निराहार सुबह और भोजन पूर्व संध्या को 30 मिलीलीटर की मात्रा में दोगुने पानी के संग मिलाकर प्रयोग करते रहने से वात रक्त पूरा ठीक होता है। दर्द वाले स्थान पर पिंड तेल लगाने से या उसकी हल्की मालिश करने से काफी आराम मिलता है।

**प्रश्न : क्या लहसुन दर्द निवारक है? क्या यह सही है किसको लेते रहने से हृदयाघात से बचा जा सकता है? कृपा कर लहसुन के उपयोगी गुणों को बताएं।**

**- कमलाकर पांडे, सिकंदराबाद**

उत्तर : हां - यह सही है कि लहसुन केवल एक मसाला भर नहीं बल्कि श्रेष्ठ वात नाशक औषधि है। लहसुन का विधिवत प्रयोग मनुष्य को निरोगी, तेजस्वी व शक्तिशाली बना कर उसको दीर्घ जीवन प्रदान करता है। लहसुन उत्तम रसायन भी है। यह बुद्धि, आयु, वीर्य और पुरुषत्व को बढ़ाता है। वात की नाड़ियों पर इसका असर उत्तेजक होता है। पैर का दर्द, गठिया, पुराना संधिवात, आमवात, पीठ की जकड़न, हिस्टीरिया, पक्षाघात एवं विभिन्न वात विकारों की यह अत्यंत प्रभावकारी औषधि है।

* गठिया और आमवात : दूध में लहसुन की चार कलियों को उबालकर हर रोज सुबह खाली पेट पीने से पुरानी गठिया व जीर्ण आमवात के दर्द से छुटकारा मिलता है।

* अजीर्ण, पेट दर्द, मंदाग्नि : लहसुन, शक्कर, सेंधा नमक इनको समभाग लेकर चटनी की तरह पीस लें - इसे घी में मिलाकर चाटने से अजीर्ण, पेट दर्द व मंदाग्नि आदि उदर रोगों में आराम मिलता है।

* उच्च रक्तचाप व हाईकोलेस्ट्रॉल : हर रोज सुबह दो लहसुन को चबाकर अनुपान में गर्म पानी पीने से उच्च रक्तचाप व हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है। हृदय रोग की संभावना समाप्त होती है।

* सर्दी - जुकाम : लहसुन, तुलसी पत्र स्वरस, सोंठ का चूर्ण व काली मिर्ची का चूर्ण को दूध के साथ लेने से या उसमें औंटा कर पीने से सर्दी - जुकाम में आराम मिलता है।

ऐसे हजारों लोग हैं जो स्थानाभाव के कारण देना संभव नहीं है। लहसुन परम गुणकारी है। यह वात व्याधियों की यह एकल परमौषधि है।

**डॉ च पुरुषोत्तम बिदादा**

Email :
purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य चिपकाएं।**

आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396 लोअर टैंकबंड, हैदराबाद-80



## छूट की कर व्यवस्था समाप्त करने की तैयारी, वित्त मंत्रालय पुरानी कर व्यवस्था की करेगा समीक्षा

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय छूट या रियायतों से मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा की योजना बना रहा है। इसकी समीक्षा का प्रस्ताव रखा गया है, ताकि इसे व्यक्तिगत आयकरदाताओं के लिए अधिक आकर्षक बनाया जा सके। सूत्रों ने कहा कि सरकार का इरादा ऐसी कर प्रणाली स्थापित करने का है, जिसमें किसी तरह की रियायतें न हों। इसके साथ ही छूट और कटौतियों वाली जटिल पुरानी कर व्यवस्था को समाप्त किया जा सकता है। 2020-21 के बजट में सरकार ने नई टैक्स कर व्यवस्था लागू की थी। इसमें करदाताओं को विभिन्न कटौतियों और छूट के साथ पुरानी व्यवस्था और बिना छूट व कटौतियों वाली निचली दरों की नई व्यवस्था में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया था। एजेंसी नई कर व्यवस्था के अनुभव के बारे में सूत्रों ने कहा कि इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि जिन लोगों ने अपना कर्ज चुका दिया है वे नई कर व्यवस्था को चुनना चाहते हैं, क्योंकि उनके पास किसी तरह की छूट का दावा करने का विकल्प नहीं है। नई कर व्यवस्था में करों को कम किए जाने से यह अधिक आकर्षक बन जाएगी। इसी तरह की कर व्यवस्था कॉरपोरेट करदाताओं के लिए भी सितंबर, 2019 में लाई गई थी। इसमें कर की दरों को कम किया गया था।

# भारत ने 101 देशों को भेजी कोरोना वैक्सीन

## हॉलीवुड मूवी से कम खर्च में लॉन्च किया मून मिशन, गूगल-माइक्रोसॉफ्ट को लीड कर रहे इंडियन

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। आजादी के समय अपनी छोटी से छोटी जरूरत के लिए विदेशों का मुंह ताकने वाला हिंदुस्तान अब बदल चुका है। भारत को अब दुनिया के सबसे सस्ते और कामयाब स्पेस प्रोग्राम से लेकर ग्लोबल सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री लीडर्स के लिए पहचाना जाता है। आजादी की 75वीं सालगिरह पर जानिए कैसे दुनियाभर में आईटी, क्रिकेट, योग और क्रिकेट में भारत की साख और धाक जमी हुई है।

साइंस हो या पॉलिटिक्स, भारतीय लोगों ने देश ही नहीं, दुनियाभर में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के दावेदार ऋषि सुनक के नाम इसके अब एक-एक करके समझते हैं, आजादी के बाद 75 साल में भारत ने दुनिया को क्या कुछ दिया है... मार्च 2020




में जब कोरोना ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में लिया, तो इसकी वैक्सीन बनाने की कवायद शुरू हुई। भारत ने न सिर्फ तेजी से वैक्सीन बनाई, बल्कि अमेरिका की सबसे सस्ती वैक्सीन से सात गुना कम लागत में इसे तैयार कर दिया। इतना ही नहीं, कोवैक्स और वैक्सीन मैत्री प्रोग्राम के तहत भारत ने दुनिया के 101 देशों को कोरोना वैक्सीन के 25 करोड़ डोज भी सप्लाई किए।वैक्सीन की कीमत ही नहीं, प्रोडक्शन के मामले में भी भारत अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है। अमेरिका के पास जहां सालाना 469 करोड़ डोज बनाने की क्षमता है, तो भारत 313 करोड़ डोज की क्षमता के साथ दुनिया में दूसरे नंबर पर है। वैक्सीन के अलावा कोरोना के समय अमेरिका में हाइड्रॉक्सी क्लोरोक्वीन और पैरासिटामॉल जैसी दवाएं भी भारत से ही भेजी गई थीं। हॉलीवुड मूवी एवेंजर्ज-एंडगेम को बनाने में 2,560 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, लेकिन भारत ने इससे करीब तीन गुना कम लागत यानी महज 978 करोड़ रुपए से मून मिशन लॉन्च किया। चंद्रयान-2 ही नहीं, भारत के मंगल मिशन की लागत भी 532 करोड़ रुपए है, जबकि अमेरिका ने 2013 में ऐसे ही मिशन पर 1,346 करोड़ रुपए खर्च किए थे।भारत के अगले अंतरिक्ष कार्यक्रम गगनयान पर भी करीब 10 हजार करोड़ रुपए का ही खर्च आने का अनुमान है, जो दुनिया में सबसे सस्ता है। कम लागत के कामयाब स्पेस मिशन्स के चलते इसरो को अमेरिका और यूरोप के कई सैटेलाइट लॉन्च करने के ऑर्डर मिल चुके हैं। ग्लोबल सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में भारतीय प्रोफेशनल टॉप पोजिशन्स पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट की कमान सत्या नडेला के हाथ है, वहीं गूगल को सुंदर पिचाई लीड कर रहे हैं। इनकी ही तरह पराग अग्रवाल (ट्विटर), शांतनु नारायण (एडॉब) और अरविंद कृष्णन जैसी बड़ी आईटी कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। अमेरिका की सिलिकॉन वैली में इंडियन प्रोफेशनल्स कई और दूसरी कंपनियों में टॉप पोजिशन्स पर हैं।

# उद्योगपतियों ने भी मनाया स्वतंत्रता दिवस

## मुकेश अंबानी ने पत्नी और पोते के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देश सोमवार को आजादी का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से नौवीं बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। देश के बड़े उद्योगपतियों ने भी आजादी के जश्न में हिस्सा लिया। रिलायंस इंडस्ट्री के मालिक मुकेश अंबानी ने अपनी पत्नी नीता अंबानी और पोते पृथ्वी अंबानी के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इसके अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचई और आनंद महिंद्रा ने भी सोशल मीडिया के जरिए देशवासियों को 15 अगस्त की बधाई दी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचई ने लिखा कि स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं, भारत! हम परिवार, समुदाय और हर 15 अगस्त को आसमान में तैरने वाली रंगीन पतंगों के जश्न में एक विशेष #गूगल डूडल के साथ 75 वर्ष मना रहे हैं। स्वतंत्रता की बधाई देते हुए गौतम अडाणी ने लिखा कि जब हम स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहे हैं, भारत अनंत अवसरों और त्वरित विकास की दहलीज पर खड़ा है। हमारे युवाओं की आकांक्षाओं और सपनों से प्रेरित इस सबसे बड़े लोकतंत्र की कहानी की ये तो बस शुरुआत है। भारत को कोई रोक नहीं सकता।



## चीन ने आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए ब्याज दर में कटौती की



बीजिंग, 15 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के केंद्रीय बैंक ने देश में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाकर 2.75 प्रतिशत कर दी है। सरकार ने पिछले महीने स्वीकार किया था कि महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए प्रतिबंधों, विनिर्माण और उपभोक्ता खर्च में बाधाओं के कारण वह इस साल आधिकारिक 5.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य हसिल नहीं कर सकती है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने एक साल की अवधि वाले ऋण पर अपनी ब्याज दर को 2.85 प्रतिशत से घटाकर 2.75 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ बैंकों को अतिरिक्त 400 अरब युआन (60 अरब डॉलर) उपलब्ध कराया है।

जुलाई महीने में कारखानों के उत्पादन और खुदरा बिक्री के कमजोर आंकड़ों के बाद यह कदम उठाया गया। बैंक का यह निर्णय बताता है कि चीन अस्थायी रूप से कर्ज के बारे में चिंता को दूर कर रहा है और अक्टूबर या नवंबर में सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक से पहले राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहा है। ऐसा समझा जा रहा है कि इस बैठक में शी जिनपिंग पुरानी चली आ रही परंपरा को तोड़कर तीसरी बार पांच साल का कार्यकाल संभाल सकते हैं।

# 1947 से अब तक 590 गुना महंगा हुआ सोना

### आजादी के समय 89 रुपए पर था जो अब 52 हजार के पार निकला

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। हमारे देश में शादी के लिए या फिर त्योहार पर सोना खरीदने का चलन है। आज देश की आजादी के 75 साल पूरे हो गए हैं। इन बीते 75 सालों में सोना और चांदी तेजी से महंगे हुए हैं। 1947 में सोना 88.62 रुपए प्रति 10 ग्राम था जो अब 52 हजार के पार निकल गया है। वहीं चांदी 107 रुपए किलोग्राम पर थी जो अब 58 हजार के ऊपर चल रही है। 1947 में जब देश आजाद हुआ था तक सोना 88.62 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 52,461 पर है। यानी तब से लेकर अब तक सोना 590 गुना महंगा हो चुका है। चांदी की बात करें तो आजादी से लेकर अब तक ये 544 गुना महंगी हो गई है। 1947 में चांदी का भाव करीब 107 रुपए किलो था और अब ये 58,352 रुपए पर है। एक्सपट्‌र्स का कहना है कि अभी सोने पर भले ही दबाव है, लेकिन यह धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। जैसे ही महंगाई और मंदी का जोखिम थोड़ा कम होगा, सोना एक बार फिर महंगा होने लगेगा। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 54 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। बुलियन एक्सपट्‌र्स का मानना है कि अब चांदी में




एक अच्छी बढ़त की गुंजाइश बन रही है। उनका मानना है कि दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोवोल्टिक क्षेत्र में चांदी की औद्योगिक खपत बढ़ेगी। साथ ही त्योहारी सीजन में रिटेल बिक्री, गहनों की मांग मजबूत रहेगी। इससे चांदी की कीमत में तेजी दिख सकती है।भारत में हर साल 700-800 टन सोने की खपत होती है, जिसमें से 1 टन का उत्पादन भारत में ही होता है और बाकी आयात किया जाता है। देश में सोने का इम्पोर्ट 2020 में 344.2 टन रहा जो पिछले साल के मुकाबले 47% कम रहा। 2019 में ये 646.8 टन था।

# एयरटेल ने 5जी के नीलामी में मारी बाजी

## 20 साल के लिए 43,084 करोड़ रुपये में अपने नाम किया स्पेक्ट्रम

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदान करने वाली कंपनी, भारती एयरटेल ने यह घोषणा की है कि वह भारत में 5जी रेवोलुशन को लीड करने के लिए तैयार है। टेलीकॉम कंपनी ने कहा कि एयरटेल इस नीलामी के दौरान 19867.8 MHz स्पेक्ट्रम वाले इस 5जी नेटवर्क में मेगाबैंड्स के पैन इंडिया फुटप्रिंट को हासिल किया है। एयरटेल ने इसे अगले 20 सालों के लिए हासिल करके 5जी नेटवर्किंग में अपनी पकड़ बना ली है।इससे पहले भारती एयरटेल मुख्य रूप से मिड-बैंड के स्पेक्ट्रम वाले नेटवर्क को मजबूत करने में काफी समर्थ रहा है। टेलीकम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट, इंडियन गवर्नमेंट ने हाल ही में स्पेक्ट्रम के लिए जो लेटेस्ट तरीके से नीलामी प्रक्रिया शुरू की थी, उसमें एयरटेल ने इतने बड़े 5जी स्पेक्ट्रम को तकरीबन 43,084 करोड़ रुपये में खरीद कर अपने नाम कर लिया है। एयरटेल के इस स्पेक्ट्रम को खरीदने से अब उसके पास स्पेक्ट्रम उपलब्ध हो गया है। आज एयरटेल के पास 5जी स्पेक्ट्रम के आ जाने से वह देश में इंटरनेट ब्रॉडबैंड की सुविधा देने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई है, जिसके जरिए वह देश में 5जी क्रांति की न सिर्फ शुरुआत कर सकता है, बल्कि उसे अच्छे से स्थापित भी कर सकता है। बीते एक साल में एयरटेल ने अपने कई सहभागियों के साथ 5जी स्पेक्ट्रम की टेस्टिंग में सबसे आगे रहा। एयरटेल ने ही सबसे पहले देश में 5जी परीक्षण का नेतृत्व किया था. एयरटेल ने बीते कुछ वर्षों में 5जी स्पेक्ट्रम को खरीदने के लिए कई सारी रणनीतियां बनाई और उसी समझदारी भरे फैसलों और नीतियों की वजह से ही आज वह न सिर्फ 5जी स्पेक्ट्रम को लेने में सफल हुआ है। बहुत ही कम इन्वेस्टमेंट में एयरटेल की तरफ से 26 GHz बैंड वाला यह नेटवर्क 100 गुना ज्यादा तेजी से इन्टरनेट प्रोवाइड करने की क्षमता रखता है। 5जी नेटवर्क पर आप बिना बफर हुए बहुत ही आराम से हाई क्वालिटी में फिल्म और वेबसीरीज देख सकते हैं। आप 720P-1080P से आगे निकल कर 4K पर भी स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। 5जी के साथ आप हाई स्पीड और लो लेटेंसी का लाभ उठा सकते हैं, जिससे हाई डेफिनेशन, लाइव टीवी स्ट्रीमिंग और वीडियोज देखना आसान हो जाएगा।

## निवेशकों के लिए मौका! बायोटेक फर्म लेकर आ रही आईपीओ

### दिवंगत झुनझुनवाला की भी है कंपनी में हिस्सेदारी




नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बीते रविवार को शेयर बाजार के बिग बुल राकेश झुनझुनवाला का निधन हो गया था। अब झुनझुनवाला समर्थित कंपनी कॉनकॉर्ड बायोटेक लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने के लिए सेबी को मसौदा पत्र जमा किया है। भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड यानी सेबी को दिए ड्राफ्ट पेपर्स के मुताबिक, आईपीओ में 20.93 मिलियन शेयरों की शुद्ध पेशकश-बिक्री या इसके प्रमोटर हेलिक्स इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा संपूर्ण 20 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। यह क्वाड्रिया कैपिटल फंड एलपी द्वारा समर्थित है। आपको बता दें कि क्वाड्रिया कैपिटल एशिया में एक स्वास्थ्य-केंद्रित निजी इक्विटी फंड है। क्वाड्रिया कैपिटल ने 2016 में कॉनकॉर्ड में 20 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 475.30 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कोटक महिंद्रा कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया और जेफरीज इंडिया इस इश्यू के लीड मैनेजर हैं।बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने एक साल पहले के 616.94 करोड़ रुपये के मुकाबले 712.93 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया था। वहीं, शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 234.89 करोड़ रुपये के मुकाबले 174.93 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि के लिए इसकी कुल उधारी 60.59 करोड़ रुपये थी।दिवंगत निवेशक राकेश झुनझुनवाला की बात करें तो उन्होंने अपनी निवेश शाखा रेयर एंटरप्राइजेज के माध्यम से कंपनी में 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखी है।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान का ऐलान : पंजाब के 51 लाख परिवारों को 1 सितंबर से मिलेगी फ्री बिजली

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा कर कहा है कि प्रदेश के 51 लाख परिवारों को 1 सितंबर से फ्री बिजली का लाभ दिया जाएगा। इसका मतलब है कि ऐसे परिवारों के घर शून्य बिजली बिल आएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को 66 केवी बुटारी-ब्यास लाइन लोगों को समर्पित की और कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी समाज के हर वर्ग को प्रति बिलिंग साइकिल में 600 यूनिट मुफ्त बिजली देगी।

प्रदेश के सीएम भगवंत मान ने कहा कि राज्य के 74 लाख परिवारों में से 51 लाख परिवारों को शून्य बिजली बिल मिलेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने, पंजाब कैबिनेट ने 1 जुलाई से राज्य में हर घर को प्रति बिलिंग चक्र में 600 यूनिट मुफ्त बिजली



देने की मंजूरी दी थी। वहीं राज्य में बिजली आपूर्ति के लिए दो महीने का बिलिंग चक्र है।

सीएम का दावा है कि उनकी सरकार आने के बाद पहली बार राज्य के किसानों को नियमित, निर्बाध और सरप्लस बिजली मिली है। 66 केवी लाइन पर उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों के 70 गांवों को नियमित रूप से रोशन करने वाली यह महत्वपूर्ण लाइन पिछले एक दशक से रुकी हुई थी। मान के अनुसार, परियोजना पर कुल 4.40 करोड़ रुपए खर्च किया गया है। सीएम ने कहा कि इस परियोजना से 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जिन्हें अब बिजली कटौती या ओवरलोडिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 6,000 पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 45 दिनों के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए गति तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती योग्यता के आधार पर होगी और पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाएगी, जिसके लिए एक तंत्र विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पुलिस में 4,300 पद भरे जा रहे हैं और आने वाले दिनों में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

# सरकारी बैंकों के होम लोन कम महंगे हुए:मई से रेपो रेट 1.40% बढ़ा, पर होम लोन 2% महंगे

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में जो ताबड़तोड़ बढ़ोतरी की, उसके चलते होम लोन की ईएमआई बढ़ गई है। इस बढ़ोतरी की मार सभी पर पड़ी है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि लोन लेने वाले का क्रेडिट स्कोर कितना है, लोन की रकम और अवधि कितनी है।




इस साल 4 मई से अब तक तीन किस्तों में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 1.40% बढ़ोतरी की है। इस दौरान बैंक और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां होम लोन की ब्याज दरें 2% तक बढ़ा चुकी हैं। इसका मतलब है कि महंगाई थोड़ी-बहुत कम होने से लोगों को बचत हो या न हो, यदि उन्होंने लोन लेकर घर खरीदा है तो उसकी लागत जरूर बढ़ गई है।

हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक जिन लोगों ने फिक्स्ड रेट पर होम लोन ले रखा है, उनकी जेब पर इसका असर नहीं होगा। लेकिन सभी तरह के नए होम लोन 2% तक महंगे हो गए हैं। मई से पहले तक पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और सिटी बैंक 6.5%-6.9% ब्याज दर पर होम लोन दे रहे थे। अब इनकी दरें बढ़कर 7.45%-8.85% हो गई हैं।

बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी के मुताबिक, जिन लोगों ने फ्लोटिंग रेट पर होम लोन ले रखा है, उनकी ईएमआई बढ़ जाएगी। मसलन, यदि किसी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 20 साल के लिए 50 लाख रुपए का होम लोन लिया है तो ब्याज दर बढ़ने से पहले उसकी ईएमआई 38,018 रुपए होगी। लेकिन अब वही ईएमआई 2,415 रुपए बढ़कर 40,433 रुपए हो गई होगी।

# पेट्रोल में 10 फीसदी एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले पूरा किया



नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लोगों को बधाई दी। पीएम मोदी ने लाल किले पर लगातार नौवीं बार तिरंगा फहराया। इसके बाद लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा कि पेट्रोल में 10 फीसदी एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य पूरा किया। गौरतलब है कि इससे न सिर्फ हजारों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिली। यह कोई छुपी बात नहीं है कि पेट्रोलियम पदार्थों के लिए हम आयात पर बुरी तरह से निर्भर हैं। इसलिए सरकार ने पेट्रोल में 10 फीसदी एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य नवंबर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। भारत ने तय समय से पांच महीने पहले ही पेट्रोल में 10 फीसदी एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल कर लिया। कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए 2025-26 तक इस आंकड़े को दोगुना करने का लक्ष्य है। गन्ने और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथेनॉल को पेट्रोल में 10 फीसदी तक मिलाने का लक्ष्य सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के जोरदार प्रयासों से संभव हो पाया। इस क्षेत्र में तीन कंपनियां - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन , भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने खूब प्रयास किया। तभी तो समय से पहले इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सका। पेट्रोल में 10 फीसदी एथेनॉल मिलाने की वजह से देश की 41,500 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। यही नहीं, इससे ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में 27 लाख टन की कमी आई। इससे किसानों को भी 40,600 करोड़ रुपये से अधिक का तत्काल भुगतान हुआ है। इस समय भारत दुनिया में अमेरिका, ब्राजील, यूरोपीय संघ और चीन के बाद एथेनॉल का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक है। यूं तो दुनिया भर में एथेनॉल का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर कंजप्शन होता है। लेकिन, ब्राजील और भारत जैसे देश इसे पेट्रोल में मिलाते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने, ईंधन के लिए आयात पर निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा बचाने, पर्यावरणीय मुद्दों को हल करने और घरेलू कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम को बढ़ावा दे रही है।

# वित्तीय आजादी चाहते हैं तो अपनाएं ये पांच तरीके

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पूरा देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। आजादी का दिन हर देशवासी के लिए खास होता है। लेकिन, आजादी का मतलब सिर्फ बोलने, खाने, घूमने आदि से नहीं है बल्कि आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से भी है।



वित्तीय आजादी का मतलब उन आर्थिक फैसलों से हैं, जिससे आप समय से अपनी हर जिम्मेदारी बिना परेशानी के पूरी कर लें। रिटायरमेंट के बाद भी अपना जीवन आराम से गुजार सकें। वित्तीय आजादी के लिए आप ये पांच तरीके अपना सकते हैं। सूझबूझ के साथ अपने खर्चों पर नजर रखें। जहां बचत कर सकते हैं, वहां करें तभी ज्यादा रुपये बचा पाएंगे। बचे हुए रुपये से निवेश करें, जिससे उसमें चक्रवृद्धि ब्याज के हिसाब से आपकी कमाई बढ़े। अपने मासिक वेतन का 25-30 फीसदी पैसा बचाने पर ध्यान देना चाहिए। अगर आप क्रेडिट कार्ड रखते हैं तो उसका इस्तेमाल सोच-समझ कर करना चाहिए। कुल लिमिट का 30 फीसदी से ज्यादा खर्च न करें। हर महीने समय पर अपने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि का भुगतान करें ताकि आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा रहे। महामारी के दौर में बीमा की महत्ता काफी बढ़ी है। ऐसे में हर व्यक्ति को टर्म और हेल्थ इंश्योरेंस जरूर लेना चाहिए। टर्म इंश्योरेंस से आपके असामयिक निधन पर आपके परिवार को आर्थिक मदद मिल सकेगी। हेल्थ इंश्योरेंस इलाज पर होने वाले खर्च के बोझ से राहत देगा। इसका कवरेज सालाना आय का कम-से-कम 50 फीसदी होना चाहिए। जहां तक संभव हो, कर्ज लेने से बचना चाहिए। जरूरत होने पर उतना ही कर्ज लें, जिसका कम समय में भुगतान हो सके। इससे आपको ज्यादा ब्याज नहीं भरना पड़ेगा। कर्ज लेते समय सावधानी बरतें : कर्ज लेने से पहले कई सारी वित्तीय कंपनियों और बैंक के लोन प्लान के बारे में जरूर जानें। फिर आप जहां से कर्ज ले रहे हैं, वहां इसकी भी जांच करें कि वह आपसे कोई छुपे चार्जेस तो नहीं ले रहा है। वित्तीय आजादी के लिए स्मार्ट तरीके से बचत पर जोर दें। मासिक वेतन का तीन-छह गुना तक बचत करने की कोशिश करें। इसके अलावा, सूची बनाकर ही जरूरी खर्च करें।



# राजस्थान में कोरोना बेकाबू

## कोविड की कम सैंपलिंग वाले चिकित्सा अधिकारी नपेंगे

जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोरोना के केस बढ़ने से एक बार फिर स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान 882 नए केस सामने आए है। राहत की बात यह रही कि किसी कोरोना संक्रमण की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 5 हजार हो गई है। मेडिकल बुलेटिन के अनुसार रविवार को प्रदेश से 882 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिसमें जयपुर में सबसे ज्यादा 273 नए संक्रमित मिले हैं. वहीं, अलवर में 108 और भरतपुर में 101 नए मरीज मिले हैं। उदयपुर 64, अजमेर 46, चित्तौड़गढ़ 45, नागौर 34, डूंगरपुर 34, कोटा 27, पाली 26, दौसा 20, जोधपुर 19, सिरोही 16, बीकानेर 13, जैसलमेर 10, सीकर 9 भीलवाड़ा 9, प्रतापगढ़ 7, सवाई माधोपुर 6, धौलपुर 4, हनुमानगढ़ 3, झालावाड़ 3, बारां 2, बांसवाड़ा 1, गंगानगर 1और करौली में 1 संक्रमित मामला




देखने को मिला है। राजस्थानी जयपुर में सबसे अधिक 273 नए केस आए।

**कम सैंपलिंग वाले चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई**

राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने अधिकारियों को जांच कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य मंत्री ने हाल में सभी जिला चिकित्सा अधिकारियों संग बैठक कर फीडबैक लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना की रोकथाम के लिए सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड की कम सैंपलिंग लेने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। निशुल्क जांच दवा सेवा में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने स्वास्थ्य भवन में आला अधिकारियों संग वीसी के जरिए फीडबैक लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अधिकारियों को रोजाना कम से कम 1000 सैंपलिंग करने के निर्देश दिए।

**24 घंटे में 145 लोग संक्रमण से ठीक हुए**

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार बीते 24 घंटे में 145 लोग संक्रमण से ठीक हुए हैं। इसके अलावा प्रदेश में हर दिन एक्टिव केस की संख्या में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है और रविवार को प्रदेश से एक्टिव की संख्या 5036 दर्ज की गई है। इसके अलावा प्रदेश में अब तक कुल 13,01,522 मरीज संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं जबकि प्रदेश में इस बीमारी से अब तक कुल 9593 मरीजों की मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इन प्रदेश में मौसमी बीमारियों का प्रकोप है। मलेरिया, डेंगू को प्रकोप होने की वजह से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड़ पर है।

# गहलोत का केजरीवाल पर सीधा हमला

## बोले- केजरीवाल की हिम्मत देखिए गांधी की फोटो हटा दी

जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। सीएम गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल एक माजने के लोग हैं। लोग इनके झांसे ना आए। सीएम ने कहा कि केजरीवाल राष्ट्रीय नेता बनना चाहता है। करोड़ो रुपये खर्च करते हैं। केजरीवाल गांधीजी की फोटो हटा देते हैं। पहले बीजेपी भी गांधीजी को नहीं अपनाती थी। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने तो गांधी जी को ऑफिशियल हटा दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली में गांधीजी



की तस्वीर के सामने आमरण अनशन किया था। आज गांधीजी की तस्वीर को हटा दिया है। ऐसे लोग दोहरे चरित्र वाले होते हैं। स्वतंत्रता दिवस पर गहलोत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला. गहलोत ने कहा कि केजरीवाल की हिम्मत देखिए, वह खुद को राष्ट्र का नेता मानते हैं लेकिन गांधी को अपनाने से कतराते हैं।

**देश में अन्ना हजारे ने आतंक मचाया था**

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सीएम गहलोत ने अन्ना हजारे पर निशाना साधा था। जयपुर में एक कार्यक्रम में सीएम गहलोत ने कहा था कि देश में अन्ना हजारे ने आतंक मचा रखा था। सरदार मनमोहन सिंर की सरकार को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र किया। अब अन्ना हजारे ने चुप्पी साध रखी है। देश में महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ अन्ना हजारे आंदोलन क्यों नहीं करते हैं। अन्ना हजारे जैसे लोगों ने भाजपा-आरएसएस के इशारे पर दिल्ली में आंदोलन किया था। ऐसे लोगों से देशवासियों को सावधान रहना चाहिए।

**गहलोत ने गुजरात चुनाव को ध्यान रखकर साधा निशाना**

जानाकरों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोची समझी रणनीति के तहत दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। सीएम गहलोत गुजरात विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए गए है। गुजरात चुनाव में रणनीति गहलोत ही बनाएंगे। अरविंद केजरीवाल लगातार गुजरात का दौरा कर रहे



हैं। गुजरात में केजरीवाल उपस्थिती कांग्रेस को खटक रही है। जानकारों का कहना है कि सीएम गहलोत ने केजरीवाल पर निशाना साधने की शुरुआत कर दी है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि गहलोत के एजेंडे. पर अब गुजरात विधानसभा चुनाव है। जल्द ही सीएम गहलोत गुजरात का दौरा करेंगे। इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस से ज्यादा अरविंद केजरीवाल एक्टिव मोड़ पर दिखाई दे रहे हैं।

# बेकाबू ट्रेलर ने 9 श्रद्धालुओं को रौंदा, 5 की मौत



पाली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पाली में रविवार देर रात बेकाबू ट्रेलर ने सड़क किनारे भंडारे की तरफ जा रहे लोगों (जातरुओं) को रौंद दिया। इस भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, वहीं 4 गंभीर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जोधपुर भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। घायल चीखते-तड़पते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रोहट हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जोधपुर रेफर कर दिया गया।

पाली जिले के बांडाई पुलिया-दलपतगढ़ के बीच रामदेवरा पर जातरुओं के लिए भंडारा लगा हुआ था। रात करीब एक बजे भीलवाड़ा के लोगों का जत्था रामदेवरा जाते समय यहां ठहरा। सभी सड़क किनारे बने टेंट की ओर जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आया ट्रेलर लोगों को रौंदते हुए निकल गया।

इसमें भीलवाड़ा के 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 6 को जोधपुर रेफर किया गया, जिनमें से 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाकी घायलों का इलाज जारी है। सभी पैदल रामदेवरा की तरफ जा रहे थे। हादसे की सूचना पर सीओ ग्रामीण मंगलेश चुंडावत भी मौके पर पहुंचीं।

**चारों ओर घायलों की चीख-पुकार**

हादसे के बाद हाइवे पर घायलों की चीख-पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे वाहन चालक रुके। एम्बुलेंस और पुलिस को कॉल किया। पुलिस ने 108 के पायलट शैतानसिंह राजपुरोहित और ग्रामीणों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचवाया।

एसएचओ रोहट उदयसिंह ने बताया कि हादसे में भीलवाड़ा जिले के खेमाणा (रायपुर) निवासी पप्पू पुत्र हीरालाल, गिरधारी पुत्र रोशनलाल, पवन पुत्र लादूराम भील, पारस पुत्र कैलाशराम, सुशीला पत्नी रतन कालबेलिया की मौत हो गई। नारायण पुत्र भूराराम, जगदीश पुत्र सुखाराम, बालूराम पुत्र मोतीराम व मुकेश पुत्र रतनलाल घायल हो गए। इनका उपचार जारी हैं।

# दलित छात्र की हत्या पर कांग्रेस एमएलए का इस्तीफा

## बोले- अत्याचारों से आहत हूं, समाज यातनाएं झेल रहा, दर्द बयां नहीं कर सकता




बारां, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बारां-अटरू विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा स्पीकर को इस्तीफा भेजा है। इसमें उन्होंने जालोर में टीचर की पिटाई से दलित छात्र की मौत से आहत होने की वजह बताई है।

विधायक ने कहा- मैंने मुख्यमंत्री जी से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद और उसके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की थी। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद मैंने इस्तीफा भेज दिया।

मेघवाल ने इस्तीफे में लिखा- भारत देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी प्रदेश में दलित और वंचित वर्ग पर लगातार हो रहे अत्याचारों से मेरा मन काफी आहत है। मेरा समाज आज जिस प्रकार की यातनाएं झेल रहा है, उसका दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

विधायक ने कहा- प्रदेश में दलित और वंचितों को मटकी से पानी पीने के नाम पर तो कही घोड़ी पर चढ़ने और मूंछ रखने पर घोर यातनाएं देकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। जांच के नाम पर फाइलों को इधर से उधर घुमाकर न्यायिक प्रक्रिया को अटकाया जा रहा है।

मेघवाल ने कहा- पिछले कुछ सालों से दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में दलितों और वंचितों के लिए जिस समानता के अधिकार का प्रावधान किया था, उसकी रक्षा करने वाला कोई नहीं है। दलितों पर अत्याचार के ज्यादातर मामलों में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी जाती है। कई बार ऐसे मामलों को मैंने विधानसभा में उठाया, उसके बावजूद पुलिस प्रशासन हरकत में नहीं आया।

# गहलोत बोले- रेवड़ी नहीं हैं वेलफेयर स्कीम्स

## विदेशों में बुजुर्गों को हर हफ्ते मिलता है पैसा, गौमाता को लंपी से बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में मनाया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुबह 9 बजे अमर जवान ज्योति पर शहीदों को नमन किया। पुष्प चक्र अर्पित किया। सुबह करीब 9.05 बजे गहलोत एसएमएस स्टेडियम पहुंचे। यहां झंडा फहराने के बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

गहलोत ने एसएमएस स्टेडियम में संबोधन में पीएम मोदी के रेवड़ी वाले बयान पर कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को रेवड़ी कहना गलत है। विदेशों में बुजुर्गों को वीकली पैसा मिलता है।

हमें सामाजिक सुरक्षा पर तो जोर देना ही होगा। राजस्थान में सामाजिक क्षेत्र में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए।

सीएम ने कहा- हम गौ माता को लंपी से बचाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। गौ माता बच जाएं, इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

**युवा पीढ़ी याद रखे, स्वतंत्रता सेनानियों ने बहुत कुर्बानियां दी हैं**

मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्ष और 76वें स्वाधीनता दिवस समारोह पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश भी दिया। बोले- 'स्वाधीनता दिवस का अमृत महोत्सव युवा पीढ़ी को समर्पित होना चाहिए। आजादी के वक्त जहां देश में सुई नहीं बनती थी, आज देश कहां तक आ पहुंचा है। यह युवा पीढ़ी को पता होना चाहिए। देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने बहुत कुर्बानियां दी हैं। देश को आजाद कराने में जो शहीद हुए हैं, युवा पीढ़ी उन्हें याद रखे।'

**'सीएम रहते 14वीं बार तिरंगा फहराना गौरव की बात'**

उन्होंने कहा, 'आज मैंने 14वीं बार तिरंगा फहराया है, मेरे लिए यह गर्व की बात है। प्रदेशवासियों ने मुझे इसका मौका दिया है। मैंने भी गरीब को गणेश मानकर काम किया है और आगे भी करेंगे। महात्मा गांधी ने कहा था समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति का हित देखकर फैसला करो, उसी रूप में हमारी सरकार गरीब के लिए काम कर रही है।'

**मैंने भी बड़े-बड़े सपने देखे हैं, रिफाइनरी और ईआरसीपी मेरा सपना**

अपने संबोधन में सीएम बोले- 'राजस्थान में कुछ लोगों की अभी नींद उड़ी हुई है। इस बार मानसून अच्छा आया है, खुशनुमा माहौल है। यह खुशनुमा माहौल लोगों के दिलों में भी हो। यही खुशनुमा माहौल सभी प्रदेशवासी दिलों में उतार लें। हमने कोई कमी नहीं रखी है। मैंने भी बड़े-बड़े सपने देखे हैं, मैंने रिफाइनरी का सपना देखा था।

# गहलोत बोले- लंपी की वैक्सीन नहीं मिल रही

## महामारी से ज्यादा हम वैसे ही काम कर रहे बकरियों की वैक्सीन काम ली जा रही

जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार पशुओं में लंपी डिजीज को महामारी घोषित करने के सवाल पर कहा कि महामारी से ज्यादा तो हम वैसे ही काम कर रहे हैं। गहलोत ने कहा लंपी की वैक्सीन नहीं मिल रही है। सीएम गहलोत से मीडिया ने पूछा कि प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा गायों में संक्रमण हो गया है। क्या सरकार इसे महामारी घोषित करने पर प्रदेश में विचार कर रही है। जवाब देते हुए गहलोत ने कहा- 'महामारी से ज्यादा हम तो वैसे ही काम कर रहे हैं। वैक्सीन तो इसकी है नहीं। बकरियों की वैक्सीन काम में ली जा रही है। दवाइयां वही काम में ली जा रही है। इसकी पुख्ता दवाइयां और वैक्सीन बनी नहीं है। इसलिए वेटरनरी डॉक्टर जो कह रहे हैं उस ढंग से हम काम में लगे हुए हैं।

कोरोना की तरह हम इस लंपी को सीरियसली ले रहे हैं। जिससे की मौत की नौबत नहीं आए। दवाइयों की कमी नहीं होने दी जाएगी। वैक्सीन मिल नहीं रही है। भारत सरकार के मंत्री परषोत्तम रूपाला से मेरी दिल्ली बात भी हुई है। वो जयपुर आकर भी गए हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया है हम पूरी मदद करेंगे। मैं समझता हूं, हम सब मिलकर जल्द से जल्द इस बीमारी को कंट्रोल करने और खत्म करने के लिए जी जान से कोशिश कर रहे हैं।

गहलोत ने कहा-राजस्थान लंपी से निपटने में पीछे नहीं रहे। प्रदेश के गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, नागौर, पाली, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, जालोर जोधपुर जिले मुख्य रूप से लंपी से प्रभावित हैं। बाकी प्रभावित जिलों में जयपुर, अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, डूंगरपुर, राजसमंद हैं। राजसमंद में लंपी के केस आने और भैंस में लंपी मिलने से सरकार चिंतित है। वीसी बैठक में सरपंचों के साथ ही किसानों-पशुपालकों से आइसोलेशन सेंटर, क्वारंटाइन सेंटर बनाने, जिन जिलों में लंपी नहीं फैली है वहां वैक्सीनेशन की व्यवस्था करने, दवाईयों की पुख्ता व्यवस्था करने, गायों को खुले में नहीं छोड़ने और बांधकर साफ-सफाई के साथ बाड़े में रखने की अपील भी की।

# राजस्थान में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट

## 11 जिलों में होगी बरसात, बांधों से लगातार छोड़ा जा रहा पानी

rजयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में मानसून की मेहरबानी बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में जयपुर के आस-पास के क्षेत्र में 2 से लेकर 5 इंच तक बरसात हुई। सबसे ज्यादा बारिश दूदू के मौजमाबाद एरिया में 5 इंच रिकॉर्ड हुई। राजस्थान और एमपी में हो रही बारिश के चलते कालीसिंध, चंबल नदियों में लगातार पानी आ रहा है। इसके चलते कोटा संभाग में बने बड़े बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल दो दिन 11 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।



मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक पिछले दिनों बंगाल की खाड़ी में बना एक लो प्रेशर सिस्टम डिप्रेशन में बदल गया था। इस सिस्टम का मूवमेंट पश्चिमी भारत की ओर है और ये मध्य प्रदेश में एंट्री कर चुकी है। इस कारण मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में आज कई जगह तेज बरसात हो रही है।

ये सिस्टम धीरे-धीरे अब आगे बढ़कर राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से तक आ गया है। संभावना है कि आज देर शाम तक इस सिस्टम के असर से कोटा, उदयपुर संभाग के झालावाड़, प्रतापगढ़, बारां, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

अगले 24 से 36 घंटे के दौरान दक्षिणी राजस्थान से आगे पश्चिम में पाकिस्तान की तरफ मूव करेगा, जिससे जोधपुर संभाग के बाड़मेर, जालोर, पाली, जोधपुर, जैसलमेर जिलों में मंगलवार को भारी बारिश होने का अनुमान है।

**बांधों से लगातार छोड़ा जा रहा है पानी**

इधर बारां, झालावाड़, कोटा में लगातार हो रही बारिश और एमपी से आ रहे पानी के कारण बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। झालावाड़ के कालीसिंध बांध के 2 गेट से 16 हजार क्यूसेक और कोटा बैराज के 2 गेट से 7334 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इनके अलावा झालावाड़ के भीम सागर के 2 और छापी, राजगढ़ बांध के 1-1 गेट से पानी की निकासी की जा रही है।

**जयपुर में तेज बारिश से टीनशेड गिरा, 5 बकरियां मरी**

पिछले 24 घंटे में जयपुर, बारां, बूंदी, दौसा, भरतपुर, और अलवर जिलों में अच्छी बरसात हुई। सबसे ज्यादा बारिश जयपुर जिले के दूदू में मौजमाबाद एरिया में 124मिमी (5 इंच) और 4 इंच बारिश छापरवाड़ा में रिकॉर्ड हुई। देर रात हुई तेज बारिश के बाद यहां एक मकान की दीवार ढह गई। इसके सहारे लगा टीनशेड भी गिर गया। मलबे के नीचे दबने से 5 बकरियों की मौत हो गई। तेज बारिश के बाद मौजमाबाद का एकमात्र बांध नया सागर पर चादर चलने लगी। इधर, कस्बे के समीप मीरापुरा गांव में एनिकट टूटने के बाद मेरापुरा का तालाब टूटने का संकट गहरा गया है। नरैना, दूदू, जोबनेर में भी अच्छी बरसात हुई।

# गेम खेलते समय मोबाइल फटा, भाई-बहन सहित छह लोग घायल

चूरू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। चूरू में मोबाइल फटने से भाई-बहन सहित छह लोग घायल हो गए। सभी लोग एक मिनी ट्रक में सवार थे। बच्चे मोबाइल गेम खेल रहे थे, तभी मोबाइल फट गया। तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर तीन जनों को हायर सेंटर दिल्ली रेफर किया गया।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार लेकर रक्षाबंधन से पहले दिल्ली से एक परिवार के करीब 30-35 लोगों धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। शनिवार देर शाम ददरेवा में उन्होंने गुरू गोरखनाथ का दर्शन किया। इसके बाद हनुमानगढ़ स्थित गोगामेड़ी में दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान परिवार का एक बच्चा अनिकेत (14) अपने मोबाइल सैमसंग जे-7 पर गेम खेल रहा था। उसी दौरान मोबाइल फट गया। मोबाइल फटने से मिनी ट्रक में रखे गद्दों में आग लग गई। जिससे अनिकेत, भावना, रामावती, सूरज, चिंटू और टोनू झुलस गए।

चालक ने किसी तरह ट्रक को रोककर अन्य लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर तारानगर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने रास्ते से गुजर रहे लोगों की सहायता से घायलों को पहले तो साहवा सीएचसी भिजवाया गया। उसके बाद तीन घायलों के अधिक झुलस जाने के चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चूरू के राजकीय डीबी अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में सभी तीनों झुलसे लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद दिल्ली रैफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर चूरू अस्पताल चौकी पुलिस भी वार्ड में पहुंची। जिसने घटना की जानकारी ली।

# जयपुर में सहेली के बॉयफ्रेंड ने किया नाबालिग से रेप

जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में 17 साल की लड़की से सहेली के बॉयफ्रेंड के रेप करने का मामला सामने आया है। होटल में नशीली पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में नाबालिग से रेप किया। रातभर घर से लापता बेटी को परिजन ढूंढते रहे, वहीं आरोपी उसके साथ दंरिदंगी करता रहा। भट्टाबस्ती थाने में रविवार शाम पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसएचओ हुकम सिंह ने बताया कि भट्टाबस्ती निवासी महिला ने 17 साल की बेटी से रेप का मामला दर्ज करवाया है। कुछ समय पहले उसकी बेटी की सहेली ने उसे बॉयफ्रेंड आकाश नायक से मिलवाया था। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई। 12 अगस्त की शाम करीब 4 बजे आरोपी आकाश ने बेटी को मिलने बुलाया। मिलने जाने पर होटल में नाश्ता करने ले गया। नाश्ते में नशीला पदार्थ मिला उसे खिलाया। नाश्ता करने के बाद ही बेहोशी



छाने लगी। नाबालिग बेटी ने आरोपी आकाश को चक्कर आने की कहा। कुछ देर रेस्ट करने की कहकर आरोपी होटल के रूम में ले गया। कमरे में ले जाकर बेहोशी की हालत में रेप किया। रात करीब 12-1 बजे होश आने पर घर छोड़ने की बोला। बोला चलते है और पीने के लिए कोल्डड्रिंक दी। कोल्डड्रिंक में नशा मिला होने के कारण दोबारा बेहोशी हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने रातभर उसके साथ रेप किया। सुबह होश आने पर रेप का पता चला। विरोध करने पर उसे बेहोशी की हालत में 17 नंबर बस स्टेण्ड के पास लाल बहादुर शास्त्री सामुदायिक केंद्र में छोड़कर चला गया।

# नगरद्वय में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां स्वतंत्र दिवस



सिखवाल प्रगति समाज हैदराबाद द्वारा ऋषि श्रृंग भवन में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेती हुई तेरास युवा नेता कुमारी पूजा व्यास बिलाल, नंदकिशोर व्यास बिलाल, घनश्याम उपाध्याय, मोतीलाल तिवारी, भागीरथ तिवारी, हरिकिशन व्यास, रामदेव नागला, रामदेव व्यास, चंद्रभान व्यास, सुरेश कुमार व्यास, विजयकुमार उपाध्याय व स्वजातीय बंधु।



आजादी के अमृत महोत्सव पर चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लोगों को आजादी की खुशी में शामिल होने का आह्वान करते हुए धर्माराम ढाका। इस अवसर पर छत्तीस कोम द्वारा शिवरामपल्ली, राघवेंद्राकालोनी से लेकर चारमीनार तक बाइक रैली निकाली गई।



आदर्श विद्या समिति, माग्रिया, मल्लेपल्ली द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए एचएमटी शंकर, रमेश, भारत, मुकेश, शेखर, राकेश, राजा व अन्य।



कोटी फिरोज गांधी पार्क में वॉकरों के साथ आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेते हुए ज्ञानवर, सामाजिक कार्यकर्ता एनआर लक्ष्मण राव, महेश, राजू, प्रसाद, किरण, वसंत, भास्कर और अन्य।



स्वतंत्रता दिवस पर आर्य कन्या विद्यालय, सुल्तान बाजार में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं स्वतंत्रता सेनानी रतनलाल जाजू ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित विशेष अतिथि आचार्य कुलदीप व अन्य।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### कर्नाटक में हर ...

भाजपा के प्रदेश महासचिव एन. रवि कुमार ने कहा-नेहरू एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने महात्मा गांधी की बात नहीं मानी, और वह देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार थे, इसलिए हम उनकी तस्वीर नहीं लगाएंगे.' राज्य सरकार के इस विज्ञापन को लेकर अब कर्नाटक कांग्रेस ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस गांधी, नेहरू, पटेल और अन्य नेताओं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को एकजुट करने का प्रयास जारी रखेगी। नफरत की राजनीति हारेगी।

दूसरी तरफ भाजपा ने विभाजन विभीषिता स्मृति दिवस के मौके पर एक का वीडियो जारी किया। वीडियों में भाजपा ने 1947 की घटनाओं से जूड़ी से कहानी पेश की। सात मिनट के वीडियो में देश की बंटवारे के लिए नेहरू को जिम्मेदार ठहराया गया है। भाजपा के मुताबिक बंटवारे के दौरान पाकिस्तान बनाने के पीछे नेहरू का ही हाथ है, क्योंकि मोहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग की पाकिस्तान बनाने की मांग के आगे नेहरू को झुकना पड़ा था।

### 'जय जवान, जय ...

पीएम ने आज लाल किले की प्राचीर से नया नारा दिया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान जोड़ा और अब इसमें जय अनुसंधान जोड़ने का समय आ गया है। अब जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान हो।

मोदी ने कहा कि जब तनाव की बात होती है तो लोगों को योग दिखता है। सामूहिक तनाव की बात होती है तो भारत की पारिवारिक व्यवस्था दिखती है। संयुक्त परिवार की एक पूंजी सदियों से हमारी माताओं के त्याग बलिदान के कारण परिवार नाम की जो व्यवस्था विकसित हुई, ये हमारी विरासत है जिस पर हम गर्व करते हैं।

मोदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। जिनके जेहन में लोकतंत्र होता है वे जब संकल्प करके चल पड़ते हैं। सामर्थ्य दुनिया की बड़ी बड़ी सल्तनतों के लिए भी संकट का काल लेकर आती है ये मदर ऑफ डेमोक्रेसी। हमारे भारत ने सिद्ध कर दिया कि हमारे पास ये अनमोल सामर्थ्य है।

75 साल की यात्रा में आशाएं, अपेक्षाएं, उतार-चढ़ाव सब के बीच हर एक के प्रयास से हम यहां तक पहुंच पाए। आजादी के बाद जन्मा मैं पहला व्यक्ति था जिसे लाल किले से देशवासियों का गौरव गान करने का अवसर मिला।



आज़ादी के अमृत महोत्सव पर आरके पुरम सिकंदराबाद में पूर्व सैनिकों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा स्वतंत्रता दिवस को झंडोत्तोलन के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाया गया। इसमें भाग लेते हुए कालोनी के अध्यक्ष गोपू रमन्नारेड्डी, महासचिव डीके सिंह, पंडित अवधेश मिश्र व अन्य।



स्वतंत्रता दिवस पर गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जश्न मनाया गया। इसमें भाग लेते हुए वरिष्ठ समाजसेवी नंदकिशोर व्यास बिलाल, पूजा व्यास बिलाल, स्कूली बच्चे, अभिभावक व टीआरएस कार्यकर्ता।



पब्लिक गार्डन वॉकर्स एसोसिएशन द्वारा मनाये गये स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष मणिलाल शाह, गोवर्धनलाल, राजेश, कमल, नंदकिशोर, चारुदत्त व अन्य सदस्य।



बोंदिली राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन, तेलंगाना प्रदेश के केन्द्रीय कार्यालय ठाकुर भवन कुतबीगुड़ा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर रामेश्वर सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर कमल सिंह व अन्य।



स्वतंत्रता दिवस पर फीलखाना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अमरसिंह राजपुरोहित, मयुर कालेकर, मो.इमरान, चेतन व अन्य।



श्री राजपुरोहित खेतेश्वर युवा मण्डल के तत्वाधान में आज़ादी का अमृत महोत्सव पर भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें तेरास नेता भभूत सिंह, किशोर सिंह, समाज के अध्यक्ष जोग सिंह, विजय सिंह, युवा अध्यक्ष अशोक कुमार, महेंद्र सिंह, बाबू सिंह और समाज के सभी बंधुओ ने भाग लिया।



उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा शारदा नगर कॉलोनी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए संघ के अध्यक्ष एन.के सिंह, चेयरमैन नंदकिशोर सिंह, अमरजीत सिंह, श्रीनिवास, रंजीता सिंह, पी. सुरेश, राजेंद्र तिवारी, सूर्यांश, निखिल व अन्य।



मित्र युवा संघ, छतरीनाका द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में समिति महासचिव और युवा कांग्रेस नेता एसपी क्रांति कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित हैं समिति के सदस्य बी.नितिन कुमार, वेंकटेश चारी, साई कुमार और स्थानीय युवा।



क्षत्रिय राजपूत ट्रस्ट बोर्ड, अम्बरपेट में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए बोर्ड के चैयरमैन ठाकुर नरेंद्र सिंह बिसेन, ट्रस्ट के मंत्री ठाकुर रघुनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, ट्रस्टी गोपाल सिंह, के. राजेश सिंह, रघुनंदन सिंह और रामेश्वर सिंह बैस, कुंदन सिंह चौहान, कमल सिंह, रंजीत सिंह, मनोज सिंह, हंसराज सिंह व अन्य।




जन सेवा संघ द्वारा संघ के केंद्रीय कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए संघ के अध्यक्ष एलएम चौधरी, महासचिव केडी चौबे, कोषाध्यक्ष एके मिश्रा, राजेश चौबे, कपिराज सिंह, पीपी पांडेय, आर पी सिंह, सीताराम ठाकुर, नारायण ओझा, हरेन्दर चौबे, सुनिल श्रीवास्तव, मदनलाल रावल व अन्य।



भारतीय युवा सेना द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेते हुए यश जोशी (अध्यक्ष), अतिथि तिरुवेंगला लक्ष्मी वेणुगोपाली, एम. सुरेश व अन्य।



लक्सर अपार्टमेन्ट, कोंडापुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेते हुए सोसायटी के अध्यक्ष बसंत साई, मुरलीधर राजू, दीपक, फाउंडेशन के संथापक सुनील कुमार व अन्य।




एनटीपीसी-एसआरएचक्यू में देशभक्ति के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेश आनंद, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (दक्षिण), एनटीपीसी ने तिरंगा फहराया। उन्होंने हाल ही में आयोजित बिजली महोत्सव और एनटीपीसी के बिजली क्षेत्र में प्रगति को प्रदर्शित करने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

# जिम्बाब्वे पहुंचने के बाद तैयारी में जुटी टीम इंडिया

## लक्ष्मण की देखरेख में टीम इंडिया ने की ट्रेनिंग
## 18 अगस्त को खेलना है पहला वनडे



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर पहुंचने के एक दिन बाद ही कोच वीवीएस लक्ष्मण की देखरेख में अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों की ट्रेनिंग की फोटो पोस्ट की है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच गुरुवार, 18 अगस्त को खेला जाना है। इसके बाद अगले दो मुकाबले 20 और 22 अगस्त को होंगे। वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले हरारे स्पोटर्स क्लब में खेले जाएंगे।

**सीनियर्स खिलाड़ियों को दिया गया है आराम**

जिम्बाब्वे दौरे पर नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभपंत, हार्दिक पंड्या सहित सीनियर्स खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। नियमित कोच राहुल द्रविड़ को भी आराम दिया गया है। उनकी जगह वीवीएस लक्ष्मण को बतौर कोच भेजा गया है। द्रविड़ 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप 2022 के लिए खिलाड़ियों के साथ यूएई जाएंगे।

### टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस



**केएल राहुल हैं टीम के कप्तान**

इस सीरीज के लिए टीम की कप्तानी केएल राहुल को सौंपी गई है। राहुल का चयन पहले नहीं हुआ था। फिट होने के बाद उनकी वापसी हुई है। धवन पहले कप्तान बनाए थे। अब वह उपकप्तान होंगे। ऐसे में राहुल के पास एशिया कप से पहले अपने को तैयार करने का आखिरी मौका है। वहीं टीम के साथ वीवीएस लक्ष्मण बतौर कोच गए हैं, क्योंकि टीम के नियमित कोच राहुल द्रविड़ को इस हफ्ते एशिया कप के लिए यूएई जाना है, ऐसे में उन्हें आराम दिया गया है।

**दीपक हुड्डा और केएल राहुल पर होगी नजरें**

एशिया कप यूएई में 27 अगस्त से शुरू होना है। जिम्बाब्वे दौरे में शामिल केएल राहुल और दीपक हुड्डा को ही एशिया कप के लिए टीम में जगह मिली है। ऐसे में दीपक और राहुल के परफॉर्मेंस पर नजर होगी। दोनों खिलाड़ी जिम्बाब्वे दौरे के खत्म होने के बाद सीधे यूएई के लिए रवाना होंगे।

# नेशनल बैंक ओपन

## पेगुला को हराकर सिमोना फाइनल में
## अब ब्राजील की बिट्रिज से होगा मुकाबला



टोरंटो, 15 अगस्त (एजेंसियां)। दो बार की चैंपियन सिमोना हालेप ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर नेशनल बैंक टेनिस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना ब्राजील की बिट्रिज हदाद माइया से होगा। रोमानिया की हालेप ने सेमीफाइनल में पेगुला को 2-6 6-3 6-4 से शिकस्त दी। वहीं हदाद माइया ने दूसरे सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा पर 6-4, 7-6 से जीत हासिल की। पंद्रहवीं वरीयता प्राप्त हालेप ने 2016 और 2018 में मांट्रियल में टूर्नामेंट जीता था।

हालेप को इस टूर्नामेंट में 15वीं सीड दी गई थी, जबकि पेगुला सातवीं सीड थीं। इस जीत के बाद हालेप ने कहा आग वापस आ गई है, अगर मैं ऐसा करती हूं तो यह एक अच्छा संकेत है। ऐसा लगता है कि मैं लड़ रही हूं। यह कभी-कभी मेरी मदद करता है। मुझे नहीं पता कि यह हमेशा अच्छा होता है या नहीं, लेकिन इससे मुझे मदद मिलती है।

हदद मैया जून में अपने पहले डब्ल्यूटीए मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंची थीं और राउंड ऑफ 16 में इगा स्विएटेक को हराया था। उन्होंने नॉटिंघम और बर्मिंघम में लगातार ग्रास-कोर्ट इवेंट जीतकर अपने पहले दो टूर खिताब जीते थे।

उन्होंने कहा मैं बस थोड़ा और सांस लेने की कोशिश करती हूं। मैं शांत होने की कोशिश करती हूं और सोचती हूं कि मुझे क्या करना है और मैं क्या अनुभव नहीं कर रही हूं। मैं हर समय पर खेलने की कोशिश करती हूं और अगले शॉट के बारे में सोचती हूं। मैं इस बारे में नहीं सोचती कि मैं यहां दुनिया में नंबर एक के खिलाफ 1000 डब्ल्यूटीए में एक बड़े मंच पर खेल रही हूं, अन्यथा, मैं नहीं खेल पाऊंगी।

हालेप ने अपनी वापसी पर कहा पैट्रिक ने उनके अंदर की आग वापस लाई है। हालेप ने मौरतोग्लू की ओर इशारा करते हुए कहा। अकादमी के वाइब ने मुझे ऊर्जा दी। उन सभी बच्चों को अपने सपने को छूने के लिए हर दिन लड़ते हुए देखना। मुझे लगा कि मैं अब भी यह कर सकती हूं।

# भारतीय फुटबॉल चुनाव

## फुटबॉल संघ के चुनाव में पूर्व खिलाड़ी होंगे निर्णायक, 67 में से खिलाड़ियों के 36 वोट



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव में पूर्व खिलाड़ी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तैयार की गई 67 सदस्यों की मतदाता सूची में 36 पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें 24 पुरुष और 12 महिलाएं हैं।

इनमें 1970 और 80 के दशक के पूर्व कप्तान शब्बीर अली और मनोरंजन भट्टाचार्य के नाम भी हैं। अन्य खिलाड़ियों में बाइचुंग भूटिया, आईएम विजयन, मौरिसिओ अल्फोंसो, क्लाइमैक्स लॉरेंस, प्रसून बनर्जी, बिस्वजीत भट्टाचार्य, ब्रूनो कॉटिन्हो, ओइनाम बेमबेम देवी के नाम प्रमुख है।

बेमबेम देवी भारत की अकेली महिला फुटबॉलर हैं, जिन्हें पद्मश्री अवॉर्ड मिला है। नियमानुसार प्रतिष्ठित खिलाड़ी को भारत के लिए दो मैच खेलना और चुनाव की तारीख से दो साल पहले संन्यास लेना अनिवार्य है। 17 से 19 अगस्त के बीच नामांकन पत्र जमा होंगे।

# शोएब अख्तर का सचिन तेंदुलकर को लेकर खुलासा

## मुझे नहीं पता था सचिन तेंदुलकर कौन हैं
## मैं अपनी दुनिया में खोया था, सामने नहीं देखता था कि कौन-सा बल्लेबाज खड़ा है



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। 27 अगस्त से एशिया कप शुरू होने जा रहा है। इसे भारत-पाकिस्तान जंग के साथ-साथ तेंदुलकर-अख्तर राइवलरी के तौर पर भी देखा जाता था। जो अब बाबर-कोहली में बदल गई है।

एशिया कप से ठीक पहले दुनिया के सबसे तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि करियर के शुरुआती दिनों में मुझे नहीं पता था कि सचिन तेंदुलकर कौन है...?

शोएब ने कहा- तब मुझे वास्तव में क्रिकेट में तेंदुलकर के कद के बारे में नहीं पता था। मुझे सकलैन मुश्ताक ने बताया था कि सचिन बहुत बड़ा बल्लेबाज है।

47 साल के इस पूर्व पेसर ने एक TV शो में कहा कि तब मैं अपनी दुनिया में खोया रहता था। मुझे मैच के पहले तक पता नहीं होता था कि सामने कौन है। सच कहूं तो मैं सामने नहीं देखता था कि कौन सा बल्लेबाज खड़ा है। मुझे सिर्फ इतना पता था कि मैं क्या करूंगा और बल्लेबाज क्या सोच रहा है। मैंने हमेशा तेज गेंदबाजी करने और अपने देश के लिए मैच जीतने के बारे में सोचा।

अख्तर ने कहा कि आपके और हमारे तेज गेंदबाजों में बड़ा अंतर यह था कि हम तेज गेंदबाजी करने के बहाने ढूंढते थे। जब मुझे लगता था कि गेंद रिवर्स स्विंग कर रही है, तो मैंने सोचा, अगर मुझे यहां स्पेल मिला तो मैं बल्लेबाजों को आउट कर दूंगा। मैं वहां पांच विकेट लूंगा और पाकिस्तान के लिए मैच जीतूंगा। आप मैच विनर बने बिना स्टार नहीं बन सकते। हम देश के लिए मैच जीतते थे।




**28 अगस्त को होगा भारत-पाक मैच**

एशिया कप में 28 अगस्त को भारत-पाकिस्तान महामुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें करीब 11 महीने बाद आमने-सामने होंगी। इससे पहले भारत-पाक पिछले साल टी-20 विश्व कप मैच के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी, जहां बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।

**15 साल से नहीं हुई द्विपक्षीय सीरीज**

भारत-पाक के बीच राजनीतिक तनाव के चलते करीब 15 साल से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है। अब दोनों टीमें आईसीसी और एशियाई टूर्नामेंट में ही एक-दूसरे से खेलते हैं।

# विराट कोहली और बाबर आजम के क्लब में शामिल हुए चेतेश्वर पुजारा

## इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रचा



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के स्टार टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने ससेक्स के लिए अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को जारी रखा। उन्होंने रॉयल लंदन वन-डे कप में सरे के खिलाफ मैच में एक और शतक बनाया। चेतेश्वर पुजारा ने सिर्फ 131 गेंदों में 174 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली। इसमें 20 चौके और 5 छक्के शामिल थे।

चेतेश्वर पुजारा का प्रतियोगिता में यह 3 दिन में दूसरा शतक है। यह होव में खेले गए लिस्ट ए मुकाबलों में बनाया गया उच्चतम स्कोर है। उन्होंने डेविड विसे का रिकॉर्ड तोड़ा। विसे ने 2019 में हैम्पशायर के खिलाफ 171 रन की पारी खेली थी। यह चेतेश्वर पुजारा का भी लिस्ट ए में उच्चतम स्कोर है। यही नहीं, इस पारी के बाद चेतेश्वर पुजारा विराट कोहली और बाबर आजम के क्लब में शामिल हो गए। उनका लिस्ट ए मुकाबलों में औसत 55 से ऊपर का हो गया है।

लिस्ट ए मुकाबलों में उनसे ज्यादा औसत सिर्फ तीन बल्लेबाजों (माइकल बेवन, विराट कोहली और बाबर आजम) का ही है। बता दें कि इस रिकॉर्ड में वे बल्लेबाज ही शामिल हैं, जिन्होंने 100 या उससे ज्यादा लिस्ट ए पारियां खेली हैं। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के माइकल बेवन पहले नंबर पर हैं।

माइकल बेवन ने अपने करियर के दौरान 385 लिस्ट ए पारियों में 57.86 के औसत से 15103 रन बनाए थे। विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने 286 पारियों में 56.50 के औसत से 13786 रन बनाए हैं। बाबर आजम ने अब तक 150 लिस्ट ए पारियों में 56.16 के औसत से 7358 रन बनाए हैं। वहीं, चेतेश्वर पुजारा के 106 लिस्ट ए पारियों में अब 55.95 के औसत से 4812 रन हो गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा रॉयल लंदन वन-डे कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके 5 मैच में 91.75 के औसत से 367 रन हो गए हैं। इसमें उनके दो शतक शामिल हैं। वह अब तक 33 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं।

भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा जब क्रीज पर आए थे, तब ससेक्स ने महज 9 रन पर दो विकेट खो दिए थे। इसके बाद पुजारा ने टॉम क्लार्क के साथ मिलकर स्कोर को 214 रन तक ले गए। क्लार्क के आउट होने के बाद पुजारा ने मोर्चा संभाला और पॉवरहिटिंग का प्रदर्शन किया। चेतेश्वर पुजारा 48वें ओवर में पवेलियन लौटे।

# सुनील छेत्री ने खिलाड़ियों से कहा-

## फीफा की धमकियों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं



बेंगलुरु, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय फुटबॉल कप्तान और अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को अपने साथी खिलाड़ियों से कहा, फीफा की भारतीय फुटबॉल को निलंबित या प्रतिबंधित करने की धमकियों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा, आप मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दें।

इस महीने की शुरुआत में विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित करने और अक्तूबर में होने वाले महिला अंडर-17 विश्वकप की मेजबानी के अपने अधिकार छीनने की धमकी दी थी। यह चेतावनी एआईएफएफ के चुनाव कराने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के कुछ ही दिनों बाद मिली। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 28 अगस्त को चुनाव होने हैं।

छेत्री ने मीडिया से वर्चुअल बात करते हुए कहा, उन्होंने अपने साथियों से बात की है। उनसे कहा, आपको इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह हमारे नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने कहा, जो लोग इसमें शामिल हैं, वे चीजों को ठीक करने में लगे हैं। एक खिलाड़ी के रूप में हमें सुनिश्चित करना है कि अपना काम ठीक से करें। छेत्री ने खिलाड़ियों से कहा, आपको जब भी क्लब या देश के लिए प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले तो अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

अंडर-17 महिला फुटबॉल विश्वकप 11 से 30 अक्तूबर तक भुवनेश्वर, गोवा और मुंबई में आयोजित होगा। इसकी सफल मेजबानी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जवाबदेही पत्र पर हस्ताक्षर कर मंजूरी दे दी है।

**आज से शुरू होगा डूरंड कप**

डूरंड कप कोलकाता में 16 अगस्त से शुरू होगा। बंगलूरू एफसी की टीम दूसरे दिन जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी। टूर्नामेंट में 11 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब हिस्सा लेंगे।

# रोमेलू लुकाकू के गोल से इंटर मिलान की लीस को हराया, इटैलियन लीग में की जीत से शुरुआत



लीस, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रोमेलू लोकाकू को वापसी में आकर गोल करने में महज 82 सेकंड लगे जिससे इंटर मिलान ने शनिवार को सीरी ए फुटबॉल मैच में लीस पर 2-1 से जीत हासिल की। बेल्जियम के स्ट्राइकर लोकाकू के दूसरे मिनट में किए गए गोल से इंटर मिलान 1-0 से बढ़त बनाए था। इंटर मिलान ने चेल्सी से उधार पर फिर से लुकाकू को जोड़ा है।

दूसरे हाफ में लीस ने असान सीसे के 48वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। फिर डेंजेल डमफ्राइज के 90+5 वें मिनट में किए गए गोल ने सुनिश्चित किया कि इंटर मिलान लीग में जीत से शुरुआत कर सके। एसी मिलान ने भी जीत से शुरुआत की, उसने उडीनेस पर 4-2 से जीत हासिल की।

# पेरिस सेंट जर्मेन की जीत में नेमार के दो गोल
## मोंटपेलियर को 5-2 से हराया, मेसी नहीं कर सके गोल



पेरिस, 15 अगस्त (एजेंसियां)। नेमार और स्ट्राइकरों के शानदार प्रदर्शन से पेरिस सेंट जर्मेन क्लब ने फ्रेंच लीग फुटबॉल मैच में मोंटपेलियर पर 5-2 से जीत हासिल की। वहीं, ग्रोइन चोट से वापसी कर रहे किलियन एम्बापे ने गोल कर खाता खोला लेकिन पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। नेमार ने शनिवार को दो गोल दागे जिससे उनके दो लीग मैचों में तीन गोल हो गए हैं। लियोनल मेसी मुकाबले में कोई गोल नहीं कर सके। सेंटरबैक फालाये साको ने एम्बापे के शॉट की दिशा बदलने का प्रयास किया लेकिन 39वें मिनट में वह आत्मघाती गोल कर बैठे और पीएसजी का खाता खुल गया। नेमार ने 43वें मिनट में पेनल्टी से गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया और फिर उन्होंने इसके बाद 51वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाना चोटिल संकेत सरगर का हाल, रिकवरी के लिए जाएंगे अमेरिका



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बर्मिंघम में वजन उठाने के दौरान बुरी तरह चोटिल हो गए भारोत्तोलक संकेत सर्गर के आश्चर्य की उस वक्त कोई सीमा नहीं रही, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके पास आकर उनकी चोट का हाल लिया। संकेत कहते हैं कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि पीएम ने जब उनसे कहा कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। वह अधिकारियों को आदेश देंगे कि तब तक उनका ख्याल रखा जाए, जब तक वह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संकेत अभी पीएम आवास से बाहर आए ही थे कि उन्हें साई से सूचना मिली की वह अपनी कोहनी की रिकवरी के लिए अमेरिका जा रहे हैं, जहां उनका इलाज डॉ. आरोन हार्शिंग करेंगे, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक से पहले मीराबाई चानू को ठीक किया था।

संकेत के मुताबिक पीएम ने उनसे पूछा कि सर्जरी के बाद उन्हें और क्या परेशानियां आ रही हैं। संकेत कहते हैं कि उन्हें पीएम की सबसे अच्छी बात यह लगी, जब उन्होंने उनसे कहा कि जब तक वह पूरी ठीक नहीं हो जाते हैं तब तक खेल को शुरू नहीं करें। पूरी तरह रिकवरी होने के बाद ही खेल आरंभ करें। वह हैरान थे कि प्रधानमंत्री होकर भी वह उनकी छोटी से छोटी बात का ख्याल रख रहे थे।

संकेत का बीते सप्ताह ही जाने माने कोहनी चोट विशेषज्ञ डॉ. अली नूरानी ने ऑपरेशन किया। साई ने 30 लाख रुपये उनके ऑपरेशन के लिए आनन-फानन में जारी किए थे। वह लंदन में उनके अस्पताल में तीन दिन दाखिल रहे। रविवार को मुंबई में डॉ. अली ने मुंबई के एक अस्पताल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उनके टांके खुलवाए। उनकी रिकवरी पूरी तरह ठीक हो।

# राज्यों को कमजोर करने की साजिश रच रही है केंद्र सरकार : केसीआर

## सीएम ने गोलकोंडा किले में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने आज आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार राज्यों को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने राज्यों को आर्थिक रूप से कमजोर करने और देश के नागरिकों पर अंधाधुंध कर लगाने के लिए केंद्र की कड़ी आलोचना की। उन्होंने लोगों से सतर्क रहते हुए धार्मिक घृणा और सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने वाली विघटनकारी ताकतों के प्रयासों को विफल करने का आग्रह किया। सोमवार को गोलकोंडा किले में 75 वें भारतीय स्वतंत्रता समारोह के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान के निर्माताओं ने केंद्र और राज्यों दोनों को समान महत्व देते हुए संघीय ढांचे की स्थापना की। लेकिन केंद्र सरकार संघीय भावना को बर्बाद कर रही थी और शक्तियों को केंद्रीकृत करने की कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार राज्यों से परामर्श किए बिना समवर्ती सूची में विषयों पर निर्णय लेकर संविधान का मजाक उड़ा रही है। इसके बाद राज्यों पर इसे लागू करने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि केंद्र हाल ही में किसान विरोधी कानूनों को लागू करना चाहता था, लेकिन देश के किसानों ने प्रधानमंत्री को खुद सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर करने के लिए आंदोलन किया। चंद्रशेखर राव ने केंद्र द्वारा राज्यों को एकत्र किए गए करों के 41 प्रतिशत का उचित हिस्सा देने से इनकार करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उपकर और अप्रत्यक्ष कराधान के अन्य रूपों के कारण, केंद्र 2022-23 में अपने राजस्व का लगभग 11.4 प्रतिशत राज्यों को देने से इनकार कर रहा है जो कि घोर अन्याय है। राज्यों की आर्थिक स्वतंत्रता पर मनमाने ढंग से विभिन्न प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। केंद्र राजकोषीय उत्तरदायित्व



और बजट प्रबंधन सीमा के तहत राज्यों द्वारा लिए गए ऋणों में भी कटौती कर रहा है। राज्य के कर्ज के आरोपों को खारिज करते हुए, मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, राज्य गठन के बाद अविभाजित आंध्र प्रदेश से विरासत में मिले वर्ष 2014 में 75,577 करोड़ रुपये के ऋण के मुकाबले वर्ष 2019-20 के लिए तेलंगाना का कुल कर्ज 2.25 लाख करोड़ रुपये है। इस प्रकार,राज्य सरकार का कर्ज 1, 49, 873 करोड़ रुपये था, जिसे परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पूंजी निवेश के रूप में खर्च किया गया था। इसके अलावा, तेलंगाना ऋण-जीएसडीपी अनुपात के मामले में 28 राज्यों में 23 वें स्थान पर है। तेलंगाना का ऋण-जीएसडीपी अनुपात 23.5 प्रतिशत है और राज्य की उधारी एफआरबीएम सीमा के भीतर है। हालांकि, देश का कर्ज-जीडीपी अनुपात 50.5 फीसदी है। लेकिन कुछ लोग दुर्भावनापूर्ण इरादे से गलत सूचना फैला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा दूध से लेकर श्मशान सेवाओं तक अंधाधुंध टैक्स लगाने और गरीबों के साथ-साथ मध्यम वर्ग पर बोझ डालने पर चिंता जताई। उन्होंने केंद्र सरकार पर जनकल्याण की अपनी जिम्मेदारी से भागने और अपने वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को 'मुफ्त' के रूप में चित्रित करके उनका अपमान करने वाले केंद्र की कड़ी निंदा की। केंद्र सरकार के अक्षम प्रबंधन के कारण देश का आर्थिक विकास अवरुद्ध हो गया है। लेकिन जो लोग केंद्र में सत्ता में हैं, वे लोगों को नफरत की राजनीति से बांटकर अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। चंद्रशेखर राव ने याद किया कि देश के संस्थापकों के प्रयासों के कारण, भारतीय समाज में एक आपसी विश्वास और एकता की भावना विकसित हुई, जो विभिन्न धर्मों, क्षेत्रों, भाषाओं और संस्कृतियों के साथ जीवंत थी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को तोड़ने के लिए फासीवादी हमले कर रहे हैं, जिसे भारत पीढ़ियों से कायम कर रहा है। भारत को विविधता में एकता के देश के रूप में विश्व स्तर पर प्रशंसित किया जाता है, लेकिन विघटनकारी ताकतें धार्मिक घृणा को भड़काने और शांति और सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं जो देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही थी। बुद्धिजीवियों, युवाओं और छात्रों सहित प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना चाहिए और इन बुरी ताकतों की साजिशों को विफल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना प्रगतिशील प्रगति कर रहा है और राज्य सरकार समावेशी विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को महत्व दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की गंगा जमुना तहजीब की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है जिसकी महात्मा गांधी ने सराहना की थी।



# ओवैसी भाइयों ने फहराया तिरंगा





हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी ने देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुराने शहर हैदराबाद में तिरंगा फहराया। हर साल की तरह असदुद्दीन ओवैसी ने ऐतिहासिक चारमीनार के पास मदीना सर्कल पर तिरंगा फहराया। हैदराबाद के सांसद के साथ पार्टी के स्थानीय नेता और व्यापारी भी थे। असदुद्दीन ने स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी लेकिन उन्होंने एक ऐसे भारत के लिए भी लड़ाई लड़ी जो भूख, शोषण और अत्याचार से मुक्त था। हमें उनके संघर्ष को आगे बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना राज्य विधानसभा में एआईएमआईएम के फ्लोर लीडर अकबरुद्दीन ओवैसी ने फातिमा ओवैसी केजी से बंडलागुडा में पीजी एजुकेशनल कैंपस में तिरंगा फहराया। समारोह में चंद्रयानगुट्टा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के साथ छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। एआईएमआईएम मुख्यालय दारुस्सलाम में स्वतंत्रता दिवस समारोह भी आयोजित किया गया। पार्टी के संयुक्त सचिव एसए हुसैन अनवर ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



**मेडचल मलकाजगिरी जिले में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान श्रममंत्री मल्ला रेड्डी ने झंडा फहराया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, सर्वोत्तम सेवाओं वाले सरकारी सेवकों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सीपी रचकोंडा महेश भागवत , कलेक्टर डी हरीश, डीसीपी रक्षिता, एसीपी रश्मि पेरुमल आदि ने भाग लिया**

# एनएमडीसी ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न खनन कंपनी एनएमडीसी ने हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय और इसके सभी परियोजना स्थलों पर 76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर भारतीय स्वतंत्रता के 75 शानदार वर्षों को बड़े उत्साह के साथ मनाया। एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब ने प्रधान कार्यालय के वरिष्ठतम कर्मचारी ए. शंकरैया के साथ एनएमडीसी के कार्यात्मक निदेशकों, अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त) सोमनाथ नंदी, निदेशक (तकनीकी), दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), बी विश्वनाथ, आईआरएसएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति में हैदराबाद में एनएमडीसी कॉर्पोरेट कार्यालय में तिरंगा फहराया।

इस अवसर पर एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब ने कहा कि राष्ट्र के आर्थिक विकास में पीएसयू की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है और एनएमडीसी ने देश की बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद को लगातार समर्पित किया है।

एनएमडीसी ने अपने 64वें स्थापना दिवस पर मेगा शतरंज टूर्नामेंट और आजादी का अमृत महोत्सव आइकॉनिक वीक के दौरान स्कूली छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया था।



**साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। साइबराबाद प्रशासन डीसीपी श्रीमती इंदिरा ने स्वतंत्रता सेनानियों की याद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने सभी कर्मचारियों और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीसीपी अपराध कविता, एडीसीपी रियाज, एडीसीपी वेंकट रेड्डी, एसीपी, अनुभाग कर्मचारी, निरीक्षक, आरआई आदि उपस्थित रहे।**

# हैदराबाद मूल के भारतीयों ने अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय ध्वज की तस्वीर साझा की

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मूल के भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री राजा चारी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की एक तस्वीर पोस्ट कर देश के लोगों का अभिवादन किया। वह हाल ही में आईएसएस में छह महीने के मिशन के बाद स्वदेश लौटे है। उन्होंने एक ट्रिवट में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर मुझे भारतीय प्रवासी की याद आ रही है कि मैं स्पेश स्टेशन से देख सकता था जहाँ मेरे अप्रवासी पिता का गृहनगर हैदराबाद चमक रहा था। नासा सिर्फ 1 स्थान है जहां भारतीय अमेरिकी हर दिन फर्क करते हैं। चारी एक स्पेसएक्स अंतरिक्ष यान में सवार चार अंतरिक्ष यात्रियों में से थे, जो मई में मैक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित रूप से गिर गए थे। उनका जन्म मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन में हुआ था। उनके पिता, श्रीनिवास वी चारी, इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने और अपने लिए एक सफल करियर बनाने के लिए कम उम्र में हैदराबाद से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

रामदेव ज्योतिष

मो. 8801305757

जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।

विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी

घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।

माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।

बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-

काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

# दक्षिण मध्य रेलवे ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने सोमवार को भारत का 76 वां स्वतंत्रता दिवस भव्य पैमाने पर मनाया। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सिकंदराबाद के रेलवे स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। समारोह में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, अरुण कुमार जैन ने "आजादी का अमृत महोत्सव" समारोह के हिस्से के रूप में दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान क्षेत्र द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एससीआर का सकल मूल राजस्व अप्रैल-जुलाई 2022 के दौरान 5909 करोड़, पिछले वर्ष की उपलब्धि को 43 प्रतिशत से अधिक है। ज़ोन ने अप्रैल-जुलाई 2022 के दौरान 43.5 मिलियन टन की प्रारंभिक माल ढुलाई दर्ज की है, जिससे माल ढुलाई राजस्व में 4048 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।



सुरक्षा पहलू पर जोर देते हुए, अरुण कुमार जैन ने कहा कि कवच-आईआर की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली - को एससीआर रेल नेटवर्क के 1,455 किलोमीटर तक बढ़ा दिया गया है। "मशीन-आधारित ट्रैक रखरखाव करने में दक्षिण मध्य रेलवे भी भारतीय रेलवे का नेतृत्व करना जारी रखता है। अप्रैल-जुलाई 2022 के दौरान, हमारे ट्रैक की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, 5200 किलोमीटर और 1%89 बिंदुओं पर रखरखाव कार्य किए गए। 19 मानवयुक्त समपारों को भी समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक अनुबंधों के लिए हाल ही में शुरू की गई ई-नीलामी सुविधा को भारी प्रतिक्रिया मिली है और पूरे क्षेत्र में 77 करोड़ रुपये के 54 अनुबंध प्रदान किए गए है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि एससीआर कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।



**सिकंदराबाद स्टेशन परिसर में जीआरपी सिकंदराबाद द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।**

# एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय कोटि में मना स्वतंत्रता दिवस

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय कोटि ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर सीजीएम अमित झिंगरान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

झिंगरान ने कहा कि हम आज स्वतंत्रता के 75 गौरवशाली वर्षों के मील के पत्थर पर पहुंच गए हैं और यह उन स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का उपयुक्त अवसर है, जिन्होंने अपनी जान गंवाई या हमारी आजादी के लिए बहुत कठिन जीवन जीया। ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि और श्रद्धांजलि देने का समय आ गया है। हम भाग्यशाली हैं कि हम स्वतंत्र भारत में पैदा हुए हैं और केवल उन माता-पिता या दादा-दादी से स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां सुनते हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम देखा है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के किस्से सुनाने चाहिए और उन्हें उन बलिदानों से अवगत कराना चाहिए जो हमारे पूर्वजों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वतंत्रता सुरक्षित करने के लिए किए हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के वास्तविक मूल्य की सराहना करने और इसे सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी। हमारे प्रधानमंत्री



ने 14 अगस्त को हर साल विभाजन की भयावहता को याद करने के दिन के रूप में मनाने की घोषणा की है। पूरे भारत में कई जगहों पर प्रदर्शनी लगाई गई है, ताकि आज की पीढ़ी को 1947 के दौरान भारत द्वारा झेली गई भयावहता के बारे में बताया जा सके। एसबीआई हैदराबाद सर्कल ने तेलंगाना में हैदराबाद मुख्य शाखा सहित 19 केंद्रों पर भी इस तरह की प्रदर्शनी लगाई है। उन्होंने कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे वहां जाएं और कल्पना करें कि विभाजन के दौरान भारतीयों को कितना दर्द हुआ था। झिंगरान ने महात्मा गांधी के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि एक ग्राहक हमारे व्यवसाय में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। उन्होंने एसबीआई के प्रत्येक कर्मचारी से अपने सभी ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू शर्मा, (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू-1), देबाशीष मित्रा, (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू 2), के. फणेंद्र नाथ, (महाप्रबंधक, सीसीजीआरओ हैदराबाद), उप महाप्रबंधक और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी उपस्थित थे।

# ईसीआईएल में मना स्वतंत्रता दिवस समारोह



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने कारखाना परिसर में स्वतंत्रता का 76वां वर्ष मनाया। ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रियर एडमिरल संजय चौबे (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सीआईएसएफ दल द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। सी एंड एमडी ने साझा किया कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने खाद्य आपूर्ति, आंतरिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल की है, लेकिन फिर भी हमें रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में स्वतंत्र होने की आवश्यकता है। ईसीआईएल सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी होने के नाते आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए नई तकनीक और उत्पाद लाने में योगदान दे रही है। ईसीआईएल ने "आत्मनिर्भर भारत" में योगदान करने के लिए कई पहल की हैं। इस दिशा में सभी कर्मचारियों को निर्णायक और आगे हासिल करना है और भारत को प्रौद्योगिकी में नंबर 1 स्थान पर लाना है, विशेष रूप से सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में सी एंड एमडी ने व्यक्त किया कि ईसीआईएल के कर्मचारियों में प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में योगदान करने के लिए पूर्ण समर्पण और उत्साह है। निदेशक (तकनीकी) डॉ. अनेश कुमार शर्मा ने साझा किया कि हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें हमारी प्रतिबद्धता और काम के प्रति समर्पण से हमेशा दूर किया जा सकता है। उन्होंने सभी से यह भी अनुरोध किया कि हम वर्ष के लिए एक मील के पत्थर परियोजनाओं या असाइनमेंट की पहचान करें और कंपनी और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। समारोह में कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वाई. राजा करुणानिधि, सचिव, ईसीओए और आर. जोशी कुमार, महासचिव, एस एंड डब्ल्यूयू ने भाग लिया।

इंडियनऑयल

IndianOil

CIN : L23201MH1959GOI011388

दक्षिण पूर्वी क्षेत्र पाइपलाइन्स

निविदाएं आमंत्रण सूचना

एनआईटी सं. एसईआरपीएल/सीजीडी/जीएनटी/जीईएन/2022-23/02- "कर्नूल में "नगर गैस वितरण कार्यालय" की स्थापना के लिए व्यावसायिक भवन किराए पर लेना"

डाउनलोड और बोली प्रस्तुति करने की अवधि: 16.08.2022 से 29.08.2022, संपर्क व्यक्ति: प्रबंधक (सीजीडी), मोबा: 9445141444, ई-मेल: mchaitnyakumar@indianoil.in

अधिक विवरण के लिए पधारें: https://iocletenders.nic.in/

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.